पारा आपडेट
मैक्सिमम 28.00 | मिनीमम 17.00
सूर्यास्त (आज) 17.08
सूर्योदय (कल) 05.55
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 78,782.24 ● निफ्टी 23,995.35 ● डॉलर 84.11 ₹ ● सोना 79,170 ₹ ● चांदी 1,06,000 ₹
पेज 06 डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य
पेज 08 खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत 2082

पेज 12


RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, मंगलवार 05 नवंबर 2024 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 123 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### बांग्लादेशी घुसपैठ : हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची झारखंड सरकार

नई दिल्ली। झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ की जांच को लेकर झारखंड हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। झारखंड सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाई कोर्ट को हस्तक्षेप करने की क्या जरूरत थी, क्योंकि राज्य.सरकार के पास कानून के तहत स्वतंत्र शक्तियां हैं। मामले की अगली सुनवाई 8 नवंबर को होगी। सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। झारखंड सरकार की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ को लेकर हर दिन भाषण दिए जा रहे हैं। कम से कम आंकड़ा दिया जाए। दरअसल, राज्य सरकार ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाने के हाई कोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट मे चुनौती दी है।

### नीट परीक्षा में जीव विज्ञान के दो सवालों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्नपत्र में दो प्रश्न गलत होने का आरोप लगाते हुए दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो गई है, ऐसे में अब कोर्ट कैसे दखल दे सकता है। याचिकाकर्ता लड़की ने नीट परीक्षा में जीव विज्ञान के दो सवालों को लेकर याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि जीव विज्ञान के दोनों प्रश्न गलत थे। याचिकाकर्ता ने कोर्ट में एनसीईआरटी की दो पुस्तकें भी दाखिल की थीं लेकिन कोर्ट ने कहा कि हम इस चरण में कैसे हस्तक्षेप कर सकते हैं। दाखिले हो चुके हैं। हम नवंबर में हैं। अब कुछ नहीं कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने इसी मामले को लेकर अगस्त महीने में दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की थी।

### राहुल गांधी आज संसदीय क्षेत्र रायबरेली का करेंगे दौरा

**रायबरेली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली का दौरा करेंगे। वे यहां जिला अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा वे कई अन्य कार्यक्रमों में भी शामिल होंगे। कांग्रेस के मुताबिक राहुल गांधी इस दौरान कई योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। वे पूर्वाह्न 10:30 बजे फुर्सतगंज एयरपोर्ट पहुंचेंगे और यहां से वे सड़क मार्ग से 11 बजे डिग्री कॉलेज चौराहा पहुंचेंगे। शहीद चौक के उद्घाटन के बाद 11:30 पर कलेक्ट्रेट जाएंगे। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में अनुश्रवण एवं निगरानी समिति की बैठक में हिस्सा लेंगे।

### किन्नौर में भूकंप के झटके

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में एक बार भूकंप के झटके लगे हैं। जनजातीय जिला किन्नौर में बीती रात 1 बजकर 29 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 रही। भूकंप का केंद्र किन्नौर में 31.38 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 78.17 डिग्री पूर्वी देशांतर पर रहा और इसकी गहराई जमीन की सतह से 10 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई। भूकंप की तीव्रता हल्की रहने के कारण किन्नौर जिला में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## प्रधानमंत्री ने गढ़वा और कोल्हान की धरती से भरी हुंकार, मांगा जनसमर्थन, बोले

# झारखंड की जनता कमल खिलाने को आतुर

संवाददाता

**गढ़वा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की जनता अब इंडी अलायंस की सरकार को उखाड़कर कमल खिलाने को आतुर है। उन्होंने कहा कि आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार'। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है।

मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश 'विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है। झारखंड के हर गरीब के पास पक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है।

- राज्य के हर गरीब के पास पक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है
- जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने युवाओं के साथ किया धोखा



### संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित

मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी। भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। मोदी ने कहा कि ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा।

## झामुमो, कांग्रेस और राजद से संकट में झारखंड का अस्तित्व : नरेन्द्र मोदी

संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। घुसपैठिए इनके वोट बैंक बन गए हैं। अदालत में भी इन्होंने झूठ बोल दिए। आदिवासी बेटियों से शादी कर उनकी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। रोटी, बेटी और माटी की पुकार को याद रखिए और झारखंड की पहचान बचाइए। झारखंड में एनडीए की सरकार बनाइए। आदिवासी बेटियों के नाम जमीन करने के लिए कानून बनाया जाएगा। झारखंड के पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और शहीद पोटो हो की भूमि है। झारखंड की भूमि जनजातीय गौरव और आदिवासी शौर्य की साक्षी रही है। यह भूमि हमारे हो आदिवासी वीरों की गाथा गाती है। आज फिर कोल्हान में जेएमएम अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकन के लिए जनता ने कमर कस ली है। हर कोई कह रहा है कि इस बार कोल्हान नया इतिहास रचने जा रहा है। दोनों रैलियों को देखने के बाद मैं दावे से कहता हूं कि भाजपा यहां ऐतिहासिक मतों के साथ सरकार बनाएगी। पूरा झारखंड एक सुर में कह रहा है कि रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा की सरकार।

मोदी ने कहा कि भाजपा के लिए आदिवासी आकांक्षा और उनका स्वाभिमान सर्वोपरि रहा है। यही कारण है केंद्र में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी तब ही आदिवासी भाई-बहनों को अपना राज्य मिला। बीते दशक में भी हमने आदिवासियों को सामने रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। भाजपा ने भगवान बिरसा के जन्मदिवस को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। इसके साथ हमारी सरकार मातृभाषा का भी सम्मान करती है। इसलिए जब झारखंड भाजपा की सरकार सत्ता में आएगी तब हो सहित अन्य आदिवासी भाषाओं को उचित सम्मान मिलेगा।

### आदिवासी समाज को और बनाया जाएगा मजबूत

प्रधानमंत्री ने कहा कि धान का एमएसपी 3100 रुपये होगा। किसानों को ये जानकारी दे दीजिए। पंचायतों को और सशक्त किया जाएगा। आदिवासी समाज को और मजबूत बनाया जाएगा। भाजपा ने इसके लिए अलग मंत्रालय बनाया है। कांग्रेस ने तो इसकी जरूरत भी नहीं समझी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना और पीएम जनमन योजना पर एक लाख करोड़ रुपये खर्च किया जाएगा।

### झामुमो ने चंपाई सोरेन को किया अपमानित

मोदी ने कहा कि झामुमो ने चंपाई सोरेन को अपमानित किया। उन्हें मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया। ये आदिवासी का अपमान नहीं है। झामुमो और कांग्रेस को महिला राष्ट्रपति बर्दाश्त नहीं हो रही हैं। सीता सोरेन के साथ इन्होंने क्या किया है। आपको अच्छे से मालूम है। एक कांग्रेस नेता ने इन्हें अपमानित किया है। इसके बाद भी झारखंड के मुख्यमंत्री ने कुछ भी नहीं कहा।

## धनबाद में तेज रफ्तार पिकअप वैन ने चार लोगों को कुचला, तीन की मौत




संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के गोविंदपुर स्थित जीटी रोड पर फकीरडीह के पास सोमवार की सुबह हुए एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की जान चली गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज सुबह करीब 7 बजे रूबी खातून (26) अपनी बेटी सीपत परवीन (08), बहन जानवी उर्फ आयत परवीन (15) और उनके पड़ोस की ही रहने वाली दुर्गेश शाह की पुत्री ट्यूशन जाने के लिए सड़क पार करने की तैयारी में थे, इसी दौरान तेज रफ्तार एक पिकअप वैन ने चारों को बुरी तरह से रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही रूबी, सीपत और जानवी की मौत हो गई। जबकि दुर्गेश शाह की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे स्थानीय लोगों ने तत्काल स्थानीय एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

वहीं घटना से गुस्साए लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया। इसके बाद घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे बीडीओ जहीर आलम, सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे और स्थानीय थाना प्रभारी मोहम्मद रुस्तम अली ने लोगों को समझा कर शांत कराया।

### सरायकेला-राजनगर मार्ग पर दो वाहनों की टक्कर में तीन की मौत, दो गम्भीर

**सरायकेला।** सरायकेला- राजनगर मार्ग पर कालापाथर गांव के समीप टिप टेलर और 407 एलपी के बीच हुई टक्कर में रविवार की देर रात तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि सरायकेला की ओर से आ रहे 407 वाहन (जेएच06आर/6361) की राजनगर की ओर से आ रहे टिप टेलर ( जेएच05सीक्यु/1369 ) के बीच कालापाथर गांव के समीप आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिससे टिप टेलर में आग लग गई। आग में झुलस जाने से टिप टेलर चालक की जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 407 के चालक और खलासी की भी गम्भीर चोट लगने से मौत हो गई। साथ ही, 407 वाहन में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अल्मोड़ा में भीषण सड़क हादसा : अनियंत्रित हो कर बस गहरी खाई में जा गिरी

# 36 की मौत, दो अधिकारी निलंबित

एजेंसी

**अल्मोड़ा/नैनीताल।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सोमवार सुबह-सुबह बेहद गमगीन करने वाली खबर मिली। यहां एक सड़क हादसे में 36 लोगों की अकाल मृत्यु हो गयी जबकि 24 अन्य घायल हो गये। मृतकों में से अधिकांश दीपावली मना कर अपने गंतव्य को लौट रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार गढ़वाल मोटर्स आनर्स यूनियन लि0 की बस पौड़ी जिले के गौलेखाल से 60 यात्रियों को लेकर जैसे ही अल्मोड़ा जिले के सल्ट तहसील के मरचूला पहुंची तो कूपी के पास सारड बैंड में अनियंत्रित हो कर गहरी खाई में जा गिरी।



दीपावली के अवकाश के चलते बस खचाखच भरी हुई थी। बस से क्षमता से कई गुना अधिक 60 सवारी भरी हुई थी। पांच लोग किसी तरह से बस से छिटक गये। उन्हें मामूली चोटें आयीं। बाकी 36 लोगों की मौत हो गयी। इनमें से 28 की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

दुर्घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की तीन टीमों को और सल्ट, रानीखेत की पुलिस टीमों को मौके पर भेजा गया। तब तक ग्रामीण भी मौके पर पहुंच चुके थे। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) देवेंद्र पिंचा और सल्ट के उप जिलाधिकारी कोहली मौके पर पहुंचे और राहत व बचाव कार्य चलवाया। दो दर्जन घायलों में 15 को रामनगर अस्पताल भिजवाया गया जबकि चार को एयर लिफ्ट कर एम्स ऋषिकेश और हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया। रामनगर अस्पताल में उपचार के दौरान आठ घायलों ने दम तोड़ दिया।

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री ने जताया शोक, मुआवजे की घोषणा

बस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, अनेक केन्द्रीय मंत्रियों सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने गहरा दु:ख जताया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने इस दुर्घटना में मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख व अपेक्षाकृत कम घायलों को 50 हजार रुपये सहायता राशि देने की घोषणा की है।

## उत्तर प्रदेश, पंजाब, केरल की 14 सीटों पर उपचुनाव अब 20 नवंबर को

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने केरल, पंजाब और उत्तर प्रदेश में 14 विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में उपचुनाव 13 की जगह 20 नवंबर को कराने की सोमवार को घोषणा की। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें केरल की पलक्कड़, पंजाब की डेरा बाबानानक, चब्बेवाल (सुरक्षित), गिद्दरबाहा, बरनाला और उत्तर प्रदेश की मीरापुर, कुण्डरकी, गाजियाबाद, खैर (सुरक्षित), करहल, सीसा मऊ, फूलपुर, कटिहारी, मझवां सीट शामिल हैं।

आयोग ने कहा है कि उसने विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के अनुरोध पर यह फैसला किया है। आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार, इन दलों ने 13 नवंबर को सम्बंधित क्षेत्रों में सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों में लोगों की व्यस्तता के आधार पर चुनाव तिथि बदलने का अनुरोध किया था। इन सीटों के उपचुनाव की मतगणना 20 नवंबर को कराई जायेगी और चुनाव प्रक्रिया 25 नवंबर तक संपन्न करा ली जायेगी। आयोग ने कहा है कि इन सीटों पर चुनाव कार्यक्रम की अन्य तिथियों में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि आयोग ने 15 अक्टूबर को 15 राज्यों में 48 विधानसभा और दो लोक सभा सीटों के लिये उपचुनाव कराने की घोषणा की थी। कार्यक्रम के अनुसार महाराष्ट्र की नान्देड़ संसदीय सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ सीट को छोड़ कर इन सभी सीटों के उपचुनाव में मतदान 13 नवंबर को कराने का कार्यक्रम था।

'विनबैक्स' अंबाला के चंडीमंदिर में 23 नवंबर तक होगा अभ्यास का यह 5वां संस्करण

# भारत-वियतनाम का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'विनबैक्स' शुरू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वियतनाम और भारतीय सेना का द्विपक्षीय अभ्यास 'विनबैक्स' सोमवार से हरियाणा के अंबाला में शुरू हुआ। अभ्यास का यह 5वां संस्करण 23 नवंबर तक अंबाला के चंडीमंदिर में होगा। दोनों देशों के बीच पिछले साल यह सैन्य अभ्यास वियतनाम में हुआ था, जो भारत और वियतनाम के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में एक प्रमुख मील का पत्थर है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार अभ्यास के इस संस्करण में दोनों देशों की सेनाओं और वायु सेनाओं के कर्मी पहली बार हिस्सा लेंगे। भारतीय सेना की टुकड़ी में 47 कर्मी हैं, जिसका प्रतिनिधित्व कोर ऑफ इंजीनियर्स की एक रेजिमेंट के साथ-साथ अन्य शाखाओं और सेवाओं के कर्मी कर रहे हैं।




समान क्षमता वाली वियतनामी टुकड़ी का प्रतिनिधित्व वियतनाम पीपुल्स आर्मी के सैनिक करेंगे। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय श्क्क के तहत शांति स्थापना अभियानों में संयुक्त राष्ट्र दल के हिस्से के रूप में इंजीनियरिंग कार्यों को करने के लिए इंजीनियर कंपनी और मेडिकल टीमों की तैनाती में दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

द्विपक्षीय अभ्यास के पिछले संस्करणों से बढ़े हुए दायरे के साथ एक फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में यह अभ्यास आपसी विश्वास, अंतर-संचालन को मजबूत करने के साथ ही दोनों सेनाओं के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम करेगा। मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदर्शन और उपकरण प्रदर्शन के साथ 48 घंटे का सत्यापन अभ्यास भी कार्यक्रम का हिस्सा है, ताकि संयुक्त राष्ट्र मिशनों में समान परिदृश्यों के तहत तकनीकी सैन्य संचालन को अंजाम देते समय दोनों टुकड़ियों के हासिल किए गए मानकों का आकलन किया जा सके। यह संयुक्त अभ्यास दोनों टुकड़ियों के सैनिकों को एक-दूसरे की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासतों के बारे में जानने का अवसर भी प्रदान करेगा।

## आगरा : वायु सेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, जांच के आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में आगरा के पास सोमवार को वायु सेना का एक मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान ने पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी थी और अभ्यास के लिए आगरा जा रहा था। दुर्घटना से पहले विमान के पायलट सहित दो लोग सुरक्षित कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायु सेना ने जांच के आदेश दे दिए हैं। वायु सेना के मिग-29 लड़ाकू विमान ने आज दोपहर पंजाब के आदमपुर से उड़ान भरी। विमान में पायलट समेत 2 लोग मौजूद थे लेकिन भारतीय वायु सेना के पायलट समेत दोनों लोगों ने खेत में कूदकर जान बचाई।



वायु सेना ने एक बयान में बताया कि मिग-29 विमान के सिस्टम में आज नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान आगरा के पास खराबी आ गई। सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने से पहले पायलट ने विमान को नियंत्रित किया, ताकि जमीन पर जान-माल को कोई नुकसान न पहुंचे।

बयान में बताया गया है कि पायलट सहित दोनों लोगों के सुरक्षित कूदने के बाद लड़ाकू विमान उत्तर प्रदेश के आगरा में कागारौल के सोनिगा गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान क्रैश होकर खाली खेतों में गिरा, जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटनास्थल की तस्वीरों में दुर्घटनाग्रस्त विमान से धुएं का गुबार निकलता दिख रहा है और कुछ लोग घटनास्थल पर एकत्र हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल से मुख्य सचिव ने की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को राज्य की नवनियुक्त मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज भवन में मुलाकात की। राज भवन की ओर से बताया गया कि यह मुख्य सचिव की शिष्टाचार मुलाकात थी।

### झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय : शिवराज



**रांची।** केन्द्रीय कृषि मंत्री और झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को झारखंड की खिजरी विधानसभा से भाजपा के उम्मीदवार रामकुमार पाहन के समर्थन में सभा को संबोधित किया। उन्होंने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन सरकार ने वन संपदा, जल संपदा और खनिज संपदा से भरपूर सुंदर राज्य को तबाह और बर्बाद कर दिया है। यही वजह है कि अब झारखंड की जनता ने जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार को उखाड़ फैंकने का मन बना लिया है, जिससे झारखंड में सुशासन का कमल खिलना तय है। झारखंड में नई क्रांति की जरूरत है शिवराज ने कहा कि यदि झारखंड को बचाना है तो एक नई क्रांति करनी पड़ेगी। ये वो धरती है, जहां भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचार और अन्याय के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका था और अंग्रेजों के दांत खट्टे किये थे। आज जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन सरकार में भी शोषण की अति हो गई है। यहां बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिए यहां आ रहे हैं। बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं और जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। इतना ही नहीं रूबीका, अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्या की जा रही है। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही इन विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। इसलिए यहां भी अब 'उलगुलान' की जरूरत है। एक नई क्रांति की जरूरत है।

**महिला सशक्तिकरण, हमारा संकल्प :** शिवराज ने कहा कि पांच साल पहले हेमंत सोरेन ने महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह 2 हजार रुपये चूल्हा खर्च के लिए दिया जाएगा लेकिन 4 साल 10 महीने बहनों की याद नहीं आई और चुनाव आते ही वोटों की लालच में बहनों के खाते में 1-1 हजार रुपये डाल दिए। झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही बहनों के खाते में हर महीने की 11 तारीख को गोगो दीदी योजना के तहत 2100 रुपये की राशि डाली जाएगी। इतना ही नहीं गरीब बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाएगा और साल में दो बार त्योहार पर सिलेंडर मुफ्त दिए जाएंगे। महिला सशक्तिकरण भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी औद्योगिक व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों तथा अन्य सभी संस्थानों के नियोजकों को कहा है कि वे अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मियों को मतदान के दिन 13 और 20 नवंबर को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश दें। उन कर्मियों में दैनिक मजदूर भी शामिल हैं, जो राज्य के पंजीकृत मतदाता हैं।

वह सोमवार को श्रम विभाग के पदाधिकारियों के साथ निर्वाचन सदन में बैठक कर रहे थे। कुमार ने कहा है कि श्रम विभाग द्वारा इस बात का वृहत प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उन्हें मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित भी करें ताकि ऐसे मतदाताओं का उनके मतदान के अधिकार का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

उल्लेखनीय है कि निर्वाचन लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी करोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी संस्थान में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे।

इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड का भी प्रावधान है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इसके लिए राज्य अंतर्गत समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या अन्य किसी संस्थान में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से नियोजकों, प्रबंधकों से आग्रह किया है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहे।

इसके लिए इस प्रावधान का समुचित पालन करना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर श्रम आयुक्त संजीव कुमार बेसरा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संयुक्त श्रम आयुक्त राजेश प्रसाद, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं श्रम विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हटिया विस क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता

संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को होना है। सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह दे दिए गए हैं। सभी का चुनाव प्रचार भी जोर-शोर से चल रहा है। हटिया विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के लिए 27 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। यहां सबसे अधिक 524460 मतदाता हैं। इसमें 261359 पुरुष और 263077 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 17.46 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 17329 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हटिया में 496 पोलिंग स्टेशन हैं, जिसमें 334 शहरी और 162 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। यहां 2019 विधानसभा चुनाव में भाजपा के नवीन जायसवाल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव को 16264 वोटों के अंतर से हराया था। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रांची विधानसभा में चुनाव होने हैं। यहां 13 नवंबर को होने वाले



मतदान में 18 प्रत्याशी मैदान में खड़े हैं। रांची विधानसभा क्षेत्र में 378055 मतदाता हैं। इसमें 191524 पुरुष और 186500 महिला मतदाता हैं। वर्ष 2019 के मुकाबले में 9.02 प्रतिशत मतदाता बढ़े हैं। इनमें 10003 वोटर पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रांची विधानसभा में 374 पोलिंग स्टेशन है, जिसमें सभी पोलिंग स्टेशन शहरी क्षेत्र में हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के सीपी सिंह ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने निकटम प्रतिद्वंदी झामुमो प्रत्याशी महुआ माजी को 5904 वोटों के अंतर से हराया था।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने तीन नेताओं को पार्टी से छह वर्षों के लिए किया निष्कासित

**रांची।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने निदेर्शानुसार देवेन्द्र सिंह बिट्टू, मुनेश्वर उरांव, इसराफिल अंसारी को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्षों के लिए निष्कासित किया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने सोमवार को बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 में मनिका विधानसभा क्षेत्र से मुनेश्वर उरांव, गोमिया विधानसभा क्षेत्र इसराफिल अंसारी और पांकी विधानसभा क्षेत्र से देवेन्द्र सिंह बिट्टू ने कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अनुशासनात्मक नियम के क्रमांक 04 के कण्डिका क, ख एवं डं का प्रत्यक्ष रूप से उल्लंघन है।

## पोस्टल बैलट से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को घर पर मतदान की सुविधा



संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुजुर्गों और दि०?यांगजनों के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की है। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता और 40 प्रतिशत बेंचमार्क दि०?यांगता वाले दि०?यांगजन (पीडब्ल्यूडी) वैकल्पिक घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

इसी के क्रम में सोमवार को रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में विधानसभा चुनाव-2024 के लिए पोस्टल बैलट के माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पर मतदान की सुविधा देकर उन्हें मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा दी गई। मतदान कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के पूरे दल की भागीदारी से घर से मतदान कराया गया और पूरी मेहनत के साथ मतदान की गोपनीयता बनाकर रखी गई।

रांची के हेहल( बूथ संख्या 80) की 87 वर्षीय विमला बजाज पति राम गोपाल बजाज ने घर पर डाक मतपत्र का उपयोग करके अपने मताधिकार का प्रयोग किया और इस सुविधा के लिए चुनाव आयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। इस बार विधानसभा आम चुनाव में रांची विधानसभा क्षेत्र में कुल 151 बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं का पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जाना है।

## डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : शिवानी सिंह

वरीय संवाददाता




**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में सोमवार को नामकूम प्रखंड के बेड़ोटोली पंचायत भवन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने कहा कि बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर फोकस करते हुए कहा कि बच्चे-बच्चियों का विवाह 18 वर्ष के बाद ही करें।

विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन बिसाही पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दिन-ब-दिन डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि अपराध है।

यह एक ऐसा अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है, जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटना ही हमलोगों का उद्देश्य है। पीएलवी प्रीति कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुश्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। युधिष्ठिर महतो व नीमा लकड़ा ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। प्रीति कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में प्रकाश डाला। युधिष्ठिर महतो एवं राजा वर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसंबर को**

आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी डालसा के समर्पित पीएलवी के द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को वादकारी व्यवहार न्यायालय रांची में आकर अपने वादों का निस्तारण करा सकते है। इससे समय और धन की बचत होगी।

## उधना की चुनौती से सफलतापूर्वक निपटा गया

# दिवाली और छठ त्योतहार की भीड़ के दौरान 24 अक्टूबर से 4 नवंबर 2024 तक उधना में निम्नलिखित कदम उठाए गए

**चलाई गई ट्रेनें:**

दिवाली और छठ के त्यो:हार के दौरान उधना में यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए रेलवे ने कुल 104 ट्रेनें चलाईं। इनमें से 44 ट्रेनें हॉलिडे स्पेशल थीं जो उधना से शुरू हुईं और इनमें से लगभग एक तिहाई पूरी तरह से अनारक्षित ट्रेनें थीं जो सामान्य श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग को पूरा करती थीं। 1,60,000 से अधिक यात्री दिवाली और छठ मनाने के लिए अपने परिवार के साथ मनाने के लिए अपने गंतव्य तक यात्रा कर सकें।

3 नवंबर, 2024 को उधना जंक्शन से लगभग 31,000 यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया।

**स्टेशन पर उपलब्ध कराई गई सुविधाएं:**

- सूरत से उधना तक दो शिफ्टों में 50 लाइसेंस सहायक तैनात किए गए हैं।
- प्रमुख स्थानों पर त्योहार ट्रेनों को प्रदर्शित करने वाले सूचना बैनर/स्टैंडी लगाई गई हैं।
- उधना के सभी प्रवेश/निकास द्वारों पर 20-40 टिकट चेकिंग स्टाफ को चौबीसों घंटे के लिए तैनात किये गये हैं।
- यात्रियों की सुविधा के लिए होल्डिंग एरिया में त्यो्हार टिकट खिड़की बनाई गई है।
- आवश्यकतानुसार 15 शिफ्टों में 5 अतिरिक्त टिकट काउंटर संचालित किए जा रहे हैं और त्योहार के दौरान अतिरिक्त 03नाइट शिफ्ट संचालित की जाएंगी।
- 17 अतिरिक्त टिकट बुकिंग स्टाफ तैनात किए गए हैं।
- दिवाली/छठ पूजा के दौरान अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए 1 अतिरिक्त एटीवीएम उपलब्ध कराई गई है।

**भीड़भाड़ को कम करने के लिए उठाए गए कदम:**

पश्चिम रेलवे ने 8 नवंबर, 2024 तक प्लेटफॉर्म टिकटों की बिक्री पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया है। इस कदम का उद्देश्य प्लेटफॉर्म पर भीड़ को नियंत्रित करना और स्टेशन परिसर के भीतर यात्रियों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करना है।



**सामान ले जाने के लिए फ्री अलाउंस का सख्ती से अनुपालन किया गया:**

प्रत्येक यात्री को सामान ले जाने की फ्री अलाउंस मिलता है, जिससे उन्हें बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपने डिब्बे में एक निर्दिष्ट मात्रा में सामान ले जाने की अनुमति मिलती है। यात्रा के विभिन्न वर्गों के लिए फ्री अलाउंस अलग-अलग होता है। यदि सामान सीमांत फ्री अलाउंस से अधिक है, तो उसके अनुसार जुमार्ना लगाया जाएगा। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि स्कूटर, साइकिल आदि जैसे सामान या 100 सेमी ७ 100 सेमी ७ 70 सेमी के अधिक आयाम वाले सामानों के लिए फ्री अलाउंस स्वीकार्य नहीं है।

**पार्सल प्रबंधन:**

यह देखा गया है कि ट्रेनों में लोडिंग के लिए प्लेटफॉर्म पर रखे गए पार्सलों की संख्या यात्रियों की आवाजाही में असुविधा का कारण बनती है। यात्रियों की सुरक्षा और संरक्षा बढ़ाने के लिएपश्चिम रेलवे ने ट्रेन के निर्धारित प्रस्थान से पहले प्लेटफॉर्म पर पार्सल की खेपों को लंबे समय तक रखने से बचने के निर्देश जारी किए हैं। इसे तत्काल प्रभाव से 08.11.2024 तक के लिए लागू किया गया है।

**कतार प्रबंधन:**

- यात्रियों की अतिरिक्त आवाजाही को प्रबंधित करने के लिएआरपीएफ और जीआरपी के अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि यात्रियों को किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए कतार में सुविधाजनक तरीके से प्लेटफॉर्म तक पहुंचने में मदद मिल सके।
- स्टेशन पर अतिरिक्त 41 टिकट चेकिंग स्टाफ, 85 आरपीएफ स्टाफ, 140 जीआरपी और 60 आरएसपीएफ स्टाफ तैनात किए गए हैं।

**होल्डिंग क्षेत्र:** जिला प्रशासन द्वारा लोगों को स्टेशन क्षेत्र में भेजने से पहले उन्हें रोकने के लिए दो नए होल्डिंग क्षेत्र और एक प्रवेश मार्ग को बंद रखा गया।

- स्टेशनों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया पर्याप्त आकार के हैं। उधना स्टेशन पर होल्डिंग एरिया 2700 वर्ग फीट (स्टेशन बिल्डिंग के पास), 10125 वर्ग फीट (पार्किंग के पास) और 3150 वर्ग फीट (स्टेशन के पूर्व की ओर) है।
- यात्रियों के इंतजार करने हेतु आरामदायक बनाने के लिए इन क्षेत्रों में पर्याप्त रोशनी और पंखे लगे हैं।
- शौचालय की सुविधा के साथ-साथ पीने के पानी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।



- होल्डिंग एरिया के अंदर सार्वजनिक घोषणा प्रणाली उपलब्ध है जो प्रतीक्षारत यात्रियों को ट्रेन की आवाजाही के बारे में अपडेट रखेगी।
- यह क्षेत्र प्लेटफॉर्म पर प्रतीक्षारत यात्रियों की संख्या को कम करेगा और यात्रियों के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करते हुए ट्रेनों में यात्रियों के सुचारू प्रवेश की अनुमति देगा।
- इसके अलावा, टिकट चेकिंग स्टाफ, आरपीएफ और जीआरपी स्टाफ सार्वजनिक घोषणा प्रणाली के माध्यम से यात्रियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

**सुरक्षित एवं संरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना:**

- देश के उत्तरी राज्यों की ओर जाने वाली ट्रेनों में, खास तौर पर जनरल और स्लीपर कोचों में भीड़ को नियंत्रित करने और उन्हें आरामदायक यात्रा कराने के लिए अतिरिक्त आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों, स्काउट और गाइड, एनसीसी और अन्य स्वैच्छिक समूहों को तैनात किया गया है।
- इसके अलावा, आरपीएफ और जीआरपी की सादे कपड़ों में सीपीडीएस (अपराध रोकथाम और जांच दल) की टीमें किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने और चोरी को रोकने के लिए स्टेशनों पर सक्रिय रूप से गश्त कर रही हैं।
- भीड़ पर कड़ी नजर रखने के लिए स्टेशनों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी निगरानी सक्रिय कर दी गई है।
- स्टेशन परिसर की लगातार निगरानी के लिए समर्पित कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है और किसी भी विशिष्ट क्षेत्र या रेलवे ब्रिज में भीड़ बढ़ने पर फील्ड इकाइयों को सतर्क कर दिया जाएगा।

**मीडिया के माध्यम से यात्रियों को जागरूक करना:**

- **त्योहार ट्रेनों का प्रचार-**प्रसार तथा जनता तक सूचना का समुचित प्रसार सुनिश्चित करना।
- यात्रियों को अतिरिक्त ट्रेन सेवाओं के बारे में सूचना देने के लिए नियमित ट्वीट, सोशल मीडिया पोस्ट, समाचार पत्र विज्ञापन, प्रेस विज्ञप्ति आदि किए जा रहे हैं।
- दिवाली/छठ पूजा सीजन के लिए चलाई जा रही अतिरिक्त ट्रेन सेवाओं के बारे में यात्रियों को सूचित करने के लिए कुछ ट्वीट इस प्रकार हैं:

- https://x.com/WesternRly/status/1852508468772560910
- https://x.com/WesternRly/status/1852383163588157708
- https://x.com/WesternRly/status/1852314352717558211

यहां दिवाली/छठ पूजा के लिए घर की यात्रा करने के अपने अनुभव साझा करने वाले यात्रियों के कुछ सोशल मीडिया पोस्ट दिए गए हैं:

**स्टेशनों पर यात्रियों की सहायता के लिए विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की ओर से सहायता:**

- https://x.com/WesternRly/status/1852678885173043298?t=XS-n_h3TDQXRd3WBH9WHkA&s=1
- https://www.facebook.com/share/v/19Vzqb2GsW/
- https://x.com/WesternRly/status/1852552360054165762?t=emt7iYMgL20xkQK8U-K_Kg&s=19
- https://x.com/WesternRly/status/1850527525652373997
- https://x.com/WesternRly/status/1851118344935506359
- https://x.com/WesternRly/status/1851495154386907567

- कई गैर सरकारी संगठनों(एजीओ) न ेस्टेशनों पर प्रतीक्षा कर रहेयात्रियों को पीने का पानी, बिस्कुट,जलपान आदि उपलब्ध करा कर राहत पहुँचाई।
- ये गैर सरकारी संगठन आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती के साथ भीड़ प्रबंधन मेंभी सहायक रहे।
- उधना जैन समाज ने भोजन के पैकेट और बिस्कुट वितरित किए, जबकि सूरत स्मार्टसिटी लायंस ग्रुप ने पानी के जार वितरित किए। बिहार विकास परिषद और इंस्टाएडवर टाइजिंग ने यात्रियों के बीच पैकेज्ड पेयजल वितरित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### इंडी प्रत्याशी ने कई जगहों पर चलाया जनसंपर्क अभियान



**बोकारो।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान बोकारो विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्रों का सघन दौरा किया। लगातार दौरे में इस्लामडीह, जोलहाडीह, टांड़घर, गोप टोला, चिकागढ़ी, महतो टोला, दास टोला, गोप टोला, कामनागोड़ा, डममोहड़, काल्पतर एवं जनवृत-4 में एल आई सी अभिकताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इसके पश्चात आजाद नगर मोहनटोला स्थित झामुमो कार्यालय में कार्यकताओं ने इंडी प्रत्याशी को गुलदस्ता और तलवार भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम का आयोजन फैयाज खान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ता दुसरे दल से छोड़ इंडी गठबंधन में शामिल हुए, जिनको पार्टी का पट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने बताया कि अपने मतदाताओं से वोट देकर जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि दिनभर कस्बा इलाकों में जनसम्पर्क करते हुए आजाद नगर में आई हूं, जहां लोगों का अपार सहयोग मिल रहा है, जीत हमारी होगी। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामीण पानी की सबसे बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। इस इलाके में रहनेवाले लोगों को आवास तक नहीं मिला है। साथ हीं बोकारो विधायक बिरंचि नारायण पर निशाना साधते हुए कहा कि विधायक ने सिर्फ एक आंख से देखने का काम किया है। आज भी जनता कई समस्याओं से जूझ रही है। हम अगर जीतते हैं तो सभी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का काम करेंगे।

### बीएंडके प्रक्षेत्र मे 13 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**बेरमो/बोकारो।** सीसीएल के बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली ऑफिसर्स क्लब में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त 1 अघिकारी सहित 12 कामगारों को अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रतीक सम्मान के साथ शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जीएम के रामाकृष्णा ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर हीं आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है। कामगारों को रिटायरमेंट के बाद अपने भविष्य के लिए सुरक्षित धनराशि रखनी चाहिए। मौके पर सेवानिवृत्त जीएम प्रोडक्शन के डी प्रसाद, पीओ भीएन पांडेय, एसओपी विनय रंजन टुडू, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह सहित यूनियन प्रतिनिधि शक्ति मंडल, राम निहोरा सिंह, सुशील सिंह, विजय भोई, संजय पांडेय,आभाष चन्द गांगुली आदि उपस्थित थे।

### नदी को साफ-सुथरा रखना सभी की जिम्मेदारी : राजीव रंजन



**बेरमो/ बोकारो।** फुसरो नगर परिषद अंतर्गत हिंदुस्तान पुल फुसरो स्थित दामोदर नदी तट पर सोमवार को नमामि गंगे योजना के तहत गंगा उत्सव व गंगा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यपालक पदाधिकारी सहित उपस्थित लोगों ने दामोदर नदी को साफ रखने और नदी में कूड़ा - कचरा नहीं फेंकने की शपथ ली। मौके पर फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने कहा कि दामोदर सिर्फ नदी नहीं, यह भारतीय संस्कृति की जीवनधारा है। दामोदर नदी सहित अन्य जलस्त्रोतों को स्वच्छ रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। मौके पर कर्मी राजीव रंजन कुमार, जेई हितेश कुमार, एसएल इंस्पेक्टर प्रवीण वर्मा, शंकर कुमार, तपन कुमार अड्डी, दिव्यांश मिश्रा, दिनेश कुमार राम, विश्वकर्मा कुमार, मनोज मल्लाह, अजमेरी लाल, मंजू देवी, मनोज मल्लाह, छोटू राम, धीरज राम, अंजू कुमारी, सुशीला देवी, रिया देवी, कुसुम देवी, राधा देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, सोनी देवी, चिंता कुमारी आदि मौजूद थे।

## मतदान दिवस पर कामगारों को मिलेगा सवैतनिक अवकाश : डीडीसी

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त के निदेर्शानुसार सोमवार को उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने जिले के निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों, कंपनियों के प्रबंधकों व प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सभी उपक्रमों व कंपनियों के प्रतिनिधियों को बताया कि कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में विधानसभा आम चुनाव 2024 में मतदान की तिथि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1961 की धारा-135 ख के तहत किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार हैं, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। उप विकास आयुक्त ने कहा कि उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने के कारण किसी व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, वो ऐसा नियोजक दंडित होगा। उक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक, जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सभी निजी औद्योगिक संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के मतदाताओं को मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों से अवगत करा दिया गया है। राज्य में 13 एवं 20 नवंबर को मतदान दिवस है। सभी इसका शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। बैठक में बोकारो स्टील लिमिटेड, सीसीएल, आईओसीएल, बीपीसीएल, सीटीपीएस, ओएनजीसी, डीवीसी आदि कंपनियों के प्रतिनिधि, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक व मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

## छठ पर्व को लेकर ढोरी जीएम ने किया घाटों का निरीक्षण



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** आस्था और विश्वास का महापर्व छठ त्योहार को लेकर ढोरी महाप्रबंधक रंजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को छठ घाटों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया। श्री सिन्हा ने अमलो छठघाट, हिन्दुस्तान पुल दामोदर छठघाट, तारमी कल्याणी छठघाट आदि का निरीक्षण किया। श्री सिन्हा ने कहा कि सीसीएल अपने सभी दायित्वों को निभा रहा है। आस्था विश्वास के इस त्योहार में छठ घाटों को सुसज्जित किया जायेगा। पूर्व पार्षद कैलाश ठाकुर ने कहा कि छठ त्योहार को लेकर प्रबंधन के साथ लगातार संपर्क बनाये हुए थे। छठव्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा। महापर्व को लेकर सीसीएल सीएमडी का भी निर्देश सभी क्षेत्रों को आया हैं प्रबंधन समय से सभी कार्य करवा लेना चाहिए। मौके पर एसओ इएण्डएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार, सुरक्षा अधिकारी सुरेश सिंह, शिवाजीत कुमार मौजूद थे।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता



**बोकारो।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद ने सोमवार को जनसंपर्क किया। इस दौरान स्वांग उत्तरी पंचायत में झामुमो नेता मुमताज आलम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि इस बार झारखंड में पुनः इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा राज्य के लोगों के हित में काफी कार्य किया गया है और माताओं एवं बहनों को सम्मान दिया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मईया सम्मान योजना के तहत प्रत्येक बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए उनके अकाउंट में भेजा जा रहा है और दिसंबर माह से बहनों के खाते में पच्चीस सौ रुपए भेजा जाएगा। इसी प्रकार राज्य में गरीबों के लिए दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जा रही है। इसके बाद उन्होंने स्वांग मार्केट में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। मौके पर मुखिया धनंजय सिंह, झामुमो प्रखंड सचिव सह- मुखिया बंटी उरांव, प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, मो सफदर, ललन केवट, कृष्ण दयाल सिंह, विशाल कुमार, कोपेश्वर यादव, मंजूर इलाही सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## झारखंड में झामुमो-कांग्रेस व राजद गठजोड़ की वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार आदिवासी विरोधी : अमर बाउरी

संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता और चंदनकियारी से भारतीय जनता पार्टी (एनडीए) के उम्मीदवार अमर कुमार बाउरी ने सोमवार को चंदनकियारी के फुसरो (लंका) सहित कुर्रा मंडल क्षेत्र के पुंडरू, पुरनाडीह सहित कई अन्य गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस व राजद गठजोड़ की वर्तमान हेमंत सोरेन को आदिवासियों का विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि यहां झूठ और लूट के सहारे चलने वाली सरकार है।

यह चुनाव उसे उखाड़ कर सत्ता से बाहर करने के लिए है। श्री बाउरी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने झारखंड की खनिज सम्पदा को जमकर लूटा है और सरकार के नुमाइंदों ने अपनी तिजोरी भरी है। यहां आदिवासियों का अस्तित्व खतरे में है।

लेकिन, तुष्टीकरण और वोटबैंक की राजनीति करने वाली राज्य की हेमंत सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। इस जन-विरोधी सरकार का जाना तय है। भाजपा की सरकार बनी तो कानून बनाकर घुसपैठियों को बाहर निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव झारखंड को लुटेरों से बचाने और राज्य की तकदीर व तस्वीर बदलने का चुनाव है। जनसंपर्क अभियान के तहत उनके साथ भाजपा के कई प्रमुख नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

## बोकारो के दुग्दा थाना के बूढ़ीडीह में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन



संवाददाता

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव के आलोक में जिला उत्पाद बल के सहयोग से दुग्दा थाना अंतर्गत बूढ़ीडीह क्षेत्र में छापेमारी के दौरान अवैध विदेशी शराब की मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन कर वहां से भारी मात्रा में शराब निर्माण की सामग्री के साथ तैयार शराब बरामद किया गया। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास शामिल थे। मौके से टीम ने कुल 05 लाख 08 हजार 470 रुपये मूल्य के सामान जब्त किए हैं, जिसमें विदेशी शराब- 6 पेटी में 72 पीस कुल 54 लीटर, स्पिरिट पांच जरकिन में 225 लीटर, ?तैयार विदेशी शराब- 10 जरकिन में 450 लीटर, ब्लैक टाइगर व्हिस्की के लेबल का एक रोल, 111 व्हिस्की के लेबल का एक रोल, नंबर एक व्हिस्की, बी सेवन व्हिस्की, आरसी व्हिस्की एवं आइकोनिग वाइट व्हिस्की के लेबल का बंडल, झारखंड सरकार का नकली ईएएल, विभिन्न ब्रांड के ढक्कन, खाली बोतल एवं पेट बोतल इत्यादि शामिल हैं।

## बेरमो बीडीओ ने छठ घाटों का निरीक्षण कर जताया संतोष

**बोकारो।** बोकारो थर्मल स्थित कोनार नदी के दोनों छठ घाटों का सोमवार की शाम को बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार ने निरीक्षण किया। बेरमो बीडीओ के साथ गोविंदपुर सी पंचायत के मुखिया विकास सिंह, पंचायत सेवक मिथिलेश पांडेय भी थे। बेरमो बीडीओ ने रेलवे गेट स्थित छठ पूजा कमेटी के सदस्यों एवं मुखिया के द्वारा कोनार नदी छठ घाट पर की जा रही साफ-सफाई, वाहनों के लिए पार्किंग, व्रतियों के कपड़े आदि बदलने के लिए टेंट, पुलिस एवं मेडिकल सहायता आदि केंद्र को देखा तथा की गई तैयारियों पर संतोष प्रकट किया। बेरमो बीडीओ ने पूछे जाने पर कहा कि बोकारो थर्मल के छठ घाट पर काफी अच्छी व्यवस्था कमेटी, डीवीसी प्रबंधन एवं भरत जी पटेल कंपनी के द्वारा की जा रही है। कहा कि छठ के दिन दोनों ही समय घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम डीवीसी प्रबंधन को करने होंगे, जिसमें लाइट, गोताखोर, मेडिकल चिकित्सा एवं दमकल वाहन शामिल होंगे।

## झारखंड में भाजपा सरकार बनाने का मन बना चुकी है जनता : बिरंची

संवाददाता



**बोकारो।** जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए प्रत्याशी बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने चास नगर निगम के विभिन्न वार्डों में चेक पोस्ट, मेन रोड, इस्पात कॉलोनी, कुंवर सिंह कॉलोनी में संपर्क अभियान चलाकर वार्डवासियों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व पूर्व की भाजपा सरकार की योजना से हर शहर, गांव, टोला लाभान्वित है। हर घर नल योजना के तहत चास नगर निगम के वासियों को जल उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व में रघुवर दास की सरकार में कई योजनाएं चास नगर निगम को मिलीं। हेमंत सरकार की वादाखिलाफी, झूठे वादे, लूट, भय, अत्याचार से आम जनता में रोष है। प्रखंड हो या जिला या प्रदेश, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। संतरी से मंत्री तक जेल जा चुके हैं। कुछ मंत्री और आईएएस अधिकारी अभी भी जेल में हैं।

झारखंड की खनिजों की लूट मची, जिसमें मुख्यमंत्री के परिवार के लोग भी शामिल हैं। बोकारो विधानसभा की जनता अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित के कार्य पुनः शुरू हों। दौरे में उनके साथ जिला महामंत्री संजय त्यागी, मंडल अध्यक्ष अमर स्वर्णकार, निवर्तमान अध्यक्ष पन्नालाल कान्दु, अर्चना सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

**बोकारो** संताल आदिवासी समाज का मुख्य त्योहार सोहराय महोत्सव आयोजित

# गाय एवं बैलों को पुजते हैं देवता के रूप में

संवाददाता

**बोकारो।** दिशोम जाहेर सेवा ट्रस्ट बोकारो द्वारा आयोजित संताल आदिवासियों का महान पर्व दिशोम सोहराय महोत्सव, दिशोम जाहेर गढ़ सेक्टर 4 में हर्षोल्लास और धुमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रविन्द्र नाथ हांसदा एवं संचालन महाबीर मरांडी ने किया।





सबसे पहले नायक बाबा जगरनाथ मुर्मू ने विधिवत रूप से इष्ट देवताओं को जिसमें जाहेर आयो मारांग बुरु, लुगू बाबा-लुगू आयो, मोड़ें कः तुरुयकः को फल-फूल, अरवा चावल तथा दुध चढ़ाकर पूजा अर्चना की तथा सामुहिक रूप से प्रार्थना की गई। मानव समुदाय सहित सभी जीवों का भविष्य सुख, शांति व समृद्धि से परिपूर्ण रहे, यह कामना की गई। सोहराय महोत्सव पर दिशोम जाहेर गढ़ सेक्टर 4 में मांदर की थाप पर सामुहिक रूप से सोहराय नृत्य हुआ।

जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, महिला, पुरुष व युवक-युवतियों ने जमकर आनंद उठाया। बता दें कि सोहराय महोत्सव संताल आदिवासी समाज का मुख्य त्योहार है। खासकर गाय एवं बैलों को देवता के रूप पुजते हैं, जो सालों भर खेती बारी में सहयोग करते हैं और हमें अन्न देते हैं। कार्यक्रम में मोहन टुडू, सोहराय सोरेन, बीड़ी किस्कु, आदि वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस उपलक्ष्य में मुख्य रूप से कृष्णा सोरेन, महावीर सोरेन, सुरेश मुर्मू, प्रवीण किस्कु, काली हांसदा, लक्ष्मण मुर्मू, दिनेश सोरेन, सुभाष चन्द्र हेम्ब्रम, दिलीप हेम्ब्रम, अमन बास्के, अजय मरांडी, सोमाय चन्द्र टुड, दिनु हेम्ब्रम, शंकर टुडू, सहदेव सोरेन, सरकार मुर्मू, सुमित मुर्मू,चन्द्र हेम्ब्रम, भादु हेम्ब्रम सुलोचना हांसदा, नमिता मरांडी, नुनीबला सोरेन, रेणुका सोरेन, होलोदमुनी सोरेन, शोभा मुर्मू, सोरेन, हिना मुर्मू, सलमा मुर्मू,रीता किस्कु,बेला सोरेन, शंकर टुडू आदि उपस्थित थे।

## सेल का अकादमिक सहयोग के लिए एएससीआई से समझौता



संवाददाता

**बोकारो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया हैदराबाद के बीच सोमवार को को कंपनी के नई दिल्ली स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में अकादमिक सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह समझौता ज्ञापन सेल के नव-पदोन्नत अधिकारियों सहित दूसरे कार्मिकों के लिए अनुकूलित प्रबंधन विकास कार्यक्रमों के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। इस तरह के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ साझेदारी सेल की समग्र शिक्षा और विकास रणनीति का हिस्सा है, जिससे कंपनी के अधिकारियों को और अधिक अकादमिक अनुभव मिल सकेगा और उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार किया जा सकेगा। इस समझौता ज्ञापन पर सेल के निदेशक कार्मिक के के सिंह और एएससीआई, हैदराबाद के निदेशक डॉ. निर्मल्या बागची की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

# संक्षिप्त खबरें

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**गिरिडीह।** गिरिडीह विधानसभा से जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रत्याशी नवीन आनंद चौरसिया के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन उनकी मां ऋतु आनंद ने शहर के टावर चौक में किया। साथ हीं नवीन चौरसिया ने कायस्थ समाज को चित्रगुप्त पूजा व लाल जी के भैयारी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान गिरिडीह के विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा प्रत्याशी नवीन चौरसिया ने चित्रगुप्त पूजा में भैयारी में शामिल हो कर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष रॉकी नवल, विकास चौरसिया, रॉकी शेख, बिट्टू खान, बंटी यादव, शशि शर्मा, नौशाद आलम, सुभाष, छोटू रईन, प्रकाश वर्मा, राजेश रवानी, अर्जुन पंडित, अंशु यादव के अलावा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। रविवार को गिरिडीह के वकालत खाना में आयोजित भैयारी भोज में वर्तमान विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शहाबादी, जमीन करोबारी सह जेएलकेएम प्रत्याशी नवीन आंनद चौरसिया समेत कई प्रत्याशी पहुंचे और गिरिडीह में बहुसंख्यक आबादी में रहने वाले कायस्थ समाज को अपने पक्ष में करने की कोशिश की। बहरहाल लाल जी की भैयारी इन राजनेताओं को इस चुनाव में कितना रास आएगी यह तो मतदान के बाद मतगणना की तिथि तय करेगी।

## अन्तर्राज्यीय एवं अंतरजिला जिला चेकनाका में की जा रही वाहनों की सघन जांच



**हजारीबाग।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय के निदेर्शानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय एवम अंतर जिला चेकनाकाओं पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके। इसके मद्देनजर 24७7 चेकनाका सक्रिय कर दिए गए हैं तथा सघनता से सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

## चित्रांशों ने अपने ईष्ट देवता चित्रगुप्त महराज की धूमधाम से की पूजा



**चौपारण।** प्रखंड चौपारण के विभिन्न स्थानों में व अन्य गांवों में चित्रांश परिवार के द्वारा अपने इष्ट देवता महाराज चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमा व फोटो स्थापित कर रविवार को पूजा-अर्चना की गई। चित्रांश समाज के लोगों ने कलम-दवात की पूजा करते हुए अपने आराध्य भगवान चित्रगुप्त की आराधना की। जानकारी हो कि चित्रगुप्त भगवान का त्यौहार कायस्थ वर्ग के लोग इष्ट देवता के रूप में मनाते हैं। दरअसल भगवान चित्रगुप्त का जन्म ब्रह्मा के अंश से हुआ है। जो यमराज के सहयोगी बन कर जीव जगत में मौजूद सभी का लेखा-जोखा रखते हैं। भगवान चित्रगुप्त के जन्म की कथा काफी रोचक है। जब यमराज ने अपने सहयोगी की मांग की तो ब्रह्मा जी ध्यान में चले गए। उनकी एक हजार वर्ष की तपस्या के बाद एक पुरुष उत्पन्न हुए। इस पुरुष का जन्म ब्रह्मा जी की काया से होने का वर्णन है। इसलिए यह कायस्थ कहलाए और इनका नाम चित्रगुप्त पड़ा। भगवान चित्रगुप्त के हाथों में कर्म की किताब कलम-दवात है। यह कुशल लेखक और इनकी लेखनी से जीवों को उनके कर्मों के अनुसार न्याय मिलता है। कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा का विधान है। यमराज और चित्रगुप्त की पूजा एवं उनसे अपने बुरे कर्मों के लिए क्षमा मांगने से नर्क का फल भोगना नहीं पड़ता है। सिंघरावां पंचायत के ग्राम टिटही व चौपारण में कई वर्षो से भगवान चित्रगुप्त की पूजा होती आ रही है। चित्रांश परिवारों ने एक श्लोक में कहा कि आज दिन है उनके पूजन का, जिनके अंश है हम, रखते हैं जो दुनिया का लेखा-जोखा, उनके वंश हैं हम, आज करते है हम चित्रगुप्त महाराज की पूजा, क्योंकि चित्रांश हैं हम।

# पोस्टल बैलेट से वोटिंग हुई और 5 नवंबर को भी होगी होम वोटिंग : रमेश घोलप

संवाददाता

**चतरा।** 4 नवम्बर से मतदाताओं ने जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः सिमरिया और चतरा के प्रत्याशियों की किस्मत लिखने का काम शुरू कर दिया है।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी। 5 नवंबर को भी वोटिंग होगी। भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार, 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए घर पर मतदान कराया जा रहा है और 40% से अधिक विकलांग मतदाताओं के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मचारी घर पर मतदान करा रहे हैं। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की।

## बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए किया मतदान



**चतरा।** चतरा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप के निर्देश पर विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाताओं और 40 % से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानों के अनुसार होम वोटिंग कराया जा रहा है। इसी क्रम में चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड क्षेत्रों में वैसे मतदाता जो मतदान केंद्र पहुंच मतदान करने में शारीरिक रूप से असक्षम हैं, 85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग 40 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने होम वोटिंग पोस्टल बैलेट के जरिए मतदान किया। होम वोटिंग के लिए प्रतिनियुक्त मतदान कर्मियों ने बुजूर्गों और दिव्यांग मतदाताओं, जिन्होंने होम वोटिंग का विकल्प चुना था, उनके घर जाकर उत्साहवर्धन किया और लोकतंत्र के सजग प्रहरी के रूप में अपने मत का प्रयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद वरिष्ठ मतदाताओं ने खुशी जाहिर की। साथ हीं बुजुर्ग मतदाताओं के परिवारजनों को भी 13 नवंबर को अपने बूथों पर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया।

## गौशाला मेला के आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित



संवाददाता

**गिरिडीह।** श्री गोपाल गोशाला पचम्बा में आगामी 9 नवंबर से शुरू होने वाले गौशाला मेला के आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेला संचालन को लेकर उत्पन्न होने वाले व्यवधानों और व्यवस्थाओं की चर्चा की गई।साथ हीं साथ समिति के सदस्यों ने मेला के दौरान होने वाले समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। जिसमें प्रशासन की ओर से समिति को आश्वस्त किया गया कि मेला के दौरान सारी व्यवस्था सुदृढ़ रहेगी। प्रशासन की ओर से कार्यपालक दंडाधिकारी बिनोद कुमार सिंह, उपनगर आयुक्त, अशोक हांसदा पुलिस उपाधीक्षक कौशर अली, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्यामकिशोर महतो, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद थे। वहीं मेला संयोजक मुकेश साहू ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पचम्बा में गौशाला मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, मीडिया स्वास्थ विभाग आदि का योगदान मेले में रहता है। साथ हीं साथ उन्होंने कहा कि आगामी 9 नवम्बर से 17 नवंबर तक जिलेवासी मेला का भरपूर आनंद उठाएंगे। मेले में इस बार मूर्ति घर के नया रूप दिया गया है।

## विशेष सामान्य प्रेक्षक एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

संवाददाता



**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग नई दिल्ली से प्रतिनियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र तिवारी अवकाश प्राप्त भा.प्र.से एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह अवकाश प्राप्त भा.पु.से ने मतगणना के निमित्त बाजार समिति हजारीबाग में बनाए गए ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती नैंसी सहाय एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मां देव प्रिया मौजूद रही।

मौके पर उन्होंने मतगणना स्थल में सुरक्षा,विधि-व्यवस्था और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना के पूर्व तैयारियों के निमित्त बाजार समिति के स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल और अन्य व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने बज्रगृह सह मतगणना केंद्र का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र में स्विप कार्यक्रम के तहत कैंडल मार्च का आयोजन

### रविवार रात्रि में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निकला मतदाता जागरूकता मेरा मत, मेरा हक कैंडल मार्च



संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला मुख्यालय के शहरी क्षेत्र में विधानसभा चुनाव 2024 के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर अनेक स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह को बढ़ाने तथा मतदान के दिन बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र में कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। मतदाता जागरुकता कैंडल मार्च का आयोजन रविवार की देर शाम किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिका री श्रीमती नैंसी सहाय ने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। गत रात्रि मतदाता जागरूकता कैंडल मार्च में बड़ी संख्या में शहरी मतदाताओं महिला, पुरुष, छात्र - छात्राओं, युवा, वृद्ध सभी ने इस कैंडल मार्च में बढ़चढ़ का हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य था शहरी क्षेत्र के सभी मतदाताओं को मतदान में बढ़-चढ़कर अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना। आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अधिक से अधिक संख्या में कर सकें। इसके लिए कैंडल मार्च के माध्यम से मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाई गई।

## भाजपा के विकास नीतियों को आगे बढ़ाएं प्रदीप प्रसाद को जिताएं : मनीष जायसवाल

संवाददाता



**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इधर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क यात्रा को तेज कर दिया है। रविवार की शाम को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के को- ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, आर्या नगर और पतरातु बस्ती और सोमवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी जनसंपर्क सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ किया और लगातार अपनी पूरी ताकत झोंक रहें हैं।

सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अंबाडीह, मेरु, तरवा, हुटपा, लखैया, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारो, गौतम बिहार कॉलोनी और अमृतनगर का तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2 में कमल निशान पर मतदान करने की अपील की। सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र वासियों से कहा कि आजादी के बाद पहली बार पिछले 10 सालों में बतौर विधायक मैंने अपने कार्यकाल में सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति में जो रफ़्तार और प्रगति प्रदान किया है उसे आगे बढ़ाने और झारखंड में स्थिर और डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुनें। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ छला है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ जारी हुआ है और सरकार बनते ही हम अपनी घोषणा अनुरूप राज्य और राज्य वासियों के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करेंगे।

## चतरा

### कुंदा में राजद के चुनावी कार्यालय के उद्घाटन में उमड़ा समर्थकों का जनसैलाब

# राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश व मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कुंदा में चलाया जनसपंर्क

संवाददाता



**चतरा।** प्रतापपुर रोड़ मुख्य पथ स्थित चौक में सोमवार को राजद कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उदघाटन राज्य के मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता व राजद के प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। चुनावी कार्यालय के उदघाटन के अवसर पर समर्थकों व कार्यकताओं की काफी भीड़ रही। इस दौरान कार्यकताओं के साथ लालटेन छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील की गई। कार्यकताओं को प्रत्याशी रश्मि प्रकाश ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे पिता सत्यानंन्द भोक्ता के नेतृत्व में पांच साल में चतरा जिला का समुचित विकास किया हुआ है। उन्हीं की राह पर बचे हुए विकास कार्य को पुरा करूगी। चतरा विधानसभा से पहली बार महिला उम्मीदवार के रूप में मुझे महागठबंधन की ओर से प्रत्याशी बनाकर मैदान में आपलोगों की सेवा करने का अवसर मिला है। अपने विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, सिंचाई, रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराउंगी। उन्होंने कहा कि 13 नवंबर 2024 को आप अपने मतदान केंद्र पर जाकर ईवीएम के क्रम संख्या 03 पर लालटेन छाप पर आपलोग इतना बटन दबाएं कि मतगणना के दिन सिर्फ और सिर्फ लालटेन छाप हीं निकले। वहीं मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मेरे मंत्री रहते 5 साल में कई सड़क, पुल व पुलिया का निर्माण कराया गया है। सिंचाई के लिए जगह जगह पर तालाब व पानी पीने के लिए गांव गांव में चापाकल समेत अन्य कई कार्य किया गया है। हेमंत सोरेन की सरकार में हर बहनों को मइयां सम्मान पेंशन का लाभ दिया गया है। हजारों गरीबों को अबुआ आवास मुहैया कराया गया है। हेमंत सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शिविर के माध्यम से घर-घर तक पहुंचाने का काम किया गया है। मौके पर कार्यकताओं ने रश्मि प्रकाश जिन्दाबाद, मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता जिन्दाबाद व महागठबंधन जिन्दाबाद का नारा लगाया गया तथा लालटेन छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजई बनाने के लिए संकल्प लिया गया। लोगों ने मोटरसाइकिल व वाहनों के काफिले के साथ कुन्दा, बौधाडीह, बनियाडीह, चिलोई, खपिया, मदारपुर, सिकीदाग, लोटवा, सरजामातु समेत दर्जनों गांव में जनसपंर्क चलाया गया। लोगों से वोट करने की अपील की गई। इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद यादव, अनिल यादव, राजेद्र यादव, प्रतापपुर से भोला प्रसाद, गणेश प्रसाद, श्याम भोक्ता, सुनीता देवी, पृथ्वी गंझु, कमलकिशोर यादव, नागेंद्र यादव, सारदा देवी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने महागठबंधन प्रत्याशी रश्मि प्रकाश के समर्थन में वोट करने की अपील की



संवाददाता

**चतरा।** 13 नवंबर को निर्धारित मतदान तिथि को लेकर प्रत्याशियों के जनसंपर्क अभियान में तेजी आ गई है। महागठबंधन के राजद उम्मीदवार रश्मि प्रकाश के समर्थन से राज्य के मंत्री सत्यानंद भोगता ने कुंदा प्रखंड के चिलोई, कोहास, बेलगरा, बनियाडीह, अमौना, बौधाडीह, बेसरा, कुंडा, मांझीपाड़ा, मदारपुर, सिकिदाग, लोटवा, सरजमातु, बैरियाचक, कुंडा कुंडा प्रखंड क्षेत्र के बाजार, मेदवाडीह, इचातू, मोहनपुर समेत दर्जनों गांवों का अपने समर्थकों के साथ दौरा किया। चतरा विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित प्रत्याशी रश्मी प्रकाश के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील की गयी। मौके पर मौजूद रशिम प्रकाश ने घर-घर जाकर जनता से आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के समुचित विकास के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण की बात कही। मंत्री श्री भोगता ने विकास की जो रेखा खींची है, उसे आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त व एसएसपी ने किया अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण



**धनबाद।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जीटी रोड पर स्थापित अमलखोरी चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ हीं भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया।

### पूर्णिमा नीरज सिंह जवाहरलाल नेहरू बीसीसीएल ग्राउंड में एथलीट खिलाड़ियों से मिली



**धनबाद।** झरिया विधायक सह महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने जियालगोड़ा स्थित जवाहरलाल नेहरू बीसीसीएल ग्राउंड में एथलीट खिलाड़ियों से बातचीत कर उनके खेल-कूद की गतिविधियों को जाना। बता दें कि माननीय विधायक हमेशा से खेलकूद और सांस्कृतिक कलाओं को प्रेरित करती रहीं हैं। हाल में हीं झरिया के सभी स्कूलों में 'नीरज सिंह स्कूल महोत्सव' का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 90 स्कूलों के 8500 बच्चों ने भाग लिया था। माननीय विधायक ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद जारी रखने की अपील की और किसी तरह की बाधा आने पर तुरंत मिलने को कहा। साथ हीं एक किशोर बिट्टू यादव से बातचीत कर उसकी समस्याओं को जाना और हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर समीर कुमार, रवि कुमार, रणवीर कुमार, रवि कुमार, सन्नी कुमार, राजू कुमार, रूबी कुमारी, अविनाश कुमार, मुकेश कुमार, विजय कुमार, रौशन कुमार, राकेश कुमार, विराट कुमार राय, आशीष कुमार और अभिषेक कुमार समेत कई एथलीट मौजूद रहे।

### छह विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की हुई प्रथम जांच



**धनबाद।** विधानसभा आम चुनाव 2024 के अंतर्गत, धनबाद जिला के सभी छः विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय लेखा पंजी की प्रथम जांच व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी एवं कुमार आदित्य के द्वारा किया गया। इस दौरान व्यय अनुश्रवण कोषांग के पदाधिकारी एवं सहायक व्यय प्रेक्षक भी मौजूद रहें। इस दौरान सभी छः विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों की ओर से निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी की ओर से उपलब्ध कराए गए। निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक द्वारा की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जांच कर छाया प्रेक्षण पंजी से मिलान किया। मौके पर व्यय प्रेक्षक आर.ए. ध्यानी एवं कुमार आदित्य, सहायक व्यय प्रेक्षक समेत प्रत्याशी एवं उनके एजेंट मौजूद रहें।

### समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का धुंआधार जनसंपर्क जारी

# सत्ता और शक्ति का विकेंद्रीकरण लोकतंत्र की हत्या के समान : सूरज महतो

संवाददाता

**कतरास।** समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सूरज महतो ने संघन जनसंपर्क अभियान चलाया। अभियान के दौरान उन्होंने बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के बाघमारा, निचितपुर, महुदा बस्ती, लोयाबाद, सेंद्रा, कनकनी, हनुमान नगर, प्रेम नगर, खानूडीह, तेतुलिया-2, छात्रुटांड आदि क्षेत्र का भ्रमण किया। इस बीच महतो ने घर-घर जाकर चुनाव चिन्ह साइकिल छाप क्रमांक संख्या 7 पर वोट करने की अपील।



जनसंपर्क के दौरान जमकर नारेबाजी हुई। समर्थकों ने बाघमारा का विधायक कैसा हो, सूरज महतो जैसा हो के नारे लगाए। नौजवान, क्या बुजुर्ग व क्या महिला सभी में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। सभी लोगों ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सूरज महतो को समर्थन देने का भरोसा दिया। महतो ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि इस बार हर हाल में परिवर्तन लाना है। इस बार कोई गलती नहीं होनी चाहिए। अपने बच्चों और क्षेत्र की तरक्की के लिए इस बार उन्हें उनका चुनाव चिन्ह साइकिल छाप पर वोट करना है। महतो ने कहा कि क्षेत्र से पलायन रोकना, बेरोजगारों को बाघमारा में ही रोजगार मुहैया कराना, पानी-बिजली की समस्या को दूर करना, खेती-किसानी को सुदृढ़ करना, मुफ्त शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा आम लोगों तक पहुंचाना, बाघमारा को भय, भूख व भ्रष्टाचार से मुक्त कराना उनकी प्राथमिकताओं में शुमार है। प्रत्याशी सूरज महतो ने लोगों से हांथ जोड़कर कहा कि इस बार कोई चूक हुई तो बाघमारा में और भी परेशानी बढ़ेगी। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाली पार्टी के प्रत्याशी को किसी भी कीमत पर अपना कीमती वोट नहीं देना है। नहीं तो आम व खास लोगों के अधिकारों का हनन होगा। सत्ता और शक्ति का विकेंद्रीकरण लोकतंत्र की हत्या के समान है। बाघमारा को गलत मानसिकता वाले लोगों के हांथों से निकालना है तो उन्हें जरूर वोट दें।

### तारा देवी के समक्ष झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता भाजपा में शामिल

**सिंदरी।** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत अलकडीहा पंचायत निवासी व अलकडीहा पंचायत के पुर्व मुखिया सुभाष मुखर्जी व झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला युवा मोर्चा के सह सचिव बसंत ठाकुर अपने दर्जनों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी के सिंदरी विधान सभा प्रत्याशी तारा देवी के समक्ष अपने समर्थकों के साथ शामिल हुए। सभी ने भारतीय जनता पार्टी के सबका साथ सबका विकास नीतियों से प्रभावित होकर तारा देवी को अपना वोट देकर सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर चंदन चौहान मोदक, विजय कुमार, अजीत रजवार, दिलीप रजवार, भुवन मोदक, बुद्ध पासवान आदि द्वारा दुसरे पार्टी को छोड़कर अपने दर्जनों कार्यकताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने के लिए तारा देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया। साथ हीं भाजपा का पट्टा गले में पहनाकर स्वागत किया।

## सिंदरी विधानसभा में विकास की सभी योजनाओं को धरातल में उतारा है: तारा देवी

संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने बलियापुर के बी एड कॉलेज में सिंदरी के राजग एवं भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वार्ता में भाजपा के सिंदरी विधान सभा प्रत्याशी तारा देवी, अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, विधानसभा प्रभारी पवन साहू एवं विधानसभा संयोजक संतलाल प्रमाणिक उपस्थित थे। सांसद ढुल्लू महतो ने मीडिया से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में पिछले 10 सालों में भाजपा की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि आज भारत आर्थिक दृष्टि से मजबूत हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में कई योजनाओं को अमलीय जामा पहनाया है।

काफी दिनों से चली आ रही डिमांड पर कोलांचल यूनिवर्सिटी को पूर्व सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो, पूर्व बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो, विधायक राज सिंहा के सहयोग से अस्तित्व में लाया




गया है। झारखंड अलग राज्य भी भाजपा के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की देन है। उन्होंने कहा कि सिंदरी विधायक इंद्रजीत महतो के बीमार होने के उपरांत तारा देवी ने सिंदरी विधानसभा में विकास की सभी योजनाओं को धरातल में उतारा है। हर तरफ विकास को प्राथमिकता दी गई है। साथ हीं उन्होंने कहा कि अगले भाजपा के कार्यकाल में विनोद बाबू की भव्य स्मारक बनाई जाएगी। क्षेत्र में सभी लोगों का समर्थन मिल रहा है। विपक्ष चुनाव से पहले गैर जिम्मेदार घोषणाओं से सत्ता में आने की कोशिश कर रहा है। 200 यूनिट बिजली व मईया सम्मान योजना जैसे अल्पकालीन योजनाओं से लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है। हेमंत सरकार के कार्यकाल में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने प्रेस के माध्यम से 20 नवंबर को सभी सिंदरी विधानसभा के नागरिकों को चुनाव में भाग लेकर सिंदरी विधान सभा की भाजपा प्रत्याशी तारा देवी को कमल फूल पर बटन दबाकर भारी बहुमत से जीत दिलाने के लिए कहा। प्रेस वार्ता में बड़ी संख्या में सिंदरी विधानसभा के रिपोर्टर उपस्थित थे।

## टुंडी में भयमुक्त चुनाव के लिए पुलिस और बीएसएफ ने किया बूथों का निरीक्षण

संवाददाता

**धनबाद।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भयमुक्त माहौल में चुनाव संपन्न कराने और नक्सल प्रभावित इलाकों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से टुंडी पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। रविवार शाम लगभग 4:00 बजे टुंडी पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार के नेतृत्व में यह निरीक्षण अभियान शुरू हुआ। इस अभियान के तहत टुंडी थाना क्षेत्र के बैगनरिया, नयाडीह, गुवाकोला, कोलाहीर, और चुनुकडीहा जैसे स्थानों पर बूथों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने स्थानीय लोगों से बातचीत कर उन्हें निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। टुंडी पुलिस अवर निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि चुनाव



प्रक्रिया भयमुक्त माहौल में संपन्न हो और अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करें। निरीक्षण के दौरान, पुलिस और बीएसएफ के जवानों ने न केवल बूथों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, बल्कि स्थानीय निवासियों को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील भी की। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। इस अभियान के तहत पुलिस और बीएसएफ ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर जनता को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें आश्वस्त किया कि चुनाव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय लोगों ने पुलिस और बीएसएफ के इस कदम का स्वागत किया और उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया।

### जनार्दन मिश्रा ने थामा भाकपा माले का दामन



संवाददाता

**कुमारधुबी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार प्रचार प्रसार चल रहा है। इसी कड़ी को देखते हुए आज सोमवार की सुबह निरसा विधानसभा भाकपा माले इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अरूप चटर्जी जमकर पसीना बहा रहे हैं। वहीं सोमवार की सुबह सहारा से जुड़े भाजपा नेता के बड़े भाई जनार्दन मिश्रा ने अपने साथियों के साथ बड़ी संख्या में भाकपा माले का दामन थामने का काम किया। वहीं भाकपा माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी ने उनको फूल बुके देकर उनका स्वागत किया और अपनी पार्टी भाकपा माले में उनका स्वागत किया। भाकपा माले प्रत्याशी अरुप चटर्जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में लोग दूसरी पार्टी छोड़ भाकपा माले पार्टी का दामन थामने का काम कर रहे हैं। जिससे हमारी पार्टी और भी मजबूत हो रही है। वहीं जनार्दन मिश्रा ने कहा कि हमारी लड़ाई विचारों की लड़ाई है। भाकपा वालों ने हमारी लड़ाई लड़ने का काम किया है इसलिए हम सब भाकपा माले के साथ जुड़ने का काम किए हैं। वही कार्यक्रम की अध्यक्षता आगम राम और लालू ओझा ने की व संचालन अमरेश चक्रवर्ती ने किया। मौके पर अशोक राम, नागेंद्र कुमार कुशवाहा, जितेश अग्रवाल, दीपक कुमार,विष्णु भंडारी, हेमंत दास, अंगद सिंह रवि शंकर राय व चुन्नू माझी, कुंदन संभु दास, अर्जुन, नदमी, साजन, विषय, अर्जुन सहित कई लोगों ने भाकपा माले का दामन थामा।

## चहुमुखी विकास के लिए एक बार नेता नहीं बेटा को चुनें : चंद्रदेव महतो

संवाददाता

**सिंदरी।** इंडिया गठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस सह भाकपा (माले ) के सिंदरी विधानसभा विधायक उम्मीदवार चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू ने कहा कि आम जनता के आशीर्वाद से मैं चुनाव लड़ रहा हूं और जनता के द्वारा भारी जन समर्थन मिल रहा है। दूसरे प्रतिनिधि चाहे भाजपा के या निर्दलीय उम्मीदवार हों, उनके पास विकास का कोई एजेंडा नहीं है। कैसे? सिंदरी में रोजगार मिलेगा कैसे खेतों में पानी मिलेगा और कैसे आम जनता मेहनतकश अवाम के पास सभी सरकारी सुविधा मुहैया हो पाएगी इन पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। पुर्व के प्रतिनिधियों का सिर्फ एक हीं एजेंडा है कि विधायक बनने के बाद अपने लिए अचूक संपत्ति अर्जित करना और जनता को टैक्स के बोझ तले लाद कर रखना। शिक्षक एवं किसान नेता



आनंद महतो ने कहा कि सबको देखा बारी-बारी अबकी बार चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू। सिंदरी विधानसभा में पंचायत एवं निगम क्षेत्र में विकास के लिए एक बार चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू को चुनें। सिंदरी में प्रोजेक्ट एच यू आर एल ,एसीसी व टासरा प्रोजेक्ट में युवाओं के रोजगार के लिए एक बार तीन तारा छाप पर बटन दबाए। झारखंड में सरकार बनाने में सहयोग करें। चंद्रदेव ने कहा कि सिंदरी में विकास होगा। कोई इसे रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि 25 साल में सिंदरी के जनप्रतिनिधियों ने इस क्षेत्र को बर्बाद कर दिया है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। संघर्ष हीं हमारी ताकत है। जनता का इंडिया गठबंधन एवं माले पर भरोसा है। आनंद महतो ने कहा कि उनके द्वारा शुरू की गई लड़ाई को अब चंद्रदेव आगे लेकर जाएंगे। सिंदरी की जनता को एकजुट होकर एनडीए को हराने का आह्वान किया। हम सभी मिलकर नया सिंदरी बनाएंगे। यहां सिर्फ विकास होगा। झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान हो चुका है। हमारे अपने सिंदरी में 20 तारीख को वोटिंग होगी। इस लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी जनता बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। हालांकि पिछले 25 वर्षों से सिंदरी में हालात अच्छे नहीं हैं। जिस तरह के विकास की जरूरत थी वैसा विकास नहीं हो पाया। पढ़ाई,कमाई और दवाई के लिए सिंदरी विधानसभा की जनता को पलायन करना पड़ रहा है। मैंने शिक्षा की दयनीय हालत को करीब से देखा है। अंत में मुझे लगा कि इसमें बड़े परिवर्तन के लिए हमें बड़ी लड़ाई की जरूरत है। मैंने अपने शिक्षक की नौकरी से त्यागपत्र देकर लाल झंडे को उठाया है। आइए मिलकर परिवर्तन की एक नई लड़ाई की शुरूआत करें। इसके लिए आपका एक वोट हमें ताकत देगा। हम मिलकर लड़ेंगे, मिलकर जीतेंगे। मैं वादा करता हूं. कि जिस तरह से पिछले 60 वर्षों से हमलोग आपके साथ डटे हैं, आगे भी डटे रहेंगे। लड़ाई और तेज होगी, आपके सहयोग से होगी। हम हर वो बदलाव लाएंगे जिसकी आम लोगों को जरूरत है।

**चुनाव** ढुल्लू महतो ने धनबाद विधानसभा पार्टी कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में किया प्रेस वार्ता

# राज को धनबाद की देव तुल्य जनता देगी आशीर्वाद: सांसद

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद विधानसभा पार्टी कार्यालय हाउसिंग कॉलोनी में प्रेस वार्ता कर बताया कि धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा 10 वर्षों से अपने क्षेत्र की जनता के लिए सुख दुख में खड़े रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को धनबाद के एक- एक लोग जानते हैं और राज सिन्हा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। सांसद ढुल्लू महतो ने धनबाद की जनता से अपील की और कहा कि धनबाद की देव तुल्य जनता का धनबाद के भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा को आशीर्वाद मिले और रिकॉर्ड मतों से विजई हों। कहा कि फूल



बहुमत की सरकार झारखंड में बनने जा रही है इसमें कोई संशय नहीं है। जनता ने जेएमएम और कांग्रेस के कार्यकाल को देखा है सिर्फ और सिर्फ भय, दहशत व अपराध को गठबंधन ने बढ़ावा दिया है।

**पीएम मोदी का कार्यक्रम 10 नवम्बर को चंदनकियारी में**

वहीं कहा कि अभी तक के तय कार्यक्रम के अनुसार दस नवंबर को चंदनकियारी में पीएम नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके अलावे जेपी नड्डा, योगी व शाह के भी धनबाद में कार्यक्रम संभावित हैं।

**कांग्रेस ने किसे प्रत्याशी बनाया है हम जानते नहीं**

वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पर तंज कसते हुए सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने किसको प्रत्याशी बनाया है, आज तक हम नहीं जानते हैं। कहा कि भाजपा प्रत्याशी के सामने कांग्रेस को प्रत्याशी हीं नहीं मिल पा रहा था। अब पता नहीं कांग्रेस ने किसे अपना उम्मीदवार बनाया है मैं उनका नाम नहीं जानता हूं।

**धनबाद लोकसभा के सभी छह सीटों पर रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे**

धनबाद लोकसभा के सभी छह सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा टुंडी और सिंदरी में भी मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास की बहु, चंपाई सोरेन के पुत्र और मेरे बड़े भाई को भाजपा से टिकट दिया जाना यह कोई परिवारवाद की परिपाटी नहीं है। उनके भाई शत्रुघ्न महतो ने 20 वर्षों से भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्त्ता के रूप में बाघमारा की जनता की सेवा किए हैं। उसी के फलस्वरूप उन्हें पार्टी ने टिकट देकर बाघमारा से प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस जेएमएम द्वारा लगातार केंद्र पर लगाए जा रहे 1 लाख 36 हजार करोड़ का बकाया राशि रिलीज नहीं करने के आरोपों पर उन्होंने स्पष्ट किया कि हाल हीं में नितिन गडकरी का यह बयान भी आ चूका है कि झारखण्ड की सरकार विकास के कार्यों पर ध्यान दे। केंद्र पैसा देने के लिए बैठी है। पर हेमंत सरकार को विकास कार्यों से कोई लेना देना नहीं है। यह सरकार केवल झारखण्ड को लूटने में लगी है। मइंया सम्मान योजना जल्द बाजी में लाया गया, ताकि चुनाव में जनता को गुमराह किया जा सके। वहीं इस प्रेस वार्ता में सांसद ढुल्लू महतो, धनबाद विधानसभा भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा, सुनील पासवान, सत्येंद्र मिश्रा, मानस प्रसून के साथ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झरिया पुलिस का फ्लैग मार्च



संवाददाता

**धनबाद।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झरिया पुलिस ने शहर में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से भयमुक्त होकर मतदान करने तथा असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को लेकर पुलिस को सूचित करने की बात कही। फ्लैग मार्च झरिया थाना परिसर से थाना मोड़, तारा बागान, भालगड़ा , इंद्रा नगर, कतरास मोड़, चौथाई कुल्ही होते हुए वापस झरिया थाना परिसर पहुंचा। झरिया थाना में पदस्थापित ए एस आई बिट्टू कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया है। इस फ्लैग मार्च का मकसद मतदाताओं में विश्वास जगाना और उन्हें भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से अपील की कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव में भाग लें।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, मंगलवार 05 नवंबर 2024



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**देश का उद्धार विलासियों द्वारा नहीं हो सकता। उसके लिए सच्चा त्यागी होना आवश्यक है। - प्रेमचंद**

## क्या चुनावी परीक्षा में पास होगी भाजपा?

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों झुंझुनू, खींवसर, दौसा, रामगढ़, देवली उनियारा, चैरासी, सलूंबर में विधानसभा के उपचुनाव होने जा रहे हैं। इनमें सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा व रामगढ़ से कांग्रेस विधायक जुबेर खान के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। जबकि 5 सीट पर वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव वाली सात सीटों में से भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। बाकी 6 सीटों में से एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद बन गए उसके चलते सीट खाली हो गई। आदिवासी बहुल चैरासी विधानसभा सीट के विधायक व भारतीय आदिवासी पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार रोत के बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद बनने के कारण चैरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। झुंझुनू सीट पर कांग्रेस के विधायक बृजेंद्र सिंह ओला के झुंझुनू से सांसद बनने के कारण, देवली-उनियारा से कांग्रेस के विधायक हरीश चंद मीणा के टोंक-सवाई माधोपुर सीट से सांसद बनने के कारण, दौसा से कांग्रेस के विधायक मुरारीलाल मीणा ने दौसा संसदीय सीट से सांसद बनने के कारण विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए उक्त सीटों पर उपचुनाव हो रहा हैं।

प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में राजस्थान में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की एक बार फिर कड़ी परीक्षा होगी। उपचुनाव में भाजपा कितनी सीट जीत पाती है उसके आधार पर भजनलाल शर्मा सरकार की परफॉर्मेंस आंकी जाएगी। भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनते ही श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए थे। उससे भजनलाल शर्मा सरकार की बहुत किकरी हुई थी। चुनाव हारने के बाद भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उसके बाद लोकसभा चुनाव में भी भजनलाल सरकार अच्छा परफॉर्मेंस नहीं दिखा पाई थी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीट जीतने वाली भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में मात्र 14 सीट ही जीत पाई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 8 सीटों पर तथा उनके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारतीय आदिवासी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी क्रमशः एक-एक सीट नागौर, बांसवाड़ा डूंगरपुर व सीकर जीत गई थी।

लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तो नहीं हटाया मगर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद से सीपी जोशी को हटाकर उनके स्थान पर राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी थी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मदन राठौड़ को भी पहली बार उपचुनाव में अपनी सांगठनिक क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। इन उपचुनावों में भाजपा के पास खोने को तो मात्र एक सीट है मगर हासिल करने को 7 सीटों का बड़ा लक्ष्य है। यदि भाजपा उपचुनाव में 5 सीट जीत जाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की स्थिति केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष मजबूत हो जाएगी। यदि भाजपा सात में से चार सीट भी नहीं जीत पाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्य शैली सवालों के घेरे में आ जाएगी और उन्हें परीक्षा में तीसरी बार भी फेल माना जाएगा। भजनलाल शर्मा उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आने वाले समय में उनके मुख्यमंत्री पद पर भी संकट गहरा सकता है। भाजपा आलाकमान ने प्रदेश भाजपा के सभी दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर पहली बार विधायक बने प्रदेश में अनजान चेहरे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका दिया था।

## चिंतन-मनन

### जीवन का संघर्ष

**एक दिन एक व्यक्ति बहुत परेशान लग रहा था। मित्र ने पूछा क्या बात है, आज इतने परेशान क्यों हो, उसने कहा मैं बहुत मुसीबत में फंस गया हूं। मित्र बोला- तुम्हारी क्या मुसीबत हो सकती है, तुम्हारे दोनों लड़के संपन्न हैं। खूब धन कमा रहे हैं। तुम्हें किस बात की कमी है, तुम ठीक कहते हो। लड़के संपन्न हैं, पर मेरी मुसीबत उनके कारण ही है। क्या हुआ, जो मुसीबत आ गई, मुसीबत बहुत बड़ी है। मैंने लड़कों को पढ़ाया। एक डॉक्टर बन गया और एक वकील। उनका यह व्यवसाय ही मुसीबत का कारण है। उनके व्यवसाय से आपकी मुसीबत का लेना-देना क्या है, हुआ यह कि एक एक्सीडेंट में मेरे पैर में चोट लग गई, पैर में घाव हो गया। जो डॉक्टर है, वह कह रहा है, पिताजी! घाव को जल्दी ठीक कर लें अन्यथा इसमें रस्सी पड़ जाएगी। हो सकता है फिर पैर काटने के सिवाय कोई विकल्प न रहे। यह तो अच्छी बात है। इसमें मुसीबत का प्रश्न ही कहां है, लेकिन जो वकील है, वह कह रहा है पिताजी! अभी घाव को ठीक नहीं करना है। इसे बढ़ने दें। जब घाव गहरा हो जाएगा, तब मैं दावा करूंगा और पूरा हर्जाना वसूल करूंगा। यही मेरी मुसीबत है। यह जीवन का संघर्ष है, टकराहट है। व्यक्ति दोनों ओर से खिंचा जा रहा है। एक लड़का कहता ठीक कर लें और एक लड़का कह रहा - घाव को और गहरा होने दें। यह जीवन का विचित्र संघर्ष है। इसमें प्रत्येक व्यक्ति जी रहा है और संघर्षो को झेल रहा है।**

## आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पैसों की सुविधा मिल जाएगी।

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी।

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कर्क :** शत्रुभय, चिंताए संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे।

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु :** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे।

**मीन :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है।

# हैरिस हों या ट्रंप...भारत-अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त


आर.के. सिन्हा

अमेरिका में कल यानी पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहे भारतीय मूल की कमला हैरिस बने या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक-दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालांकि, 1960 और 1970 के दशक में भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिला। 1990 के दशक में शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक-दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया।

आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है।



भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। सिलिकॉन वैली में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक तानेबाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है।

बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस बीच अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्यांगना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी की नृत्यांगना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत-अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

# डिजिटल अरेस्ट होने का रहस्य


डॉ. अनिल कुमार

आज भारतीय समाज में डिजिटल अरेस्ट बहुत बड़ी समस्या बन कर उभरी है। यह साइबर क्राइम का नया स्वरूप है। पिछले कुछ महीनों से लोग बहुत तेजी से इसकी चपेट में आए हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल अरेस्ट का सबसे ज्यादा शिकार पढ़े-लिखे लोग मसलन डॉक्टर, अधिकारी, व्यवसायी, रिटायर्ड अधिकारी और सेना के अधिकारी हो रहे हैं। यह समस्या इतनी गंभीर होती जा रही है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी डिजिटल अरेस्ट के बारे में लोगों से सावधान रहने का आग्रह करना पड़ा।

इस गंभीर होती समस्या में दो बातें अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पहला यह कि ज्यादातर पढ़े-लिखे लोग ही इसका शिकार क्यों हो रहे हैं दूसरा, आखिरकार स्कैमर्स को लोगों का एकदम सटीक डेटा मिल कहां से रहा है? ह्लयह मामला इतना गंभीर है कि पिछले तीन महीने में केवल दिल्ली-एनसीआर में डिजिटल अरेस्ट के 600 से अधिक मामले चुके हैं। इनमें लगभग 400 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी हुई है। ये सभी पंजीकृत मामले हैं। देश भर में रिपोर्टेड और अनरिपोर्टेड मामलों की संख्या बहुत अधिक है। हम सभी को यह समझने की जरूरत है कि डिजिटल अरेस्ट होता क्या है, दरअसल, डिजिटल अरेस्ट एक तरह का साइबर फ्रॉड होता है जिसमें धोखेबाज आपको अज्ञात नंबर से फोन या वीडियो कॉल कर-के पुलिस या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) या आयकर



विभाग का अधिकारी बनकर धमकाता है और आपसे पैसे ऐंठने की कोशिश करता है। वह आपको बताता है कि आप किसी अपराध में शामिल हैं अथवा संलिप्त हैं। वह आपसे पैसे की डिमांड करता है और कहता है कि अगर आप पैसे नहीं देते तो आपको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

स्कैमर इस दौरान फोन कॉल डिसकनेक्ट नहीं करने देता और एक तरीके से वह आपको आपके घर या कार्यालय में ही डिजिटल अरेस्ट कर लेता है। वह आपको डराता है और कहता है कि आपके खिलाफ वारंट जारी हो चुका है या आपकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। वह इस तरीके से फोन कॉल पर ही दबाव डालता है कि मामले को रफा-दफा करने के नाम से आपसे ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर करा लेते हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि फ्रॉड करने वाले इन स्कैमर्स को आपका सटीक डेटा मिलता कहां से है? ऑनलाइन स्कैमर्स, लोगों का डेटा कई तरीकों से हासिल करते हैं।

फिशिंग ई-मेल या वेबसाइट स्कैमर्स, ई-मेल या एसएमएस के जरिए फिशिंग लिंक भेजते हैं। ये लिंक क्लिक करने पर, यूजर फेक वेबसाइट पर पहुंच जाता है। वहां से स्कैमर्स, लोगों की जानकारी चुरा लेते हैं। स्कैमर्स, मोबाइल डिवाइस को मालवेयर से संक्रमित कर सकते हैं। इससे, डिजिटल वॉलेट ऐप से सीधे भुगतान जानकारी चुराई जा सकती है। स्कैमर्स, असली ऐप या वेबसाइट की तरह दिखने वाले नकली ऐप या वेबसाइट बनाते हैं। लोग कई बार ऐसे ऐप को अपने डिवाइस पर अनजाने में डाउनलोड कर लेते हैं। आज सोशल मीडिया का जमाना है और स्कैमर्स, सोशल इंजीनियरिंग हमलों का इस्तेमाल करके, यूजर को भुगतान डेटा साझा करने के लिए धोखा देते हैं। इसके अलावा स्कैमर्स, यूजर के डिवाइस और भुगतान टर्मिनलों के बीच संचार को बाधित करते हैं। उसके साथ ही वे भुगतान डेटा पर कब्जा कर लेते हैं।

कई बार ऐसा होता है कि हम सार्वजनिक स्थानों पर असुरक्षित वाई-फाई का इस्तेमाल कर लेते हैं। फ्राड करने वाले इसी दौरान हमारे डिवाइस पर ऐक?सेस लेकर हमारा डाटा चुरा लेते हैं। दूसरा अहम सवाल यह है कि पढ़े लिखे लोग भी स्कैमर्स के जाल में क्यों फंसते हैं? इसका प्रमुख कारण हैं लोगों के अंदर पुलिस और जांच एजेंसियों का डर। इस डर के दो कारण हो सकते हैं। पहला कारण जांच एजेंसियों की कार्यप्रणाली के बारे में है। उसे यह जानकारी नहीं होती कि क्या कोई जांच एजेंसी फोन और वीडियो कॉल पर स्टेटमेंट रिकॉर्ड करती है अथवा बचाने के नाम पर ऑनलाइन पैसा भी मांगती है। दूसरा कारण भी बहुत महत्वपूर्ण है। अगर पीड़ित व्यक्ति सचमुच गलत काम कर रहा है तो वह आसानी से स्कैमर्स के झांसे में आ सकता है। लेकिन अगर व्यक्ति गलत काम कर ही नहीं रहा तो उसके डरने का सवाल ही नहीं उठता। वह स्कैमर्स का डटकर मुकाबला करेगा और अगर वह चाह ले तो स्कैमर्स को एक्सपोज कर भी कर देगा।

आज जिस तरीके से डिजिटल अरेस्ट के मामले बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए लोगों को अत्यधिक जागरूक रहने की आवश्यकता है। अनावश्यक आने वाले लिंक, कॉल से सतर्क रहें। आज हर व्यक्ति को समझने की जरूरत है कि वे इस तरह के मामलों के झांसे में न आए। संदिग्ध या अनावश्यक कॉल को न उठाए। इस बात का हमेशा ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी कभी भी फोन कॉल या वीडियो कॉल पर किसी भी तरह के मामले की जांच या स्टेटमेंट रिकॉर्ड नहीं करती है। अगर ऐसी कोई कॉल आपके पास आती है तो अपने घरवालों, परिवार और दोस्तों को इस तरह के फ्रॉड के बारे में बताएं ताकि वे भी सतर्क रहें। फ्रॉड का शिकार होने अथवा उसका शक होने पर डरने की जगह साइबर सेल से संपर्क कर इसकी जानकारी देकर आप देश का एक जिम्मेदार नागरिक बनें।

# पटाखों पर क्यों नहीं लगता प्रतिबंध


चेतन उपाध्याय

खुशियों का महापर्व दीपोत्सव हर साल की तरह इस वर्ष भी गुजर गया। जाते-जाते यह फिर वही सवाल छोड़ गया। वही सवाल, आखिरकार पटाखों पर देशव्यापी प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता, ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ वर्ष 2008 से कार्यरत राष्ट्रीय संस्था 'सत्या फाउंडेशन' यह मांग हर बार करती है। इस साल संस्था ने गूगल, एक्स और फेसबुक आदि सोशल मीडिया के सर्च बॉक्स में तीन शब्द डाले-'पटाखा, दीपावली, हिंसा'। इस पर पटाखे के कारण हिन्दू बनाम मुस्लिम विवाद की बहुचर्चित धारणा के विपरीत चौंकाने वाले नतीजे मिले। इसका निचोड़ यह निकला कि पटाखों के चलते पूरे देश में हिंसा और हत्या के ज्यादातर मामलों में, लड़ाई हिन्दू बनाम हिन्दू की है। और कोई आठवीं पास विद्यार्थी भी इंटरनेट पर ये सारे सबूत देख सकता है। यानी कि पटाखे ने हिन्दुओं को आपस में ही बंटने और कटने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि यह भी सच है कि धर्म विरोधी का तमगा मिल जाने के डर से अधिकांश लोग इस पर आंख पर पट्टी बांधे रहते हैं। आमतौर पर पटाखे के विरोध में गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले में हो रहे भयंकर विरोध और हिंसा के तमाम मामले थाने और मीडिया तक पहुंचते ही नहीं हैं। धर्म, परंपरा और उत्सव की आड़ में यह अराजकता है। इसे नजरअंदाज करना देशहित में अच्छा नहीं।



अफसोस यह है कि साउंड प्रूफ घरों में रहने वाले नीति-निमार्ता जनता की इस बदलती नब्ज को पकड़ पाने में विफल हैं। यह पटाखे ध्वनि प्रदूषण का बड़ा कारण हैं। यह कड़वा सच है कि दीपावली का पटाखा हिन्दुओं को हिन्दुओं से लड़ाने का माध्यम बन गया है, मगर त्योहार और धार्मिक स्वतंत्रता की गूंज में ये सारी बातें नक्कारखाने में तूती की आवाज बन गई है। हैरानी यह है कि इस पर्व की आड़ में पटाखे का इस्तेमाल लोग अपने दुश्मनों को नुकसान पहुंचाने के लिए कर रहे हैं। विदेशों में हरियाली का प्रतिशत बहुत ज्यादा होता है और यह हरियाली, आतिशबाजी के शोर और धुएं को सोख लेती है। साथ ही विदेशों में पटाखा फोड़ने के लिए एक बड़ा मैदान होता है जहां फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैयार रहती है। हमारे देश में बड़े लोगों के घरों के आसपास कोई पटाखा नहीं फोड़ सकता। मगर सामान्य स्थानों पर धर्म की आड़ में पटाखे खुलेआम फोड़े जाते हैं। शिकायत करने पर पुलिस 'धार्मिक' मामला बताकर पल्ला झाड़ लेती है। बेशक, पटाखों से लोहवान, गुग्गुलु और चंदन की दिव्य महक आती है, पर यह चलन बंद होना चाहिए।

केंद्र और राज्यों के नीति-निर्धारकों का यह दायित्व है कि वे समाज को सही दिशा दें। नायक बनकर उभरें। आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श स्थापित करें। यह किसी से छुपा नहीं है कि आतिशबाजी के कारण हर साल अरबों रुपये की संपत्ति आग में स्वाह हो जाती है। आतिशबाजी के चलते बेजुबान जानवरों की जान खतरे में पड़ जाती है। देश भर के करोड़ों अस्थमा मरीज तड़पने लगते हैं। पटाखों के कारण बहुत सारे लोग सिर्फ एक चिंगारी से अपने आंखों की रोशनी खो देते हैं। इसलिए केंद्र सरकार को चाहिए कि वह बारूद के इस कारोबार पर प्रतिबंध लगाए। यह जरूरी है कि बिना किसी धार्मिक भेदभाव के साल के 365 दिन पटाखों पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। यहां यह जानना दिलचस्प होगा कि हर राज्य में बिकने वाले पटाखे, फुलझड़ियां आदि की अधिकतर आपूर्ति तमिलनाडु के शिवकाशी से होता है। वहां घर-घर पटाखे बनते हैं। पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से इस साल 30 फीसदी कम पटाखे बने। तब भी इस वर्ष शिवकाशी के पटाखा निमार्ताओं ने 6,000 करोड़ रुपये का धंधा किया। यह बहुत बड़ा आंकड़ा है। शिवकाशी का आतिशबाजी उद्योग करीब 100 साल पुराना है। शिवकाशी में करीब 1,150 पटाखा कारखाना हैं। इन कारखानों में लगभग चार लाख श्रमिक काम करते हैं। यह शहर देश के लगभग 70 फीसदी पटाखों का उत्पादन करता है।

## सूडोकु नवताल- 7240

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

Jagrutiduniya.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7239 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

# पाकी में बिट्टू सिंह सभी पर भारी पड़ रहे हैं : कौशल किशोर

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** व्यक्तित्व व्यवहार के कारण लोग जुड़ रहे हैं बिट्टू सिंह जी से अभी विधानसभा का चुनाव का दौर चल रहा है। एक से एक प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र में उतरे हैं, सभी प्रत्याशि लोक लुभावन बातें जनता के बीच कर रहे हैं। इसी कड़ी में पांकी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह चुनावी मैदान में उतरे हैं, जिनका चुनाव चिन्ह ट्रक छाप है क्रमांक संख्या 6 पर अंकित है।पूरे विधानसभा क्षेत्र में यह चर्चा का माहौल बना हुआ है कि इस बार भी फिर विदेश सिंह की कहानी पांकी विधानसभा में दोहराने जा रही है।

इस बार फिर से बिट्टू सिंह जी निर्दलीय प्रत्याशी होकर के चुनाव भारी बहुमत से जीतने जा रहे हैं जैसा कि आपको मालूम होगा कि भाजपा ने फिर से ऐसे उम्मीदवार को टिकट दिया है, जो पिछले 5 सालों तक विधायक रहकर के भी वे अपने कार्यकर्ताओं को इज्जत नहीं किये अपने क्षेत्र की जनता को कभी मान सम्मान नहीं दिया और नहीं अपने क्षेत्र में विकास की एक लकीर भी खींच पाए अब ऐसे प्रतिनिधि पर ऐसे नेता पर आखिर पांकी विधानसभा की जनता कैसे विश्वास करें और क्यों करें जो 5 साल रह करके भी क्षेत्र की समस्या पर न कभी बोल पाय और नहीं कभी क्षेत्र की समस्या को सुलझाने का प्रयास किये, आज अगर वे काम किए होते तो उन्हें दर-दर भटकने की जरूरत नहीं थी। उनका काम बोलता और काम के बदौलत उन्हें वोट मिलता लेकिन जात-पात की धर्म की राजनीति करने वाले व्यक्ति को इस बार पांकी विधानसभा की जनता पूरी तरह से खारिज कर चुकी है और कुशल व्यावहारिक युवा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को अपना विधायक बनाने का मन बना चुके हैं।

इस बार भी पांकी विधानसभा क्षेत्र में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बिट्टू सिंह जी भारी बहुमत से चुनाव जीतने जा रहे हैं। यह मैं नहीं बोल रहा हूं यह पांकी की जनता बोल रही है।

मैं सभी पांकी विधानसभा की तमाम जनता से अनुरोध करूंगा कि आप एक बार वोट करने से पहले क्षेत्र की समस्या पर जरूर विचार कर लीजिएगा और आपके क्षेत्र की जो समस्या है। सिंचाई की व्यवस्था ,सड़क, शिक्षा स्वास्थ्य पर कितना काम हुआ अगर काम हुआ है, तो इस पर विचार करके आप अपना मतदान जरूर करेंगे।

# बसपा प्रत्याशी अजय मेटल का भव्य रोड शो चुनावी समर्थन के लिए जनता से की अपील

संवाददाता



**गढ़वा।** बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार चौधरी उर्फ अजय मेटल ने अपने समर्थकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार रोड शो का आयोजन कर शक्ति प्रदर्शन किया। यह रोड शो रमकंडा प्रखंड के जासोबार से शुरू होकर हरहे, चपरी, उदयपुर, कुंदगा बघमरी, रक्सी, नुंदाग, मुरली मंगरही होते हुए रमकंडा मुख्य बाजार तक निकाला गया। रोड शो के दौरान अजय मेटल ने जनता से आगामी 13 नवंबर को हाथी छाप चुनाव चिन्ह (क्रम संख्या एक) पर वोट देकर अपना समर्थन देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से मुझे जीत मिलेगी, ताकि मैं आपके अधिकारों और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष कर सकूं।

अजय मेटल ने आगे कहा कि आजादी के बाद से गढ़वा विधानसभा क्षेत्र पर कांग्रेस, राजद और झामुमो का कब्जा रहा है, लेकिन जनता को उनका हक नहीं मिला। भ्रष्टाचार और लूट की राजनीति ने गरीबों, मजदूरों, किसानों, और दलितों को आर्थिक संकट में डाल दिया है।रमकंडा बाजार में आयोजित सभा में बसपा के स्टार प्रचारक और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार रवि ने कहा कि बसपा ही गरीब जनता का भला कर सकती है।

इस बार गढ़वा की जनता ने बसपा के पक्ष में बदलाव का मन बना लिया है। रोड शो में बसपा के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं सहित हजारों समर्थक उपस्थित थे, जिनमें विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानी राम, युवा नेता कुंदन मेहता, बसपा नेता नंदा पासवान, रमकंडा प्रखंड अध्यक्ष रमेश चौधरी, कुलदीप राम, आलम अंसारी, गुडु चौधरी, और मिडिया प्रभारी ललन चौधरी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सुतत्व ऋजु ने राज्य स्तरीय साइकलिंग में जीता चौथा स्वर्ण पदक



**मेदिनीनगर।** 11वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर /जूनियर / सब जूनियर /यूथ/ बालक /बालिका /महिला पुरुष रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ मेगा स्पोर्ट्स कंपलेक्स खेल गांव में मुख्य अतिथि झारखंड एथलेटिक्स संघ के सचिव एसके पांडे एवं साइकलिंग वुशु संघ के अध्यक्ष चंचल भट्टाचार्य ने फ्लैग ऑफ तथा गुब्बारे उड़ाकर किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 220 प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईआईटी यूथ बालक 6 किलोमीटर में पलामू के मूल निवासी एवं रांची के ए एस टीवीएस जिला स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र सुतत्व ऋजु ने टाइम ट्रायल और मास स्टार्ट रेस में स्वर्ण पदक जीतकर एक बार फिर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। रांची के टीम से अंडर 14 में खेलने वाले सुतत्व ऋजु अपने अथक प्रयास से राज्य स्तर पर चार स्वर्ण जीत चुके हैं एवं अपने राज्य की तरफ से राष्ट्रीय साइकिलिंग प्रतियोगिता में परचम लहरा ने के लिए दिन-रात अथक परिश्रम कर रहे हैं जिससे विश्व पटल पर पलामू का नाम द्रष्टव्य हो सके। पूरे राज्य की शुभकामनाएं उनके साथ है।

### बेहोशी की हालत में पड़ी महिला को पुलिस ने सुरक्षित पहुंचाया घर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना के टिओपी 2 प्रभारी और टाइगर मोबाइल के जवान नेक काम करने में कभी भी पीछे नहीं हटते है। हाल में ही टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह और टाइगर मोबाइल के जवान राजेश कुमार चंद्रवंशी, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे ने नेक काम किया है। बताते चले की शनिवार को शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा दो नंबर टाउन टीवीएस शोरूम के पास एक महिला गौरी देवी शनिवार की सुबह करीब 4:00 बजे बेहोशी की हालत में पड़ी हुई थी। इसके बाद किसी व्यक्ति के द्वारा बेहोश पड़ी महिला के बारे में जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह टाइगर मोबाइल के जवान राजेश चंद्रवंशी और सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचकर बेहोश पड़ी महिला को उठाकर उसको अपना घर पहुंचाया। महिला शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज की रहने वाली है। इस नेक काम के लिए महिला के परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया है।

### ह्रदय गति रुकने से एक व्यक्ति की मौत

**मेदिनीनगर।** अपने भाई की मौत की खबर सुनकर छतरपुर थाना क्षेत्र के मनहू गांव निवासी झगड़ साव उम्र 60 वर्ष की ह्रदय गति रुकने के कारण मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि झगड़ साव के छोटे भाई नंदू साव उम्र 58 वर्ष कई दिनों से बीमार चल रहे थे। रविवार को इलाज के दौरान नंदू साव की मौत हो गई। उनकी मौत की खबर सुन कर झगड़ साव की ह्रदय गति रुक गई। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। एक घर में एक साथ दो लोगों की मौत के बाद घर वालों में दुख का पहाड़ टूट गया है। वही इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### सड़क दुर्घटनाः मंत्री ने घायलों को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल, इलाज के निर्देश दिए



**गढ़वा।** बंशीधर नगर मार्ग पर नेनुआ मोड़ के पास सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें टेंपो की टक्कर से टेंपो चालक और एक महिला यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान उसी मार्ग से गुजर रहे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए तुरंत घायलों की मदद की और उन्हें अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया। हादसे में घायल व्यक्तियों की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के मेराल पुरवारी टोला निवासी स्वर्गीय सरजू माली के पुत्र सुनील माली और गढ़वा थाना क्षेत्र के चिरौंजीय मस्जिद टोला गांव की रहने वाली विजय पासवान की पत्नी सरिता देवी (35 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि सुनील माली टेंपो चालक हैं और वे सोमवार को अपने कार्य के सिलसिले में गढ़वा आए थे। वापस लौटते समय उन्होंने सरिता देवी को भी मेराल की ओर जाने के लिए टेंपो में सवारी दी थी। नेनुआ मोड़ के पास एक खड़े ट्रक से टेंपो की जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें बैठे सुनील माली और सरिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न कोषांगों की समीक्षा की, कहा

# निर्वाचन कार्य में छोटी सी लापरवाही भी बर्दाश्त नहीं

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को पांचो विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारियों, विभिन्न कोषांगों व उनके प्रभारी पदाधिकारियों संग बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उन्होंने एक-एक कर सभी कोषांगों द्वारा किये जा रहे कार्यों से अवगत हुए।

इसमें मुख्य रूप से ईवीएम/वीवीपैट कोषांग, सामग्री कोषांग, वाहन कोषांग, एमसीसी सेल, निर्वाचन कोषांग, पोस्टल बैलेट सेल, सेवा मतपत्र, मीडिया कोषांग आदि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दिनांक 3 नवंबर को होम वोटिंग व सुविधा केंद्र पर कितना मतदान हुआ से संबंधित पूरी जानकारी ली। इसी तरह उन्होंने पांचो विधानसभा में वोटर इनफार्मेशन स्लिप के वितरण की भी जानकारी ली।

बैठक में उन्होंने सभी से स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में छोटी लापरवाही को भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दिशा में आवश्यक हो जाता है कि पूरे चुनाव प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग के दिशानिदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन हो।

बैठक में उन्होंने सेक्टर पदाधिकारी का तामिला,स्वीप गतिविधियों की भी जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ को असिस्ट करने को लेकर जो वॉलिंटर्स रहेंगे उनको प्रशिक्षित करने पर बल दिया। इसी तरह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन ने अन्य कई बिंदुओं पर भी समीक्षा करते हुए कई निर्देश दिये।

# पांच सालों के अत्याचारों से मुक्त होना चाह रही है जनता : चंचला



संवाददाता

**पलामू।** विधायक बसपा प्रत्याशी चंचला देवी ने जनता से आशीर्वाद मांगी। सोमवार को कई गांवों में पहुंच कर बसपा प्रत्याशी चंचला देवी ने वोट मांगी।

पाटन प्रखंड में बसपा प्रत्याशी का ग्रामीणों ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया। वहीं महिलाओं ने कहा कि मायावती दीदी के वे लोग फेन है। वहीं काला पहाड़ लोइगा अंगरा सतहे सतौवा के गांवों में चंचला देवी ने लोगों से सहयोग मांगी। वहीं जनसंपर्क अभियान के दौरान पत्रकारों के सवाल के जवाब में बसपा प्रत्याशी ने कहा कि पिछले 5 सालों से क्षेत्र की जनता का सम्मान खतरे में है। लोग कमीशनखोरी के विकास से परेशान हैं और अत्याचार से मुक्त होना चाह रहे है।

चंचला देवी ने कहीं कि जिस गांव में जाता हूं। वहां के लोग कहते है कि ये चुनाव आपका नहीं। हम सभी का है और हम सभी के सम्मान की लड़ाई हो चुकी है कहा कि समय आने दीजिये, लोग देखेंगे विकास का सच लोग समय पर इसे देखेंगे। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने किया चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

संवाददाता



**लातेहार।** मनिका समाजवादी पार्टी के मनिका विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने सोमवार को अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित लैंपस के चंदन कुमार के नव निर्मित भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों समर्थक शामिल हुए, जिनकी उपस्थिति ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। रघुपाल सिंह ने रिबन काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया, जिसके साथ ही चुनावी तैयारियों का बिगुल बज उठा। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ब्यास गोंड, प्रदेश प्रवक्ता रामदेव यादव, जिला अध्यक्ष बलि यादव, मोहर सिंह यादव, खरवार संघ के केंद्रीय अध्यक्ष जानकी सिंह सहित समाजवादी पार्टी के कई प्रमुख नेता, कार्यकर्ता और पदाधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव में जीत के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया।

रघुपाल सिंह ने पहले भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। वह पहले भाजपा के उम्मीदवार के रूप में 2019 के विधानसभा चुनाव में मनिका से चुनाव लड़ चुके हैं, भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा उन्हें भीतरघात उन्हें हरा दिया गया था, लेकिन इस बार समाजवादी पार्टी से ताल ठोंक रहे हैं। रघुपाल सिंह ने कहा कि उनका उद्देश्य मनिका विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई दिशा देना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम करेंगे। कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने चुनावी रणनीति पर भी चर्चा की और क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं में गहरा उत्साह देखा गया, जो पार्टी को मजबूत स्थिति में देखने के लिए तैयार हैं।

# महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

संवाददाता



**लातेहार।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के पास मनोज जायसवाल के नव निर्मित भवन में मंगलवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने अपने चुनावी कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। पूर्व विधायक रामचंद्र सिंह ने महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर कांग्रेस प्रत्याशी का उत्साहवर्धन किया। रामचंद्र सिंह ने इस दौरान अपने संबोधन में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए महागठबंधन संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जनता ने उनका समर्थन करके उन्हें पहले भी मौका दिया था, और इस बार फिर से उनका आशीर्वाद पाकर वे क्षेत्र के विकास कार्यों को नए स्तर पर ले जाएंगे।

सिंह ने महागठबंधन के कार्यकर्ता को बढ़ावा देते हुए कहा कि वे हमेशा जनता के हितों के साथ खड़े रहेंगे और रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मुद्दों पर प्राथमिकता से काम करेंगे। इस मौके पर महागठबंधन के नेताओं ने एकजुटता का संदेश देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में नारे लगाए और अपनी प्रतिबद्धता जताई। समर्थकों की भारी भीड़ और गगनभेदी नारों के बीच माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा। समारोह में उपस्थित हजारों कार्यकताओं ने रामचंद्र सिंह के प्रति समर्थन जताया और उन्हें चुनाव में विजय का आशीर्वाद दिया। चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के बाद कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया, और उन्होंने अपने प्रत्याशी के लिए दिन-रात प्रचार करने का संकल्प लिया।

# छठ महापर्व को लेकर सजा बाजार, खरीददारी में जुटे श्रद्धालु

संवाददाता

- बड़ी संख्या में लोगों ने पूजन सामग्री की खरीदारी की
- नहाय खाय अनुष्ठान के साथ छठ महापर्व शुरू होगा



**मेदिनीनगर।** प्रकाश का पर्व दीपावली बीतने के बाद अब पलामू में सूयोर्पासना का महापर्व छठ की तैयारी जोरों पर चल रही है। पलामू जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों के लोगों में छठ महापर्व को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। हालांकि छठ व्रत करने वाले श्रद्धालु पिछले कई दिनों से इस त्योहार की तैयारी कर रहे हैं। इस महापर्व से जुड़े सामान की खरीदारी लगभग पूरी हो गयी है। मंगलवार को नहाय खाय अनुष्ठान के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा।

इस महापर्व को लेकर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित सभी प्रखंडों के बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ देखी गयी। लोग अपनी जरूरत के मुताबिक छठ महापर्व से जुड़ी सामग्री की खरीदारी करते दिखे। लोक आस्था का महापर्व छठ मंगलवार से शुरू हो रहा है। इसे लेकर बाजार सजे हैं।

बड़ी संख्या में लोगों ने पूजन सामग्री की खरीदारी की। मंगलवार को नहाय खाय अनुष्ठान के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व शुरू होगा। जिला मुख्यालय मेदिनीनगर सहित सभी प्रखंडों के बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ दिखी। सूर्य उपासना व अटूट आस्था का महापर्व छठ को लेकर बाजार गुलजार हो गया है। दुकानदार अपने दुकानों में छठ पूजा के सभी सामान सजा कर तैयार है।

दुकान सजते ही खरीदारों और व्रतियों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी है। बता दें कि मंगलवार से छठ महापर्व की शुरूआत हो गयी है। जहां नहाय- खाय के बाद श्रद्धालु फल की खरीदारी में जुट गये है। पलामू में छठ को लेकर लोगों में काफी आस्था है, जिसे जगह-जगह छठ के गीत गुंज रहे है। भक्तिमय वातावरण के बीच कई सामाजिक व सरकारी संगठन छठ व्रतियों के लिए साड़ी-धोती, सूप-दौरा एवं छठ पूजा के जरूरी सामग्री के साथ-साथ आर्थिक सहयोग देने में भी जुट गए हैं। मार्केट को देख कर ऐसा लग रहा है कि पिछले साल की तुलना में इस साल छठ व्रतियों की संख्या अधिक है। जिसे लेकर जिला प्रशासन भी काफी सक्रिय है। जिल के विभिन्न छठ घाटों पर सफाई शुरू हो गयी है।

छठ घाटों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने में प्रशासन जुटा हुआ है। इस कार्य में सामाजिक संगठन व समाजसेवी प्रशासन का सहयोग दे रहे हैं। छठ की जोरदार खरीदारी से बाजार पूरी तरह से शबाब पर है। छठ पर भयावह मंहगाई के बीच आस्था भारी पड़ रहा है। बाजार क्षेत्र के विभिन्न मंडियों के अलावे चौक-चौराहा पर छठ सामाग्री की दुकानें सजी पड़ी हुई है।

### श्री सूर्यनारायण समिति ने शुरू की छठ पूजा की तैयारी

**लातेहार।** श्री सूर्यनारायण पूजा समिति, चाणक्यूनगरी ने आस्थाा व विश्वाशस का लोकपर्व छठ की तैयारियां शुरू कर दी है। समिति के अध्याक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि समिति के द्वारा इस वर्ष भी छठ व्रतियों को हर प्रकार की सुविधायें दी जायेगी। उन्होंने बताया कि औरंगा नदी की जलधारा को मोड़ कर छठ व्रतियों के लिए सूखी जमीन उपलब्धय कराने के लिए जेसीबी मशीन से मेढ़ बनायी जा रही है। शहर के थाना चौक से राजहार एवं चटनाही मोड़ से छठ घाट तक आकर्षक वद्युत सजा और ध्वीनि की जा रही है। कई जगहों पर तोरणद्वार बनाये गये हैं, आरडी कांप्लेवक्सो के पास वाहनों के लिए पार्किंग की व्यइवस्था की जा रही है। बताया कि इस बार भी छठ पूजा महोत्सडव का मुख्य आकर्षण गंगा आरती होगी। कहा कि संध्या व प्रातः अर्घ्यर के दौरान वाराणसी से आये पुरोहितों के द्वारा गंगा आरती की जायेगी। औरंगा नदी स्थित मुख्य छठ घाट में छठ व्रतियों के अस्था यी रूप से स्नागनागार एवं प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है। भगवान सूर्य की प्रतिमा स्थावपित कर पूजा अर्चना की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस पर हमला मामले का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पहाड़पुर थाना पुलिस पर हुए हमला मामले के मुख्य अभियुक्त मनोज प्रसाद कुशवाहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उक्त आरोपित को पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र से पकड़ा गया है।इसकी जानकारी देते एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि अरेराज डीएसपी रंजन कुमार के नेतृत्व में अरेराज सर्किल इंस्पेक्टर, हरसिद्धि थाना के दारोगा रविरंजन, पहाड़पुर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार व चौकीदार तफसीर आलम, चौकीदार रामबाबू यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियो की टीम ने इसे गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक चार गिरफ्तारी हो चुकी है,जबकि अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है।उल्लेखनीय है,कि बीते दिनो पहाड़पुर के सरैया पंचायत के लिपनी गांव में लड़की के अपहरण मामले के एक अभियुक्त को छुड़ाने के लिए पुलिस पर हमला किया गया था। जिसमे एक एसआई समेत दो पुलिसकर्मी गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। आरोपियो ने इस दौरान दारोगा का पिस्टल भी छीनने का प्रयास किया था।

### घाटों पर छठ की तैयारी का एसडीएम व एसडीपीओ ने लिया जायजा

**अररिया।** अररिया सदर एसडीएम अनिकेत कुमार और एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने जोकीहाट के विभिन्न स्थानों पर छठ घाट का जायजा लिया। सदर एसडीएम और एसडीपीओ ने अधिकारियों के साथ घाट निर्माण सहित रोशनी के इंतजाम और विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जायजा लेते हुए संबंधित प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर जानकारी देते हुए सदर एसडीएम अनिकेत कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर संवेदनशील है। छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो,इसके लिए सारे इंतजाम किए जा रहे हैं।संवेदनशील और गहरे पानी वाले घाटों पर प्रशासन की ओर बेरीकेडिंग की जाएगी। साथ ही घाट पर वॉच टावर के साथ वीडियोग्राफी और ड्रोन कैमरे की मदद से निगरानी की जाएगी। एसडीपीओ रामपुकार सिंह ने कहा कि लोक आस्था के महापर्व छठ में विधि व्यवस्था को पुलिस प्रशासन की पूरी तैयारी है।घाटों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारियों और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी।आपसी सौहार्द्र को लेकर सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर रखे जाने की बात एसडीपीओ ने कही।

### वोटिंग टिकट और नौकरी के नाम पर वित्तीय धोखाधड़ी

**कोलकाता।** वोट के टिकट और नौकरी दिलाने के नाम पर आर्थिक धोखाधड़ी का आरोप। आरोपी पूर्व केंद्रीय मंत्री निशीथ प्रमाणिक का आप्त सहायक परिमल रॉय है। शिकायत दर्ज होते ही मैनागुड़ी थाने की पुलिस ने जांच शुरू कर दी। पता चला है कि शिकायतकर्ता का नाम बिश्वनाथ शील है। इलाके में उनकी पहचान बीजेपी नेता के तौर पर है। वह 2016 में बीजेपी के मंडल अध्यक्ष थे। कथित तौर पर, निशीथ प्रमाणिक के आप्त सहायक परिमल रॉय ने उन्हें प्रलोभन दिया कि वह विधानसभा के लिए उम्मीदवार होंगे। बात यहीं खत्म नहीं होती। उन्होंने विश्वनाथ के एक रिश्तेदार समेत कुछ अन्य लोगों को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। इसके लिए उसने कई लाख रुपये भी हड़प लिए। काफी समय बीत जाने के बाद भी किसी को नौकरी नहीं मिली। परिमल से इस बारे में कई बार पूछा लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। नौकरी नहीं मिली। बाद में, बिश्वनाथबाबु पैसे वापस चाहते है। लेकिन पैसे नहीं मिला। एक समय पर, बिश्वनाथ शील को पुलिस के द्वारस्थ होने के लिए मजबूर होना पड़ा। जलपाईगुड़ी के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि उनकी शिकायत के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक, "पैसा दिए हुए काफी समय बीत चुका है। पैसा और नौकरी नहीं मिला। इसके बाद मुझे पुलिस के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

### अपराधियों ने गोली मारकर की स्टोर गार्ड की हत्या

**भागलपुर।** जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के अगुवानी संपर्क पथ पर स्थित एक स्टोर के गार्ड रमेश कुमार सिंह (25) की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना नासोपुर चौक के समीप की है। वहां रमेश अपने भतीजे और एक मित्र के साथ रसगुल्ला खा रहा था। बताया जा रहा है तीन से चार की संख्या में अपराधी वहां पहुंचे और रमेश पर गोलियां चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे और घायल रमेश को एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया । थानाध्यक्ष प्रियरंजन ने बताया कि इस हत्या के पीछे आपसी रंजिश का संदेह जताया जा रहा है। रमेश के परिवार में मातम का माहौल है। उसके पिता हरकित सिंह और भाभी सेंपू देवी ने बताया कि रमेश की शादी केवल आठ महीने पहले काजल कुमारी से हुई थी। यह परिवार पहले भी अपराधियों के हाथों दुख झेल चुका है। क्योंकि 25 वर्ष पूर्व रमेश के बड़े भाई अशोक कुमार सिंह की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उधर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एफएसएल टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर छानबीन भी की है।

# खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी मेडल जीतें, सरकार उन्हें नौकरी देगी: नीतीश कुमार

एजेंसी



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने को लेकर लगातार काम कर रही है। नीतीश कुमार ने वर्ष 2010 में ही घोषणा करते हुए कहा था कि खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी मेडल जीतें, सरकार उन्हें नौकरी देगी। इसके तहत वर्ष 2010 में 33 खिलाड़ियों, वर्ष 2011 में 125 खिलाड़ियों, वर्ष 2015 में 82 खिलाड़ियों तथा वर्ष 2020 में 31 खिलाड़ियों को मिलाकर कुल 271 खिलाड़ियों को लिपिक वर्ग की नौकरियां दी गयी थीं। राज्य में खेलों के प्रति युवाओं की रूचि बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ तर्ज पर ह्यबिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली-2023 बनायी गयी है। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पदक जीतनेवाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी विभागों में नियुक्ति देने का प्रावधान किया गया है। इसके तहत वर्ष 2023-24 में मेडल लाओ-नौकरी पाओ योजना के अंतर्गत 71 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को परीक्षा और इंटरव्यू के बिना विभिन्न सरकारी विभागों में क्लास वन की सरकारी नौकरी का सीधे नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया है। अबतक बिहार में 342 खिलाड़ियों को नौकरी दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में रेल मंत्री थे तो उसी समय इन्होंने रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की व्यवस्था की थी। इसी व्यवस्था के तहत अब तक देशभर के सैकड़ों खिलाड़ियों को रेलवे में नौकरी दी गयी है। रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी मिलने से उनका उत्साह बढ़ा है। रेलवे में खिलाड़ियों को नौकरी देने की तर्ज पर ही नीतीश कुमार ने वर्ष 2010 से बिहार में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी देना शुरू किया गया। राज्य सरकार के द्वारा मेडल लाओ नौकरी पाओ की तर्ज पर बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली 2023 बनायी गयी है। इसके तहत राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में मेडल पानेवाले खिलाड़ियों को सीधे नौकरी दी जायेगी। इस नये नियम के अनुसार खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने पर एसडीओ एवं डीएसपी तक बनने का मौका मिलेगा। इस नियमावली के तहत हाल ही में 71 खिलाडियों को नौकरी दी गयी है, जिसमें 2 को पदाधिकारी की नौकरी दी गयी है, जिसमें बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी शामिल हैं। साथ ही 69 को पुलिस अवर निरीक्षक, समाज कल्याण विभाग में अधीक्षक एवं डाटा इन्ट्री ऑपरेटर एवं लिपिक की नौकरियां दी गयी हैं। बिहार में खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए हर स्तर पर खेल सुविधायें विकसित की जा रही हैं ताकि बच्चे पढ़ें भी और खेलें भी। राज्य में प्रखंड स्तर पर स्टेडियम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें अब तक लगभग 250 स्टेडियमों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। खिलाड़ियों को राज्य के बाहर बेहतर प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है।

### आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या का मामला

## मुख्य आरोपित सिविक वोलंटियर कोर्ट में पेश, चार्ज गठन की प्रक्रिया शुरू

एजेंसी

**कोलकाता।** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में मुख्य आरोपित सिविक वोलंटियर को सोमवार दोपहर सियालदह कोर्ट में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आरोपित को प्रेसिडेंसी जेल से अदालत लाया गया, जहां दोपहर दो बजे से मामले में बंद कमरे में सुनवाई शुरू होने की संभावना है। इस सुनवाई में आरोपित के खिलाफ चार्ज गठन की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी, जिससे अदालती प्रक्रिया की शुरूआत होगी।




यह घटना नौ अगस्त की है, जब आरजी कर अस्पताल के इमरजेंसी विभाग की चौथी मंजिल के एक सेमिनार हॉल से महिला डॉक्टर का शव बरामद हुआ था। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया कि महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद उसी रात कोलकाता पुलिस ने चौथे बटालियन के बैरक से आरोपित सिविक वोलंटियर को गिरफ्तार किया था। बाद में कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई।

इस मामले में सीबीआई ने 58 दिनों की गहन जांच के बाद सात अक्टूबर को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में आरोपित सिविक वोलंटियर के खिलाफ कई पुख्ता सबूत प्रस्तुत किए गए हैं। सीबीआई की चार्जशीट में 11 प्रमुख साक्ष्यों का उल्लेख किया गया है, जिसमें प्रत्यक्षदर्शियों के बयान, वीडियो फुटेज और फोरेंसिक रिपोर्ट शामिल हैं। इन सबूतों से यह साबित करने की कोशिश की गई है कि आर.जी. कर अस्पताल की महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या में सिविक वोलंटियर का ही हाथ था। सोमवार को ही आर.जी. कर अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के पूर्व प्रभारी अभिजीत मंडल की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त हो रही है। इन दोनों को भी आर.जी. कर अस्पताल से जुड़े आर्थिक घोटाले के मामले में अलीपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। सीबीआई की चार्जशीट में संदीप घोष और अभिजीत मंडल के खिलाफ जांच जारी रहने का उल्लेख है, ताकि पता लगाया जा सके कि इस घटना के पीछे कोई बड़ी साजिश तो नहीं है और कहीं अन्य लोग इसमें शामिल तो नहीं हैं। मंगलवार को इस मामले से संबंधित एक और सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में भी होने वाली है।

## माकपा का 24वां जिला सम्मेलन 23-24 नवंबर को होगा

एजेंसी

**सहरसा।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी जिला कमिटी सहरसा की बैठक का. गणेश प्रसाद सुमन की अध्यक्षता में शारदा नगर स्थित पार्टी कार्यालय सहरसा में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत में का. सीताराम येचुरी को एक मिनट मौन रख श्रद्धांजलि दी गई। राज्य प्रभारी का. बिनोद कुमार ने देश दुनिया की विस्तार से चर्चा करते कहा कि धर्म सम्प्रदाय जात पात साम्राज्यवाद पूंजीवाद का विकल्प वामपंथ ही हो सकता। उदाहरण स्वरुप तत्काल में श्रीलंका की घटना को देखा जा सकता है।

देश के मूलभूत सुविधाओं पर कोई बात नहीं हो। हिन्दू मुस्लिम के नाम पर नफरत फैलायी जा रही है। जो दूर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा सीपीएम का सांगठनिक वर्ष चल रहा है। पार्टी का महाधिवेशन तामिलनाडु के मदूरै शहर में 2 - 6 अप्रैल 2025 को होने जा रहा है। राज्य सम्मेलन 22 - 24 दिसम्बर को दरभंगा में आयोजित है। इसी की सफलता हेतु पुरे देश में पार्टी के शाखा, अंचल/लोकल, एवं जिला सम्मेलन तेजी से हो रहा है। पार्टी के हर सम्मेलन में हर स्तर पर सभी जनसमस्याओं , राजनीतिक सांगठनिक मुद्दे पर चर्चा और बहस मुहावसे हो रहे है। महाधिवेशन में राजनीतिक, सांगठनिक और आंदोलनात्मक लाइन अगले तीन वर्षों के लिए तय किये जाएंगे। पार्टी जिला सचिव रणधीर यादव द्वारा समीक्षा रिपोर्ट पेश किया गया जिस पर बहस मुहावसे बाद सर्वसम्मति से पारित किया गया। पार्टी जिला सचिव ने कहा कि 23-24 नवंबर 2024. को सत्तर कटैया अंचल के



वरहशेर पंचायत कुम्हराघाट बाढ़ आश्रय स्थल प्रांगण मैदान में आहूत सहरसा पार्टी के 24 वें जिला सम्मेलन में पुरे जिले से 265 चुने प्रतिनिधि भाग लेंगे। जिला सम्मेलन हेतु स्वागत समिति का गढ़न कर तैयारी जोरों पर है। जिला सम्मेलन में पार्टी पोलिट ब्यूरो सदस्य का. बृंदा करात, केन्द्रीय कमेटी सदस्य का. अवधेश कुमार, पार्टी राज्य सचिव का. ललन चौधरी,सहरसा पार्टी प्रभारी सह पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य का. बिनोद कुमार को भाग लेने की संभावना है। सम्मेलन के अवसर पर प्रथम दिन खुलाधिवेशन के रूप में विशाल सभा आयोजित करने का भी फैसला बैठक में लिया गया। बैठक में पार्टी जिला कमेटी के कामरेड रामचंद्र महतो सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## भारतीय संस्कृति का संरक्षक बना 100 वर्षों के परंपरागत भक्ति जागरण कार्यक्रम

एजेंसी

**नवादा।** नवादा प्रखंड के औरैना ग्राम में 100 वर्षों से भी अधिक समय से लगातार चलते आ रहे भक्ति जागरण कार्यक्रम में सोमवार को श्रद्धालु झूमते रहे। चार दिवसीय भक्ति संगीत एवं जागरण कार्यक्रम के साथ-साथ हजारों दिए एक साथ जलाने के कार्यक्रम का उद्घाटन शिक्षाविद एवं समाजसेवी और मॉडर्न शैक्षणिक समूह नवादा के निदेशक डॉ अनुज सिंह के द्वारा किया गया। समिति के सुमन राय, दीपक कुमार, धीरज कुमार सहित सभी ग्रामीण जन के आमंत्रण पर समारोह में पहुंचे डॉ अनुज सिंह ने कहा कि यहां पिछ्ले 100 से वर्षों से लक्ष्मी पूजा होते आ रही है ,जो भारतीय संस्कृति की रक्षा का संवाहक बनी है।यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है। सैकड़ो वर्षों से अनवरत पूजा होते रहना एक बड़ी बात है और इसके लिए सभी ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। दीपावली ,लक्ष्मी पूजा, छठ पूजा आदि की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि यह गांव के लोगों का दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूजा पाठ के आयोजन से आज की हमारी जो पीढ़ियां है और हमारे बच्चे हैं उनके ऊपर इसका बहुत अच्छा असर होता है। हम सभी को अपने बच्चों को धार्मिक अनुष्ठान से जोड़ना चाहिए और यथासंभव प्रत्येक बच्चा को बढ़िया शिक्षा दीक्षा का प्रबंध करना चाहिए। उन्होंने ग्राम वासियों से अपील किया इस तरह का आयोजन करते रहें । अपने बच्चों को धर्म और शिक्षा से जोड़कर रखें। साथ ही प्रत्येक घर के बड़े बुजुर्ग अपने बच्चों को अच्छी तरह शिक्षा दीक्षा देने में कोई कसर न छोड़। पचाढा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार , समाजसेवी संजय कुमार ,दिलीप कुमार, विपिन कुमार आदि सामाजिक कार्यकर्ता डॉ अनुज सिंह के साथ थे। इस अवसर पर औरैना ग्राम के पैक्स अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह सहित हजारों ग्रामीण महिला पुरुष भक्ति संगीत का आनंद लेने के लिए वहां मौजूद थे।

## टैलीगंज संबोधि बुद्ध विहार दानोत्तम तिषक चीबर दानोत्सव

संवाददाता

**कोलकाता।** बौद्ध लोग शुभता की आशा में हर साल बौद्ध भिक्षुओं को तीन चीबरा या कपड़ों के चार टुकड़े दान करते हैं। वषार्वास व्रत के दौरान बौद्ध भिक्षुओं को ये वस्त्र देने की प्रथा है, जो आमतौर पर अशारी पूर्णिमा से शुरू होता है। गैरिक वस्त्र जो विशेष रूप से सूती धागे से बनाए जाते हैं, सूर्योदय और सूर्यास्त के बीच ईमानदारी से कपड़ा बुनते हैं, गैरिक रंगते हैं और विभिन्न अनुष्ठानों और धार्मिक नियमों के अनुसार बौद्ध भिक्षुओं को देते हैं। इस वर्ष टालीगंज के मूर एवेन्यू बुद्ध समिति की ओर से 16वें दानोत्तम शुभ ताश चीबर दोनत्सव एवं मेधावी छात्रों का आयोजन किया गया।

टालीगंज संबोधि बुद्ध विहार में सम्मान और छात्रवृत्ति प्रदान करने का आयोजन किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश से बौद्ध भिक्षुओं ने हिस्सा लिया. श्रद्धालु इन तीनों चीबराओं को



आदरपूर्वक बौद्ध भिक्षुओं को सौंप देते हैं।

संस्था की ओर से माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक के छात्र-छात्राओं को सम्मान पत्र सौंपा गया। इसके अलावा अल्पसंख्यकों के विकास के लिए पश्चिम बंगाल अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की पहल पर एक परिचर्चा बैठक का आयोजन किया गया. वहां विभिन्न धर्मों के लोगों ने भाग लिया. बौद्ध भिक्षु आम लोगों की भलाई के लिए प्रार्थना करने के लिए क्षेत्र की तीर्थयात्रा करते हैं। मार्च का नेतृत्व टालीगंज संबोधि बुद्ध विहार के निदेशक डॉ अरुणज्योति भिक्षु ने किया` उन्होंने कहा कि गौतम बुद्ध द्वारा दिखाया गया मार्ग आज भी बहुत प्रासंगिक है। इसी तरह हम सभी को आगे बढ़ना है।' कार्यक्रम की अध्यक्षता संघराज रतनज्योति महाथिर, दिकपाल महाथिर, दत्तक ब्रिटिश उच्चायुक्त एंड्रयू फ्लेमिंग ने की और लगभग 1000 श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दक्षिण 24 परगना के मन्मथपुर में गोन भाईफोंटा

**कोलकाता।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मन्मथपुर प्रणव मंदिर द्वारा मंदिर परिसर में गण भिफोंटा का आयोजन किया गया। इस वर्ष भारत सेवाश्रम संघ के यशस्वी संस्थापक स्वामी प्रणबानंदजी महाराज की 129वीं जयंती के अवसर पर भाईहीन बहनों के दिलों में मुस्कान लाने के लिए यह भव्य उत्सव 129 भाई-बहनों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। संपूर्ण रवीन्द्र ग्राम पंचायत क्षेत्र में। मन्मथपुर प्रणब मंदिर का यह भव्य समारोह पूरी तरह से भाईचारे के सिद्धांतों और सुधारों का पालन किया जाता है। भौतिक उपहार के रूप में बहनें भाइयों को कृष्ण पुस्तकें सौंपती हैं। वहीं भाई बहनों को उपहार स्वरूप नवदुर्गा पुस्तकें सौंपते हैं। इस खास मौके पर उनके माता-पिता समेत भाई-बहन बेहद खुश हैं। यह सार्वजनिक भाईचारा समारोह दक्षिण 24 परगना के ढोलाहाट थाना क्षेत्र के रबींद्र ग्राम पंचायत क्षेत्र के बीजानगर गांव में आयोजित किया गया था।

### उपलब्धि › मोतिहारी पुलिस के लिए बीता माह उपलब्धियों से रहा भरा,अब भी कई चुनौतियां

## गिरफ्तारी व सख्ती से अपराधियों और शराब माफियाओं में दिखने लगा भय

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर बीते अक्टूबर माह में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में चलाये गये विशेष अभियान में पुलिस ने शानदार उपलब्धि हासिल किया है। जाहिर है कि पुलिस ने महज तीस दिनो के अंदर कुल 2206 अपराधियो को गिरफ्तार किया है। जिसमें 1755 अपराधियो को जेल भेजा गया है। जिसमें हत्याकांड के 24, हत्या के प्रयास में 66, दहेज हत्या के 09, लूट व डकैती कांड 21, बलात्कार के 02, अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार कांड के 26, पुलिस पर हमला मामले के 03, एनडीपीएस के 31, चोरी कांड के 56, आर्म्स एक्ट के 50




आरोपी शामिल है। इसके अतिरिक्त बात की जाये तो जिला पुलिस द्वारा शराब के विरूद्ध चलाये अभियान में बीते एक माह में 454 शराब सप्लायर व शराब सेवन करने वाले 648 लोग पकड़े गये है। वही 15349.22 लीटर देशी व 2977.753 लीटर विदेशी शराब के साथ ही 4203.9 लीटर अवैध स्प्रिट की भी बरामदगी की गई है। जिला पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने इसके अतिरिक्त 583 ट्रायल वारंटी को भी गिरफ्तार किया है। बताया गया है, कि पुलिस के सघन अभियान व दबिश के कारण 06 इनामी बदमाशो ने भी कोर्ट में सरेंडर किया है। इससे इतर यातायात नियमो की बात की जाये, तो सड़को पर पुलिस के सख्ती के दौरान नियमो के उल्लंघन करने वालो से बीते एक माह में कुल 1.10 करोड़ की शमन राशि वसूल की गयी है। जिसमें बिना हेलमेट वालो से 61.9 लाख, सीट बेल्ट नही लगाने वालो से 2.59 लाख, बिना इंश्योरेंस वाहनो से 6.28 लाख, अवैध पार्किंग से 8.42 लाख, नो इंट्री में वाहन चलाने वालो से 1.04 लाख, ट्रिपल राइडिंग करने वालो से 8.09 लाख, गलत ड्राइविंग व लहेरिया कट वालो से 4.09 लाख व यातायात बाधित करने वालो से 15 हजार जुमार्ना वसूली गई है। सबसे दिलचस्प है कि इनदिनों अवस्यको की बाइक सड़क नहीं लाने सड़को पर चलने वाले काफी राहत महसूस कर रहे है। उनके अंदर एक भय धर गया था, कि ये अवस्यक बाइक जितनी तेजी में चला रहे है, अगर संतुलन बिगड़ा तो राह चलने वाले कब इनके शिकार बन जाते कहना मुश्किल बन रहा था। एसपी के प्रयास से शहर में लगने वाले जाम से कमोवेश कमी हुई है। लेकिन इसपर और कार्य करने की जरूरत है। खासकर मोतिहारी-अरेराज, मीनाबाजार-छतौनी चौक, अस्पताल गेट, स्टेशन रोड पर जाम की स्थिति से निपटना एक बड़ी चुनौती है।वही पुलिस कर्मियो में एक बड़ी कमी कांडो के निष्पादन में देखने को मिलता है। पुलिस के संबंधित अधिकारी कांडो के निष्पादन के प्रति अगर सख्त हो जाये, तो लोगों को न्याय दिलाने की दिशा में एक बेहतर कार्य होता। हालांकि नये पुलिस कप्तान इस मामले में गंभीर है। अनुसंधान के बाद अंतिम प्रतिवेदन की जिम्मेवारी एवं जबाबदेही खुद एसपी की बनती है, ऐसे में जिस तीव्र गति के साथ एसपी श्री प्रभात चौतरफा कार्य करने के लिए जाने जाने लगे है, निश्चित तौर पर आने वाले दिनों में केस पेंडिंग की शिकायतो पर विराम लग जायेगा। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस की कार्यशैली में और कितना बदलाव हो रहा है, जानने योग्य होगा कि अबतक की रिकार्ड में पुलिस कप्तान की कप्तानी गोपालगंज में काफी सरहानीय रही है।

## लेकटाउन में महिला से 'छेड़छाड़', विरोध करने पर पति को खाना पड़ा मार

संवाददाता

**कोलकाता।** लेकटाउन में कालीपूजा से लौट रही गृहणियों पर अभद्र टिप्पणी, मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप। इस घटना की शिकायत लेकटाउन थाने में दर्ज करायी गयी। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा लेकटाउन के दक्षिणी हिस्से में भी कल रात फटाका फोड़ने के लेकर तनाव पैदा हो गया।

महिला पतिपुकुर जेएम सरकार स्ट्रीट इलाके की रहने वाली है। रविवार की रात स्पोर्टिंग क्लब की कालीप्रतिमा अपने पति के साथ बिसर्जन देखने गयी थी। वहां से वापसी करने समय बिपत्ति । आरोप है कि कई युवकों ने महिला के साथ दुराचार किया। उन पर अभद्र कमेंट्स किये गये। छेड़छाड़ को विरोध करने पर मारपीट का भी आरोप है। महिला का पति बीचबचाव करने गया। आरोप यह भी है कि उसे जमकर पीटा गया।

इसके बाद दंपत्ति ने लेकटाउन थाने का द्वारस्थ हुए। वहां शिकायत दर्ज करायी। शिकायत मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। रवि राजभर, मनोज राजभर और सिराज हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। ये सभी उत्तर 24 परगना के जगद्दल के रहने वाले हैं। आरोपी के खिलाफ महिलाओं से छेड़छाड़ और मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

इस बीच, कालीप्रतिमा दर्शन के दौरान जलाए गए डंडे को लेकर लेकटाउन दक्षिणदानी इलाके में भी अशांति फैल गई।

## संक्षिप्त खबरें

### कुल्ही पंचायत में कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**दुलमी ।** दुलमी प्रखंड के कुल्ही पंचायत में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत के सक्रिय कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो ने की। उन्होंने बैठक के दौरान कार्यकताओं का उत्साहवर्धन करते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में ममता देवी को भारी मतों से विजय दिलाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान बजरंग महतो ने कार्यकताओं को संगठित होकर चुनाव प्रचार में जुटने की अपील की। उन्होंने ममता देवी के नेतृत्व में रामगढ़ विधानसभा के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि ममता देवी ने सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है। कार्यकताओं ने भी पूरी निष्ठा से ममता देवी जी के समर्थन में काम करने का वादा किया। इस अवसर पर बजरंग महतो जी ने कहा, रामगढ़ की जनता को ममता देवी पर विश्वास है, और हमें एकजुट होकर इस विश्वास को और मजबूत करना है। हमें पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरना है ताकि ममता देवी को भारी मतों से जीत दिलाई जा सके। कार्यक्रम का समापन सभी कार्यकर्ताओं के संकल्प के साथ हुआ कि वे रामगढ़ विधानसभा चुनाव में ममता देवी की विजय सुनिश्चित करने के लिए जी-जान से मेहनत करेंगे।

### छठ व्रतियों को ना हो परेशानी जिला प्रशासन ओर छावनी परिषद रखें विशेष ध्यान : सुनिता चौधरी

**रामगढ़ ।** छठ घाट की बेहतर रूप से हो साफ, सफाई महापर्व छठ को लेकर आज रामगढ़ छावनी परिषद् क्षेत्र के बिजुलिया तालाब में साफ-सफाई को लेकर छठ घाट का निरिक्षण की। साथ ही इस क्रम में स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उन्हें लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की ' इस दौरान घाटों पर आधी-अधूरी साफ-सफाई, भीड़ को नियंत्रण करने से लेकर, बिजली, पानी, चेंजिंग रुम, व चुना ब्लीचिंग के छिड़काव कार्य सहित सभी बुनियादी सुविधाओं की सुगम आपूर्ति हेतु पदाधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधिगणों को निदेशित की। हमारी कोशिश है कि छठ व्रतियों को किसी तरह की असुविधा ना हो और शासन-प्रशासन का पूर्ण सहयोग छठ घाटों पर सुनिश्चित हो। मौके पर आजसू पार्टी नगर अध्यक्ष अरूण अग्रवाल, नगर सचिव नीरज मंडल, जिला उपाध्यक्ष संजय बनारसी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष अनुपमा सिंह, पंकज दांगी, श्री श्री सार्वजनिक छठ पूजा समिति बिजुलिया कमेटी के गुड्डू यादव, मुन्ना गुप्ता, अनिल सर, छोटी केशरी, बीरू भदानी,भोला राम, रूबी देवी, नीरज मोदी सहित कई लोग मौजूद थे ।

### सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना ने बूथों का किया निरीक्षण

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में 22- बड़कागांव विधानसभा की तैयारियों एवं चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सामान्य प्रेक्षक 22- बड़कागांव वी सरवना ने सोमवार को 22 बड़कागांव अंतर्गत केरेडारी एवं बड़कागांव के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक 22- बड़कागांव श्री वी सरवना ने 22 बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत केरेडारी, बड़कागांव एवं पतरातु के विभिन्न सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया वहीं मतदाताओं के लिए किए जाने वाले सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई इस दौरान उन्होंने वृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए बनाए गए रैंप पानी की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था बिजली की व्यवस्था सहित अन्य का निरीक्षण किया गया। वही मौके पर निवार्ची पदाधिकारी बड़कागांव क्षेत्र सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति प्रियंका कुजूर को मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई परेशानी ना हो इस संबंध में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई दिशा निर्देश भी दिए।

### पेड न्यूज एवं सोशल मीडिया पर रखें विशेष ध्यान : सुमेंदु कुमार दास

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से सोमवार को को व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास के द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित सूचना भवन में बनाए गए एमसीएमसी कोषांग का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक 22 बड़कागाँव सुमेंदु कुमार दास के द्वारा एमसीएमसी कोषांग में मॉनिटरिंग कर रहे हैं सदस्यों से जानकारी ली गई इस दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर द्वारा एमसीएमसी कोषांग से संबंधित किए जा रहे कार्यों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से हो रही मॉनिटरिंग एवं प्रत्याशियों द्वारा हो रही गतिविधियों की निगरानी पर पेड़ न्यूज, विज्ञापन आदि की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक सुमेंदु कुमार दास ने प्रत्याशियों का सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग करने हेतु जिले के विभिन्न पोर्टलों पर पेड न्यूज के मद्देनजर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर विक्रम सोनी, एपीआरओ शशांक शेखर मिश्रा, सुनीता कुमारी,लाइजनिंग ऑफिसर चंदन कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर मजहरुल हक, स्वागतक नितेश पासवान, एमसीएमसी कोषांग कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक

# घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश

**घाटों पर करें बोट, गोताखोर एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था**

**सभी घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधी सूचना पट्ट आवश्य लगाएं**



**संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर उप विकास आयुक्त रामगढ़ रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने पुलिस उपाधीक्षक रामगढ़ को सुरक्षा के दृष्टिकोण से दामोदर, बिजुलिया तालाब एवं अन्य घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने छठ पर्व के दिन यातयात की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सौहार्द बिगाड़ने के मनसे से घाटों पर आए असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान टोप्पो ने जिला मत्स्य पदाधिकारी रामगढ़ को बिजुलिया तालाब एवं दामोदर घाटों पर बोट एवं लाइफ जैकेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

साथ ही उन्होंने छावनी परिषद से आये प्रतिनिधि को दामोदर नदी की धारा एवं जलस्तर को देखते हुए घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। रात्रि एवं भोर के समय छठ व्रतियों को घाट आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो के मद्देनजर टोप्पो ने सभी घाटों का निरीक्षण करते हुए वहाँ के समिति से समन्वय स्थापित कर लाइट की व्यवस्था कराते हुए समयानुसार बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश कार्यपालक अभियंता विद्युत बोर्ड रामगढ़ को दिया। साथ ही घाटों पर आपातकालीन घटनाओं से निपटने के उद्देश्य से घाटों पर मेडिकल टीम व एम्बुलेंस की व्यवस्था करते हुए सभी एम्बुलेंस ड्राइवर का नाम और मोबाइल नंबर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन रामगढ़ को दिया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को अपने क्षेत्र के सभी छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने एवं किसी भी प्रकार की कमी होने पर उसे यथाशीघ्र दूर करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अपने क्षेत्र के सभी छठ समितियों के साथ समन्वय स्थापित रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी छठ घाटों पर आपातकालीन सेवाओं से संबंधित सूचना पट्ट लगवाने के भी निर्देश दिया। बैठक के दौरान टोप्पो ने सभी अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के गाइडलाइन के अनुरूप ही सभी कार्यों का निष्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, सिटी मैनेजर नगर परिषद रामगढ़, सीसीएल/टाटा/एनटीपीसी के प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

# आपके विश्वास व समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र की सेवा कर पाऊंगा : हर्ष अजमेरा



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कटकमदाग प्रखंड में निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने चुनाव प्रचार के दौरान कटकमदाग के विभिन्न गांवों का दौरा किया, जहां उन्हें जनता का अपार समर्थन मिला। इस विशेष अवसर पर क्षेत्र की बहनों ने अपने भाई हर्ष अजमेरा को रक्षा सूत्र बांधकर आशीर्वाद दिया और उनके सेवा के संकल्प में अपनी सहभागिता दिखाई। बहनों के इस भावुक स्वागत ने गांवों में एक नई ऊर्जा और आत्मीयता का संचार किया, जिससे हर्ष अजमेरा का हौसला और भी मजबूत हो गया।

निर्दलीय उम्मीदवार हर्ष अजमेरा, जो क्रमांक संख्या 23 पर छड़ी चुनाव चिह्न के साथ चुनावी मैदान में हैं, जनता से आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। गांव-गांव में लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके प्रति समर्थन का वादा किया। हर्ष अजमेरा ने लोगों से कहा, आपके विश्वास और समर्थन से ही मैं इस क्षेत्र की सेवा कर पाऊंगा और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। आपका हर वोट मेरे लिए एक जिम्मेदारी होगी। हर्ष अजमेरा के समर्थन में क्षेत्रभर में एक ही नारा गूंज रहा है अबकी बार छड़ी बनेगा हमारा सहारा। उनके समर्थकों और क्षेत्र की जनता का कहना है कि हमने देखा हजारों को, अबकी बार देखेंगे छड़ी को। इस नारे के माध्यम से जनता अपनी इच्छाशक्ति और नए नेतृत्व के प्रति आशा प्रकट कर रही है। क्षेत्र की जनता ने हर्ष अजमेरा को भरोसा दिलाया कि इस बार छड़ी ही उनका सहारा बनेगी और गांव-गांव में उनके लिए समर्थन की लहर उठेगी। हर्ष अजमेरा ने अपने दौरे के दौरान जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनसे वादा किया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र की हर समस्या का समाधान करना है। उन्होंने कहा कि वे जीत के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देंगे। हर्ष अजमेरा ने भरोसा दिलाया कि वे हर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और किसी भी तरह की क्षेत्रीय उपेक्षा बर्दाश्त नहीं करेंगे मैं हर कदम पर आपके साथ रहूंगा और क्षेत्र के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। हर्ष अजमेरा ने अपने चुनाव चिह्न छड़ी पर वोट देने की अपील करते हुए कहा कि हर एक वोट से उनकी जिम्मेदारी बढ़ती जाएगी और वे जनता की उम्मीदों पर खरे उतरने के लिए कृतसंकल्प हैं।

### निर्दलीय प्रत्याशी भैया बांके बिहारी को मिल रहा अपार जनसमर्थन

**हजारीबाग। सदर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी भैया बांके बिहारी का जनसंपर्क अभियान जोर-शोर से चल रहा है, जिसमें उन्हें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। अपने चुनाव चिन्ह एयरकंडीशनर छाप, क्रमांक संख्या 16 के साथ उन्होंने खपरयावां, सदर, कटकमदाग सहित कई गाँवों का दौरा किया, जहाँ उन्हें ग्रामीणों का भरपूर समर्थन मिला। भैया बांके बिहारी ने गाँवों में जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी प्राथमिकता सदर क्षेत्र का समग्र विकास करना है। उन्होंने जनता से वादा किया कि विधायक चुने जाने पर शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी, बिजली और रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा। साथ ही, उन्होंने हर महीने सभी प्रखंडों में ग्राम सभा आयोजित करने का वादा किया, जिससे जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके। भैया बांके बिहारी ने कहा, मेरा सपना है कि सदर विधानसभा का हर नागरिक विकास की मुख्यधारा में शामिल हो। रोजगार के अवसर, किसानों के लिए नई योजनाएँ और महिलाओं का सशक्तिकरण हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं।**

### संजर मलिक का तूफानी चुनाव प्रचार



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र, हजारीबाग में जनता के समक्ष अपने वादों और सिद्धांतों के साथ हाजिर हो रहे हैं फहिम उद्दिन अहमद उर्फ संजर मलिक। अपनी ईमानदारी, सच्चाई, प्रेम, एकता, भाईचारा, और गंगा-जमुनी तहजीब को जीवन का आधार मानने वाले संजर मलिक ने अपनी पूरी जिंदगी शांति और सद्भाव की खातिर समर्पित कर दी है। यही उनकी पूंजी है, जिसके बल पर वे इस चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं। उनके तूफानी दौरे गांव, शहर, और टोला में लगातार जारी हैं और उन्हें सभी का अपार समर्थन मिल रहा है। संजर मलिक ने हमेशा जाति, धर्म और नस्ल से ऊपर उठकर मानवता की सेवा की है। वे मानते हैं कि सभी मनुष्य एक समान हैं और इंसानियत से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने युवाओं, महिलाओं, और बुजुर्गों से अपील की है कि वे समता पार्टी के उम्मीदवार को टॉर्च छाप क्रमांक संख्या आठ पर अपना कीमती वोट दें और विजय दिलाएं। संजर मलिक ने वादा किया है कि एक मौका मिलने पर वे विकास का वास्तविक अर्थ दिखाएंगे।

संजर मलिक का जनसम्पर्क अभियान कटकमसांडी प्रखंड के विभिन्न कस्बों में जोर-शोर से चल रहा है। उन्होंने डांटो, रेबर, कुरहा गड़हा, शाहपुर, लखनु, आराभुसय, बाझा, जलमा आदि स्थानों पर जनसम्पर्क किया।

इस मौके पर उनके साथ छड़वा मुहर्रम कमिटी के सदर मोहम्मद मुखतार अंसारी, एच.आई.टी. चेयरमैन इमतियाज हसन विक्की, एजाज खान, प्रो. इरफान अशरफ, भोलु राम, अजय प्रजाति, संतोष राणा, सयद जयाउल हक, इंजीनियर प्रवेज अहमद, अनवर वारसी, समीउल्लाह छोटे, सिबली, नैवशेरवां आदिल खान, गुलाब, मकसूद अंसारी, तारिक कमाल खान, सुखदेव प्रा यादव, गोविंद सोरेन, शंकर सिंह, मोहम्मद अनिसुज्जमा, सलामत अंसारी, मौलाना असगर सहित सैकड़ों समर्थक भ्रमण में शामिल थे।

# लीगल एंड डिफेंस काउंसिल स्कीम के लिए जिला जज ने लगाया विधिक जागरूकता शिविर



**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के तत्वाधान में एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, आलोक कुमार दुबे के मार्गदर्शन में लीगल एड डिफेंस काउंसिल स्कीम के बारे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया यह आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के लीगल एंड डिफेंस काउंसिल (न्याय रक्षक) के अधिवक्ताओं के सहयोग से किया गया, जिसमें रामगढ़ ब्लॉक, सदर अस्पताल रामगढ़, चितरपुर प्रखंड के बस स्टैंड, काली चौक और स्टेट बैंक चितरपुर शाखा के समीप विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एलडीसी के चीफ सुजीत कुमार सिंह, डिप्टी चीफ राम जी असिस्टेंट अभिनव कुमार तथा मोहन महतो के साथ अधिकार मित्र दुर्गेश कुमार, उमेश कुमार गुप्ता, रोहनलाल महतो, नंदकिशोर महतो आदि उपस्थित रहे। न्याय रक्षक के अधिवक्ताओं ने स्थानीय लोगों को विधिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया कि लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने से वंचित नहीं किया जा सके। ताकि कानूनी प्रणाली का संचालन सभी के लिए समान अवसर के आधार पर हो। सिस्टम के द्वारा बचाव पक्ष को गिरफ्तारी के पूर्व, रिमाण्ड एवं बेल के स्तर पर, विचारण व अपील की कार्रवाई में निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध किया जायेगा। आगामी 14 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय रामगढ़ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में बिजली से संबंधित मामलों और एन.आई. एक्ट के तहत चेक बाउंस जैसे मुद्दों, साथ ही बैंक से जुड़े मामलों का समाधान किया जाएगा। लोगों को अधिकतम लाभ उठाने के लिए इस राष्ट्रीय लोक अदालत में भाग लेने की अपील की गई, ताकि उनके लंबित मामलों का जल्द और प्रभावी निपटारा हो सके। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता के प्रावधानों के बारे में भी जानकारी दी गई।

# जनता का भरोसा, हमारा संकल्प - विकास की दिशा में एक और कदम : सांसद



**संवाददाता**

**रामगढ़ ।** सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बताया कि आज रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 5 के विद्या नगर के स्थानीय लोगों से मुलाकात किया जहां सभी ने रामगढ़ से एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी को अपना समर्थन देकर हमारी संकल्प व दृढ़ इच्छाशक्ति को और अधिक मजबूत किया। मौके पर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि आप सभी से प्राप्त स्नेह, प्यार व आशीर्वाद से अभिभूत हूं एवं आप सभी देवतुल्य क्षेत्रवासियों का सहृदय आभार व्यक्त करता हूं। इस दौरान क्षेत्रवासियों का अपार समर्थन और स्नेह देखकर मन आश्वस्त है कि हमारी वर्षों की मेहनत पुनः रंग लाने वाली है , मेरा आप सभी से विनम्र निवेदन है कि सुनीता चौधरी जी को अपना समर्थन और आशीर्वाद दें तथा उन्हें भारी से भारी मतों से विजयी बनाएं ताकि रामगढ़ में विकास की नई गाथा लिखी जा सके। आइए, मिलकर विकास और समृद्धि की ओर बढ़ते रहें। विद्यानगर रामगढ़ के निवासियों का एक प्रतिनिधिमण्डल नगर सचिव नीरज मंडल की अगुवाई में सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी से उनके आवास पर मिलकर पुष्प गुच्छ देकर सांसद महोदय सम्मान पूर्वक अभिवादन किया । मौके प्रतिनिधि मण्डल ने सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी को अस्वस्त किया कि जिस तरह से आपने रामगढ़ विधानसभा में विकास की गंगा जो बहाई है हमलोग पुरे विद्यानगर के लोग आपके साथ है ' मौके पर प्रतिनिधी मंडल में छठ महापर्व की तयारी को लेकर अवगत कराया की विद्यानगर बजरंग बली मंदिर के नजदीक मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि इसके कारण आने जाने वालों को काफी तकलीफ उठानी पड़ रही है। यदाकदा छोटे वाहन फंस जाते हैं या गिर कर घायल हो रहे हैं। साथ ही, प्रतिनिधियों ने विद्यानगर के मुख्य स्थल पर टावर मास्ट लाईट लगाने का भी अनुरोध रखा जिससे पूरे आबादी में पर्याप्त रोशनी हो सके। सांसद महोदय ने इन विषयों पर जल्द ही आवश्यक समाधान का आश्वासन दिया। इस मुलाकात के अवसर पर प्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर सांसद का सम्मानपूर्वक अभिवादन किया। नीरज मंडल के सहयोग से इस औपचारिक मुलाकात के अवसर पर रामकुमार साहु, संतोष प्रसाद, सरयू प्रसाद, ओ पी शर्मा उपस्थित रहे ।

**राजनीति** सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा में किया जनसंपर्क

# डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुनेः सांसद



**संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में हजारीबाग सदर विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इधर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपने चुनावी जनसंपर्क यात्रा को तेज कर दिया है। रविवार की शाम को हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के को-ऑपरेटिव कॉलोनी, आदर्श नगर, आर्या नगर और पतरातु बस्ती और सोमवार को हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन गांवों का तूफानी जनसंपर्क सदर विधानसभा क्षेत्र के बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के साथ किया और लगातार अपनी पूरी ताकत झोंक रहें हैं। सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने संयुक्त रूप से सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंघानी, अमृतनगर, रोला, केसुरा, सिलवार, अंबाडीह, मेरु, तरवा, हुटपा, लखैया, बनाहप्पा, डूमर, सरौनी, चुटियारो, गौतम बिहार कॉलोनी और अमृतनगर का तूफानी दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद के पक्ष में आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में ईवीएम के क्रम संख्या 2 में कमल निशान पर मतदान करने का अपील किया । सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र वासियों से कहा कि आजादी के बाद पहली बार पिछले 10 सालों में बतौर विधायक मैंने अपने कार्यकाल में सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास की गति में जो रफ़्तार और प्रगति प्रदान किया है उसे आगे बढ़ाने और झारखंड में स्थिर और डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा को जरूर चुने। उन्होंने कहा कि वर्तमान गठबंधन की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ छला है।

उन्होंने यह भी कहा कि हमारा संकल्प पत्र मोदी की गारंटी के साथ जारी हुआ है और सरकार बनते ही हम अपनी घोषणा अनुरूप राज्य और राज्य वासियों के विकास और समृद्धि के लिए कार्य करेंगे। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हमेशा एक समाजसेवी के नाते आपके दुख-सुख का सहभागी रहा हो और आशीर्वाद मिला तो विधायक बनकर आपकी सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा । मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता, अमित गुप्ता, छत्तीसगढ़ से पहुंचे भाजपा नेता सह प्रवासी प्रभारी, रथुलाल गुप्ता बीजेपी जिला महामंत्री सुमन कुमार, रवि राम, गौतम वर्मा, मुकेश सिंह, प्रदीप मेहता, रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### शमा लाइब्रेरी वेलफेयर एंड एजुकेशन ट्रस्ट खिरगांव, शमा लाइब्रेरी की विकास बैठक

**संवाददाता**

**हजारीबाग ।** शमा लाइब्रेरी, खिरगांव में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जमाल अहमद ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से लाइब्रेरी के विकास से संबंधित चचाएँ की गईं। सबसे पहले, लाइब्रेरी के अध्यक्ष जमाल अहमद ने लाइब्रेरी के विकास की दिशा में उठाए जाने वाले कदमों पर बात की। सचिव मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ मंडुल ने लाइब्रेरी के इतिहास को संक्षेप में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि शमा लाइब्रेरी की स्थापना 1971 में हुई थी और यह तब से क्षेत्र के ज्ञान और शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनी हुई है। 1994 में नगरपालिका अध्यक्ष ब्रज किशोर जायसवाल ने लाइब्रेरी के लिए 08 डिसमिल (60 .60 फीट) जमीन उपलब्ध कराई थी। इसके बाद, 1995 में पूर्व सांसद भूनेश्वर प्रसाद मेहता ने लाइब्रेरी के लिए 14 .24 फीट का एक हॉल बनवाया, जहां से लगातार अध्ययन और पठन-पाठन का कार्य हो रहा है। इस बैठक में हाजी मंजूर आलम, उस्मान कादरी गुलाम गौस, अख्तर आलम मिल्लत एकेडमी, एडवोकेट इजहार, गनी रजा, मोहम्मद इशाक, नजरुल्ला रजवी, और मोहम्मद इम्तियाज आदि ने लाइब्रेरी के विकास के लिए चंदा दिया। इस बैठक में प्रमुख रूप से कलीम खान, हाजी एजाज, अहमद हुसैन, मोहम्मद इकराम, मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद मोहसिन, मोहम्मद इस्तियाक, मोहम्मद शाहबाज, और आफताब आलम आदि उपस्थित रहे।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बिहार पहुंची भारतीय महिला हॉकी टीम



**राजगीर। एजेंसी**

भारतीय महिला हॉकी टीम गया पहुंच गई है, जिसके साथ ही राज्य में आयोजित पहली अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की शुरूआत हो गई है। बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024, 11 से 20 नवंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें गत चैंपियन भारत के साथ पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, साथ ही जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड शामिल होंगे। कप्तान सलीमा टेटे और उप-कप्तान नवनीत कौर के नेतृत्व में, भारत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, उसके बाद 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ मैच होगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 14 नवंबर को थाईलैंड का सामना करेगा। 16 नवंबर को, भारत पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को चुनौती देगा और 17 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच के साथ पूल चरण का समापन करेगा। बिहार पहुंचने पर कप्तान सलीमा टेटे ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा हम एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साई बेंगलुरु में कठोर प्रशिक्षण ले रहे थे। पिछले मैचों में, हमें पिच के अंतिम तीसरे हिस्से में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसलिए हमने उस क्षेत्र में सुधार करने पर काफी ध्यान केंद्रित किया है। हम मैच दर मैच आगे बढ़ेंगे और प्रत्येक में अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेंगे; प्रत्येक टीम एक अलग चुनौती पेश करती है, और हम किसी भी प्रतिद्वंद्वी को हल्के में नहीं लेंगे। यह पहली बार है जब हम बिहार में अंतरराष्ट्रीय हॉकी खेल रहे हैं, और हमें उम्मीद है कि हम अपने प्रदर्शन से क्षेत्र की सभी लड़कियों को प्रेरित करेंगे। हमने अच्छी तैयारी की है, और हमें विश्वास है कि हमारी मेहनत मैदान पर दिखेगी।

भारत को 19 नवंबर को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए छह टीमों में से शीर्ष चार में जगह बनानी होगी। इसके बाद विजेता टीमें 20 नवंबर को होने वाले फाइनल में पहुंचेंगी।

# आईसीसी : भारत करेगा इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, जिम्बाब्वे की मेजबानी


आईसीसी ने की महिला एफटीपी की घोषणा

● बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए अनुमति दी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को महिला 2025-2029 फ्यूचर टूर्स प्रोग्राम (एफटीपी) की घोषणा की, जिसके तहत भारत इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे की मेजबानी करेगा। भारत इसी अवधि में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और आयरलैंड में अपने मैच खेलेगा। दूसरा महिला एफटीपी मई 2025 से अप्रैल 2029 तक चलेगा। इस एफटीपी में प्रत्येक वर्ष एक आईसीसी महिला इवेंट खेला जाएगा, जिसमें 2027 में छह टीमों की पहली चैंपियंस ट्रॉफी आयोजित की जाएगी।

इस अवधि के दौरान होने वाले अन्य आयोजनों में 2025 में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप (भारत), 2026 में महिला टी20 विश्व कप (यूनाइटेड किंगडम) और 2028 में महिला टी20 विश्व कप का एक और संस्करण (मेजबान की घोषणा अभी बाकी है) शामिल है। इस बार आईसीसी महिला चैंपियनशिप में भाग लेने वाली टीमों की संख्या 11 होगी, जिम्बाब्वे को पहली बार चैंपियनशिप में जोड़ा गया है। कुल मिलाकर, तीन-तीन मैचों की 44 श्रृंखलाओं में 132 वनडे खेले जाएंगे, जो 2029 में आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के लिए योग्यता मार्ग के रूप में संदर्भ प्रदान करते हैं। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 से पहले, इंग्लैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत और न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जबकि आयरलैंड पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की मेजबानी करेगा। श्रीलंका और वेस्टइंडीज अन्य सदस्यों में से हैं, जिन्हें क्रमशः 2027 और 2028 में टी-20आई त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करनी है।

2026 से, डब्ल्यूपीएल जनवरी-फरवरी विंडो में खेला जाएगा। इसका मतलब यह भी है कि भारत की ऑस्ट्रेलिया की बहु-प्रारूप यात्रा, जिसमें एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 शामिल हैं, अब डब्ल्यूपीएल के बाद फरवरी-मार्च 2026 में आयोजित की जाएगी। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से सीए के परिचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा यह पहली महिला एफटीपी है जिसमें डब्ल्यूपीएल शुरू से ही लागू है। डब्ल्यूपीएल को कैलेंडर वर्ष में पहले स्थानांतरित करने के बीसीसीआई के निर्णय ने हमें इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए अपने पसंदीदा समय को देखने की अनुमति दी। हम पिछले कुछ वर्षों से अपनी शानदार महिला टीम और खिलाड़ियों को चमकने के लिए खाली जगह की तलाश कर रहे थे, और साथ ही टीम के लिए सीजन के एक निश्चित समय में लगातार उपस्थिति की भी। फरवरी-मार्च में डब्ल्यूपीएल के तुरंत बाद की विंडो की पहचान की गई। उन्होंने कहा इससे हमें अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट सत्र को आगे बढ़ाने का मौका भी मिलता है।

### हमें खुशी है कि आईडब्ल्यूसी के नए संस्करण का विस्तार किया गया है : वसीम



आईसीसी क्रिकेट के महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा हमें खुशी है कि आईडब्ल्यूसी के नए संस्करण का विस्तार किया गया है और इसमें ग्यारहवीं टीम के रूप में जिम्बाब्वे को शामिल किया जाएगा। यह उत्साहजनक है कि सदस्य बोर्ड सभी प्रारूपों में खेलने के लिए उत्सुक हैं, और साथ ही उन्होंने आईसीसी आयोजनों की तैयारी के लिए त्रिकोणीय श्रृंखला की योजना बनाई है। सदस्यों द्वारा संतुलित और प्रासंगिक कैलेंडर प्रदान करने के लिए किए गए प्रयास महिलाओं के खेल को और आगे बढ़ाएंगे। हम सदस्य बोर्डों को एफटीपी को अंतिम रूप देने में उनकी प्रतिबद्धता और सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं।

### एफटीपी में टेस्ट मैचों के लिए अधिक गुंजाइश है

इस एफटीपी में टेस्ट मैचों के लिए अधिक गुंजाइश है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज सभी बहु-प्रारूप श्रृंखला खेलने के लिए सहमत हैं जिसमें एकदिनी और टी-20 आई शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध दो-दो और वेस्टइंडीज के विरुद्ध श्रृंखलाएँ खेलेगा। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए एक विंडो है, जो उस वर्ष जुलाई में आयोजित किया जाएगा, इसके अलावा डब्ल्यूबीबीएल (नवंबर), द हंड्रेड (अगस्त) और महिला प्रीमियर लीग (जनवरी-फरवरी में डब्ल्यूपीएल) के लिए समर्पित वार्षिक विंडो भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### ला लीगा : बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 3-1 से हराया, तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की



**मैड्रिड।** एफसी बार्सिलोना ने रविवार को घरेलू मैदान पर एस्पेनयोल को 3-1 से हराकर ला लीगा तालिका में शीर्ष पर नौ अंक की बढ़त बना ली है। बार्सिलोना के लिए डेनी ओल्मो ने दो गोल और राफिन्हा ने 1 गोल किया और सिर्फ आधे घंटे के बाद ही मैच पर पकड़ बना ली। ओल्मो ने मैच के 12वें मिनट में ही गोल कर बार्का को आगे कर दिया। राफिन्हा ने 10 मिनट बाद ही गोल कर बार्का की बढ़त को दोगुना कर दिया। ओल्मो ने इसके बाद आधे घंटे बाद तीसरा गोल किया और बार्सिलोना की बढ़त 3-0 कर दी। जावी पुआडो ने 63वें मिनट में एस्पेनयोल के लिए सांत्वना गोल किया। अन्य मैचों में एटलेटिको मैड्रिड ने लास पालमास को घरेलू मैदान पर 2-0 से हराया, एथलेटिक क्लब और बेटिस के बीच मैच 1-1 से ड्रॉ हुआ और रियल सोसिएदाद ने सेविला को 2-0 से हराया।

### अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट 21 नवंबर से, 10 टीमें लेंगी हिस्सा, 12 दिन में खेले जाएंगे 40 मैच

**अबू धाबी।** अबू धाबी टी10 का आठवां सीजन 21 नवंबर से शुरू हो रहा है, टूर्नामेंट का पहला मैच टीम अबू धाबी और अजमान बोल्ट्स के बीच खेला जाएगा। इस साल के टूर्नामेंट में एक विस्तारित प्रारूप है जिसमें 10 टीमें एक रोमांचक सीजन में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहां शीर्ष पांच टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए कड़ी लड़ाई में शामिल होंगी। प्रतिष्ठित जायद क्रिकेट स्टेडियम, अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब में केवल 12 दिनों में 40 से अधिक मैचों का आयोजन करेगा। प्लेऑफ सप्ताहांत के दौरान होंगे, जिसकी शुरूआत 1 दिसंबर को क्वालीफायर 1 से होगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें शामिल होंगी। चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाली टीमें एलिमिनेटर 1 में भिड़ेंगी, उसके बाद एलिमिनेटर 2 होगा।

## क्रिकेट के प्रारूपों से संन्यास लेंगे रिद्धिमान

**नई दिल्ली। एजेंसी**

रिद्धिमान साहा रणजी ट्रॉफी के मौजूदा संस्करण के बाद खेल के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लेंगे। विकेटकीपर-बल्लेबाज साहा ने 2010 और 2021 के बीच 40 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और नौ टी20आई में भी हिस्सा लिया। इसके अलावा उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स सहित विभिन्न पक्षों के लिए 170 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैचों में भी हिस्सा लिया। साहा ने रविवार रात एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह सीजन मेरा आखिरी सीजन होगा।

रिटायर होने से पहले मैं बंगाल का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक आखिरी बार सम्मानित महसूस कर रहा हूं, मैं सिर्फ रणजी ट्रॉफी में खेलूंगा। इस अविश्वसनीय सफर का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों का शुक्रिया, आपका समर्थन दुनिया के लिए मायने रखता है। आइए इस सीजन को यादगार बनाएं। 2007 में प्रथम श्रेणी में पदार्पण करने वाले साहा ने बंगाल के लिए 15 साल तक खेला, उसके बाद बंगाल क्रिकेट संघ के कुछ अधिकारियों के साथ मतभेद के बाद त्रिपुरा चले गए।



## फजल अत्राचली ने की रेडर मनिंदर की तारीफ

**हैदराबाद। एजेंसी**

हैदराबाद बंगाल वॉरियर्स के कप्तान फजल अत्राचली ने रविवार, 3 नवंबर को हरियाणा स्टीलर्स पर 40-38 से मिली शानदार जीत के बाद अपने साथी और स्टार रेडर मनिंदर सिंह की जमकर तारीफ की। मनिंदर ने हरियाणा के खिलाफ 12 अंक बनाए और अपनी टीम के आक्रमण का नेतृत्व किया। मैच के बाद अत्राचली ने कहा मनिंदर को जो चीज अलग बनाती है, वह है उनकी प्रतिबद्धता। अपने दशक भर के अनुभव में, मैंने कई अनुभवी खिलाड़ियों को अभ्यास छोड़ने की कोशिश करते देखा है, लेकिन उन्हें नहीं। वह किसी और की तुलना में अधिक प्रयास करते हैं, और हमेशा जिम, प्रशिक्षण और मैचों में अपना 100% देते हैं। ईरानी डिफेंडर ने इस बात पर भी जोर दिया कि खिलाड़ियों को इतनी लंबी अवधि तक खेलते देखना कितना दुर्लभ है। उन्होंने कहा हम कई युवा खिलाड़ियों को देखते हैं, यहाँ तक कि 20 साल के खिलाड़ी भी, जो एक या दो साल के लिए आते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। लेकिन मनिंदर की निरंतरता उनकी अथक मेहनत और फिटनेस का परिणाम है।



## जापान ने जीता आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब

**बीजिंग। एजेंसी**

जापान ने रविवार को बीजिंग के शौगांग आइस हॉकी एरेना में चीन को 5-0 से हराकर आईआईएचएफ आइस हॉकी महिला एशिया चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। जापान ने शुरू से ही नियंत्रण बनाए रखा, पहले दौर में 23 शॉट लगाए और एक गोल के साथ शुरूआती बढ़त हासिल की। चीन ने दूसरे दौर में अपना बचाव कड़ा किया, जिससे जापान के स्कोरिंग के मौके सीमित हो गए, लेकिन अंतर को पाटने में असफल रहा। अंतिम दौर में, जब चीन ने बराबरी करने के लिए कड़ी मेहनत की, तो घरेलू टीम की गलतियां बढ़ने लगीं, जिससे जापान को चार और गोल करने और 5-0 की जीत के साथ चैंपियनशिप पर कब्जा करने का मौका मिला। इससे पहले रविवार को कजाकिस्तान ने पेनल्टी शूटआउट में दक्षिण कोरिया को 5-4 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। टूर्नामेंट में चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और कजाकिस्तान की टीमें शामिल थीं। यह टूर्नामेंट तीन दिनों तक राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला गया। अगला संस्करण 2025 में कजाकिस्तान की मेजबानी में आयोजित किया जाएगा।



### रियाद में 24, 25 नवंबर को हो सकती है मेगा नीलामी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की मेगा नीलामी 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के रियाद में होने की उम्मीद है। हालाँकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक आधिकारिक तौर पर स्थान या तारीखों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार अंतिम व्यवस्थाएँ प्रगति पर हैं और जल्द ही घोषणा की जा सकती है। पिछली नीलामी एक दिवसीय थी, जो दुबई में आयोजित की गई थी। दो महत्वपूर्ण सुर्खियाँ मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा 24.75 करोड़ रुपये में और पैट कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद द्वारा 20.50 करोड़ रुपये में खरीदना था। 2022 की पिछली मेगा नीलामी में, ईशान किशन पर सबसे अधिक बोली लगाई गई थी, जिसमें मुंबई इंडियंस ने उन्हें 15.25 करोड़ रुपये में हासिल किया था।

## रूस की श्नाइडर ने जीता डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब



**हांगकांग। एजेंसी**


डायना श्नाइडर ने रविवार को ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बौल्टर को 6-1, 6-2 से हराकर डब्ल्यूटीए हांगकांग ओपन का खिताब जीत लिया। विश्व में 14वें स्थान पर काबिज शीर्ष वरीयता प्राप्त श्नाइडर ने जर्मनी में बैड होम्बर्ग ओपन, थाईलैंड में हुआ हिन चैंपियनशिप और हंगरी में बुडापेस्ट ग्रैंड प्रिक्स में खिताबी जीत के साथ इस सत्र का अपना चौथा खिताब जीता। खिताबी जीत के बाद 20 वर्षीय रूसी खिलाड़ी ने कहा मुझे ऐसा लग रहा है कि मैं उच्च स्तर पर थी। निश्चित रूप से,मैं जिस तरह से प्रतिस्पर्धा कर रही हूं, उससे खुश और गौरवान्वित हूं। दूसरी वरीयता प्राप्त और सत्र का अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी बौल्टर ने इस कठिन मैच के बारे में कहा मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी।

## व्यापार

## सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नई बीज श्रेणियां लॉन्च कीं

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने जीईएम पोर्टल पर 170 नई बीज श्रेणियां लॉन्च कीं है। इसके साथ ही अब जीईएम पोर्टल पर लगभग 8,000 बीज की किस्में उपलब्ध हो गई हैं। इन श्रेणियों को आगामी फसल सीजन से पहले लॉन्च किया गया है, ताकि केंद्र और राज्य सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) और अन्य सरकारी एजेंसियों के लिए कुशल खरीद की सुविधा मिल सके। जीईएम की डिप्टी सीईओ रोली खरे ने कहा कि विक्रेताओं को इन नई बीज श्रेणियों का लाभ उठाने और सरकारी निविदाओं में स्वतंत्र रूप से भाग लेने के लिए अपनी पेशकशों को सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य निकायों को लागत-प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बीज खरीद के लिए इन श्रेणियों को अपनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। खरे ने कहा कि इस पहल से पूरे भारत में बीज वितरण को अनुकूलित करने की उम्मीद है।



वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक 8000 किस्मों के बीजों वाली 170 नई श्रेणियां अब जीईएम पर उपलब्ध हैं। विभिन्न राज्य बीज निगमों और अनुसंधान निकायों के साथ गहन परामर्श के बाद श्रेणियाँ बनाई गई हैं। बीज नियंत्रण ऑडिट द्वारा सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी बीज गुणवत्ता मानकों को पूरा करते हैं। यह बीज खरीद के लिए तैयार रूपरेखा तहत है, जिसमें भारत सरकार के निर्धारित विनियमों और नियमों को शामिल किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य बीज निगमों और अनुसंधान निकायों सहित हितधारकों के साथ परामर्श के बाद बनाई गई जीईएम पोर्टल पर बीज श्रेणियां बीज खरीद के लिए एक तैयार रूपरेखा प्रदान करती हैं, जिसमें केंद्र सरकार के मौजूदा नियम और विनियम और आवश्यक पैरामीटर शामिल हैं, जो खरीद अधिकारियों के लिए पूरी प्रक्रिया को आसान बनाते हैं।

## शुरुआती झटके के बाद संभले एफकॉन्स इंफ्रा के शेयर

**नई दिल्ली। एजेंसी**

शापूरजी पालूनजी ग्रुप की कंस्ट्रक्शन कंपनी एफकॉन्स इंफ्रा ने सोमवार को लिस्टिंग के जरिए घरेलू शेयर बाजार में दस्तक दे दी। कंपनी के शेयर लगभग 8 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ शेयर बाजार में लिस्ट हुए। आईपीओ के तहत कंपनी ने 463 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे, लेकिन बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 430.05 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 426 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह लिस्टिंग होने के साथ ही इस कंपनी के निवेशकों को करीब 8 प्रतिशत का नुकसान हो गया। डिस्काउंट में लिस्टिंग होने के सदमे से इस कंपनी के आईपीओ निवेशक उबरे भी नहीं थे कि उन्हें जोरदार बिकवाली का झटका लग गया। शुरूआती कारोबार में ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो जाने के कारण ये लुढ़क कर 420.25 रुपये के स्तर तक आ गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर ने निचले स्तर से रिकवरी कर ली। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 3 रुपये की तेजी के साथ 465 रुपये के स्तर पर आ गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 12 बजे एफकॉन्स इंफ्रा के शेयर 30 पैसे की कमजोरी के साथ 462.70 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे।



## जी. किशन रेड्डी ने 50 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी एनसीएल के निगाही क्षेत्र में 50 मेगावाट के ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में स्थित यह सौर ऊर्जा संयंत्र अपने पहले वर्ष में औसतन 94 मिलियन यूनिट बिजली पैदा करेगा, जिससे सालाना 78,000 टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी। कोलकाता में आयोजित सीआईएल के 50वें स्थापना दिवस समारोह पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने स्वर्ण जयंती लोगो लॉन्च किया। इसके साथ ही उन्होंने शुभंकर 'अंगारा' का अनावरण भी किया। ये लोगो भारत के ऊर्जा क्षेत्र की रीढ़ के रूप में सीआईएल की महत्वपूर्ण भूमिका का प्रतीक है, जो नवाचार, प्रगति और स्थिरता के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



शुभंकर कोयला खनिकों की ताकत और लचीलेपन का प्रतीक है, जो उनके साहस और समर्पण को दर्शाता है। शुभंकर रॉयल बंगाल टाइगर से प्रेरित है। किशन रेड्डी ने इस अवसर पर कोयला और लिग्नाइट अन्वेषण पर रणनीति रिपोर्ट भी जारी की। इसके साथ ही माइन क्लोजर पोर्टल का उद्घाटन किया और नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की निगाही परियोजना में 50 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र के विकास की घोषणा की, जिसमें 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। इस सौर पहल से 49 मिलियन यूनिट बिजली पैदा होने की उम्मीद है। मंत्री ने संस्थागत और व्यक्तिगत दोनों श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार प्रदान करके समारोह का समापन किया, जिसमें सीआईएल की सफलता में उनके महत्वपूर्ण योगदान को मान्यता दी गई। कोयला मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में संविदा कर्मियों के लिए सीआईएल की जन-केंद्रित पीएलआई योजना की सराहना की।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में पति-पत्नी व बेटे की मौत

**रोहतक।** कलानौर थाना के अंतर्गत गांव बसाना के नजदीक 152-डी पर रविवार की देर रात हुए सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति,पत्नी व उनका एक बेटा शामिल है। पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अनुसार देर रात गांव गुढ़ान निवासी विजय कार में सवार होकर अपनी पत्नी व बेटे के साथ जींद से वापिस गांव आ रहा था। जब वह गांव बसाना के नजदीक 152 पर पहुंचा।

### हैरिस और ट्रंप ने प्रचार में झोंकी ताकत

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी ताकत झोंक दी। दोनों ने मतदाताओं को अपने-अपने तरीके से अपने पाले में खींचने की कोशिश की। अमेरिकी लोकतंत्र के इस महापर्व पर द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार हैरिस ने रविवार को मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी में रैली को संबोधित किया, मतदाताओं से एकता बनाए रखने की अपील की। दिलचस्प यह रहा कि उन्होंने यहां अपने प्रतिद्वंद्वी ट्रंप का एक बार भी नाम नहीं लिया। उन्होंने गाजा में युद्ध को समाप्त करने का वादा किया। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया की तुलना में मैकॉन की रैली में सर्वेक्षणों पर निराशा व्यक्त की।

### इमरान खान की जमानत याचिका पर एफआईए को नोटिस

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने आज तोशाखाना द्वितीय केस में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जमानत याचिका पर संघीय जांच प्राधिकरण (एफआईए) को नोटिस दिया। अब हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सुनवाई की अगली तारीख तय करेंगे। एआरवाई न्यूज चैनल के अनुसार, इससे पहले विशेष न्यायाधीश सेंट्रल ने इमरान खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को उसी मामले में जमानत प्रदान की थी।

### बाइक चोर आया पुलिस की गिरफ्त में

**हरिद्वार।** पुलिस ने एक बाइक चोर को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मंगलौर कोतवाली में ईएफआईआर के माध्यम से शोभित पवार निवासी आमखेड़ी कोतवाली मंगलौर ने अपनी बाइक संख्या यूके 17 डब्ल्यू 4407 को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए अरुण निवासी ग्राम उदलहेडी थाना कोतवाली मंगलौर हरिद्वार को थाना क्षेत्र से चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

### आदतन बदमाश पर सेंट्रल जेल के बाहर फायरिंग

**रायपुर।** रायपुर सेंट्रल जेल के बाहर सोमवार दोपहर को एक युवक पर दो अज्ञात हमलावरों ने दो राउंड फायरिंग की गोली चली। गंज थाना पुलिस के अनुसार युवक का नाम साहिल खान है और वह आदतन बदमाश है। मिली जानकारी के अनुसार साहिल खान जेल में अपने रिश्तेदारों से मुलाकात कर बाहर आया था। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने उस पर दो राउंड फायरिंग की। घायल साहिल खान को अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

### घरघोड़ा में एक युवक का मिला शव

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र तमनार रोड में आज सोमवार को नगर पंचायत के वार्ड नं. 8 में एक युवक का शव मिला है, जिसकी पहचान लल्लू सिंह पिता संजय निवासी ग्राम चिनिया पोस्ट चिनिया गढ़वा झारखण्ड के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर थाना बुला लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिये घरघोड़ा अस्पताल भेज दिया है। पुलिस शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा।

### अजमेर में पाइप फैक्ट्री व गोदाम में लगी आग


**अजमेर।** मदार इलाके में पाइप फैक्ट्री व गोदाम में रविवार देर रात आग लग गई। कुछ ही मिनट में विकराल हुई आग में लाखों का सामान जल गया। आग की सूचना पर गोदाम मालिक और स्थानीय लोगों ने आस पड़ोस की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद में दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। अग्निशमन कार्यालय के अनुसार नाकामदार में प्रतीक जैन के गोदाम में रविवार रात में आग लग गई। सूचना पर दमकल पहुंची और चार दमकल की मदद से करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया।

### डोडा में सड़क हादसे में दो भाईयों की मौत

**जम्मू।** डोडा के खेलनी नाला के पास रविवार देर रात के बाद एक स्कॉर्पियो वाहन जेके21जी 7500 के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो भाइयों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक दोनों भाई राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड में काम करते थे और डोडा से खेलनी अपने घर लौट रहे थे तभी उनका वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर गया।

# कालका-शिमला रेल को ग्रीन हाइड्रोजन से चलाए रेल मंत्रालय : सुखविंद्र सिंह

● रेल लाइन को ग्रीन एनर्जी संचालित रूट में बदलने पर विचार करने का आग्रह किया



**शिमला। एजेंसी**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने केंद्रीय रेल मंत्रालय से यूनेस्को विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल लाइन को ग्रीन हाइड्रोजन से संचालित करने की संभावना तलाशने का आग्रह किया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने रेल मंत्रालय को इस ऐतिहासिक रेल लाइन को ग्रीन एनर्जी संचालित रूट में बदलने पर विचार करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने 31 मार्च, 2026 तक हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में अनेक पहल की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश को प्रमाणित ग्रीन एनर्जी स्टेट में बदलने के लिए छः सूत्रीय रणनीति के तहत कार्य कर रही है। सरकार की यह पहल भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। सरकार की रणनीतिक पहल के तहत सतत् एवं अक्षय ऊर्जा का उपयोग कर पर्यावरणीय विकास को बढ़ावा प्रदान कर राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश अपनी वर्तमान 1,500 मिलियन यूनिट थर्मल पावर खपत को हाइड्रो, सौर और पवन ऊर्जा सहित नवीकरणीय स्रोतों से बदलने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में राज्य 13,500 मिलियन यूनिट बिजली की खपत करता है जिसकी एक बड़ी आपूर्ति पहले से ही नवीकरणीय स्रोतों से पूरी होती है। बिजली वितरण तंत्र में 90 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा खपत प्राप्त करने से हिमाचल को देश के पूर्ण रूप से हरित ऊर्जा राज्य के रूप में प्रमाणित किया जा सकेगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है और एक वर्ष के भीतर इस लक्ष्य को हासिल करने की संभावना है। इससे प्रदेश के उद्योगों को ह्यइको मार्कह्न के लिए आवेदन करने की भी अनुमति भी मिल सकेगी, जिससे उनके उत्पादों की मूल्य में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार सौर ऊर्जा उत्पादन पर भी विशेष ध्यान दे रही है, जिसके तहत अगले चार से पांच वर्षों में 2,000 मेगावाट की सौर ऊर्जा के उपयोग का लक्ष्य रखा गया है। पिछले दो वर्षों में सौर ऊर्जा उत्पादन दोगुना हो गया है, जो प्रदेश सरकार की स्वच्छ ऊर्जा स्रोत के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा की विकेन्द्रिकरण पहल के तहत ह्यग्रीन पंचायतह्न योजना शुरू की है। इस योजना के तहत पंचायत स्तर पर 500 किलोवाट क्षमता के ग्रिड से जुड़े ग्राउंड माउंटेड सोलर पावर प्लांट लगाए जा रहे हैं। इसके तहत बिजली की बिक्री से होने वाली आय का उपयोग पर्यावरण अनुकूल और सत्त विकास परियोजनाओं के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य ह्यग्रीन हाइड्रोजनह्न के उत्पादन की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है। ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के सहयोग से इस सुविधा का काम चल रहा है और इस तरह की अन्य सुविधाओं के लिए निजी निवेशकों के साथ विचार-विमर्श किया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में अशांति फैलाने, कांग्रेस कर रही साजिश : किरण सिंह देव




**रायपुर। एजेंसी**

भाजपा ने कांग्रेस पर प्रदेश में भय का वातावरण बनाने का आरोप लगाया है। आज सोमवार को राजधानी रायपुर के भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित एक प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने अपराध का गढ़ बना दिया है, और यह स्थिति प्रदेश की जनता ने खुद देखी है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कांग्रेस के लोगों की कारगुजारियों को सामने रखा है और कहा है कि एक ओर जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वाँ राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। श्री देव ने साफ-साफ लफ्जों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है और फिर उस मुद्दे पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो।

## हिन्दू मंदिर पर खालिस्तान समर्थकों का हमला, श्रद्धालुओं के साथ मारपीट



**ब्रैम्पटन। एजेंसी**

समूची दुनिया में 'मिनी पंजाब' के नाम से मशहूर कनाडा में फिर हिन्दुओं की आस्था पर चोट की गई है। खालिस्तान समर्थकों ने इस बार ब्रैम्पटन में हिन्दू सभा मंदिर को निशाना बनाया है। इन लोगों ने हिन्दू श्रद्धालुओं के साथ जमकर मारपीट की। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हमले की कड़ी निंदा की है। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन के आधिकारिक एक्स हैंडल पर जारी वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि खालिस्तान समर्थक ब्रैम्पटन के हिन्दू सभा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट कर रहे हैं। हिन्दू कैनेडियन फाउंडेशन गैर लाभकारी संगठन है। यह कनाडा में हिन्दू समुदाय के लिए काम करता है। संगठन ने एक्स पर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादियों ने बच्चों और महिलाओं पर हमला किया। ओटावा में भारतीय उच्चायोग का इस घटना पर बयान आया है। उच्चायोग ने कहा कि ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और काउंसुलर कैंप के बाहर भारतविरोधी तत्वों का हिंसक व्यवधान बेहद निराशाजनक है। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं।

## हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर निकालेंगे समाधान: डॉ. मोहन



**भोपाल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश के उमरिया जिले में स्थित प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र में गत दिनों हुई 10 हाथियों की मौत के बाद विंध्य क्षेत्र में चुनौती बन रहे हाथियों के मुद्दे पर मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की सरकारें मिलकर समाधान निकालेंगी। आज शाम छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के मौके पर रायपुर में होने वाले राज्योत्सव में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाथियों के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मोहन यादव ने सोमवार को मीडिया से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के समक्ष एक विषय और रखूंगा। मध्य प्रदेश में हाथी से संबंधित जो आकस्मिक घटनाएं हो रही हैं, उन पर भविष्य में दोनों राज्य मिलकर समन्वय करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री साय के सामने भी यह विषय लाऊंगा कि छत्तीसगढ़ से जब ये हाथी हमारे यहां आते हैं, तो दोनों सरकारें मिलकर फॉरेस्ट का ऐसा तालमेल बनाएं कि ऐसे बडे.जानवरों के बडे.दल आने के कारण से आकस्मिक रूप से जो दूसरी स्थिति बनती है। उससे बचने के लिए हम एक-दूसरे के संपर्क में रहें। मेरी ओर से इस उत्सव के आनंद और भविष्य में होने वाली कठिन चुनौतियों को लेकर हम मिलकर बात करेंगे।

उन्होंने कहा कि मप्र से एक हिस्सा निकल कर छत्तीसगढ़ अलग हुआ है। इस राज्य गठन में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की महत्वपूर्ण भूमिका है। बीच में छत्तीसगढ़ थोड़ा सा समय काफी पिछड़ गया था।

### भाषा की मर्यादा भूल गए हैं शिवपाल: भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर अधिकारियों को देख लेने के पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने सोमवार को कहा कि सपा में स्थान सुरक्षित रखने के लिए शिवपाल अखिलेश की चापलूसी कर रहे हैं। शिवपाल भाषा की मयार्दा और शुचिता भूल कर अधिकारियों को देख लेने की धमकी दे रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने मीडियाकर्मियों से कहा कि 2017 के पहले अखिलेश सरकार का समय सबको याद है। यह भी याद है कि शिवपाल का क्या हश्र हुआ था। कैसे दूध की मक्खी की तरह शिवपाल को बाहर फेंक दिया गया था। सपा कार्यकर्ता चौराहे-चौराहे शिवपाल को दौड़ा रहे थे। शिवपाल को ऐसी बातें करके अपनी पोल नहीं खुलवानी चाहिए। वह मयार्दा भंग न करें।

### बंजार में कार खाई में गिरी, एक की मौत, दो घायल

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के थाना बंजार के अंतर्गत हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई है जबकि कार में सवार अन्य दो लोग व्यक्ति घायल हुए हैं। सड़क हादसा रात के समय हुआ जब कार एच पी 92 - 2814 में सवार दो अन्य व्यक्ति जाओं से चिपनी जा रहे थे। कार जब वरनागी से करीब तीन किलोमीटर आगे पहुंचे तो सामने से आ रहे गाड़ी को पास देते समय कार खाई में गिर गई। हादसे में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां घायल हुए जोगिन्द्र सिंह पुत्र श्री भगवान दास गांव जाओं आरण डाकघर जाओं तहसील आनी जिला कुल्लू को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कार्तिकेयन ने बताया कि पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जबकि घायल शमशेर सिंह उर्फ रवि व चालक अनिल कुमार को चोटें आई हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद आगमी उपचार हेतु क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रैफर किया गया है।

## कुंभ मेला क्षेत्र में गैर हिन्दू के प्रवेश व व्यापार पर हो प्रतिबंध : यतीन्द्रानंद



**हरिद्वार। एजेंसी**

जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर व अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने कहा कि कुंभ मेला सनातन संस्कृति की महानता, विशालता, पौराणिकता, आस्था, श्रद्धा और विश्वास का केंद्र है। इसकी पूर्ण पवित्रता शुभ मुहूर्त, शुभ तिथियां में गंगा स्नान, शुद्ध भाव से सत्संग, यज्ञ, हवन, कथा अनेक प्रकार के वैदिक अनुष्ठान अनेक श्रद्धालु भक्तों के द्वारा कल्पवास के रूप में सघन साधना, तपस्या का वातावरण के कारण इसकी महानता और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि इस पवित्र उत्सव के दौरान कुंभ क्षेत्र में गैर सनातनी के प्रवेश पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध होना चाहिए। उन्होंने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की गैर सनातनी के कुंभ क्षेत्र में प्रवेश निषेध की मांग का समर्थन करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार तथा मेला प्रशासन से संपूर्ण मेला क्षेत्र में किसी भी गैर सनातनी का प्रवेश एवं उसके द्वारा किया जाने वाले किसी भी प्रकार के व्यवसाय को प्रतिबंधित करने की मांग की। किसी भी गैर सनातनी को कुंभ मेला क्षेत्र में व्यापार की अनुमति न दी जाए। इसके साथ ही कुंभ मेला क्षेत्र के व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों पर अपना फोटो अपना, पूर्ण परिचय लगा कर रखने के निर्देश दें। स्वामी महाराज ने कहा कि यदि कुंभ मेला क्षेत्र में गैर सनातनियों को किसी भी प्रकार की व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति दी जाती है।

## जन समस्याओं को नजरअंदाज कर नकरात्मक राजनीति में व्यस्त हैं कांग्रेस-भाजपा: मायावती



**लखनऊ। एजेंसी**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को भाजपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी समेत कई जन समस्याओं पर अपना ध्यान केंद्रित करने की बजाए भाजपा और कांग्रेस ज्यादातार आरोप-प्रत्यारोप की नकरात्मक राजनीति में ही अभी व्यस्त हैं। जिन राज्यों में चुनाव होने हैं, वहां पर इन लोगों ने मिथ्या प्रचारों व वादों की भरमार लगा रखी है। जनता खुली आंखों से देख रही है कि इनके द्वारा किए गये पिछले चुनावी वादों का क्या बुरा हाल हो रहा है।

मायावती ने एक बयान में कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में चाहे कांग्रेस की सरकार हो या फिर भाजपा की, दोनों दलों ने जनता से जो वादे किये थे वो ईमानदारी से नहीं निभाए जा रहे हैं। क्योंकि इनके वादे होते ही लोगों को गुमराह करने व सरकार बन जाने पर उन्हें भुला देने के लिए। यही कारण है कि खासकर हिमांचल प्रदेश, कर्नाटक की कांग्रेस सरकारें वादाखिलाफी का आरोप झेल रही हैं। भाजपा की विभिन्न सरकारें सरकार बन जाने पर जनहित व जनकल्याण के वास्तविक ज्वलंत मुद्दों पर से ध्यान भटकाने के लिए अनेक प्रकार की जुगाड़ की राजनीति करती नजर आती हैं। वे कर्म को धर्म नहीं मानकर धर्म के ही कार्यक्रमों में ज्यादा व्यस्त नजर आती हैं।

बसपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी चुनाव में जनता को गुमराह करने वाला अपना कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है बल्कि करोड़ों, गरीबों, मजलूमों व बेरोजगार लोगों के प्रति ईमानदार कर्म को ही अपना संवैधानिक दायित्व और राजनीतिक धर्म मानकर काम करती है। यूपी में अब तक चार बार रही बसपा सरकार के कार्य दिखते हैं जो अपने आप में मिसाल है। बसपा सरकार ने सरकारी व गैरसरकारी स्तर पर जितने रोजगार मुहैया कराए हैं उतने रोजगार उसके बाद की सपा और भाजपा सरकार मिलकर भी अब तक दे पायी हैं। मायावती ने कहा कि महाराष्ट्र व झारखंड में विधानसभा चुनाव के दौरान लोगों की यह मांग भी शत प्रतिशत जायज है कि उन्हें रेवड़ी नहीं रोजगार चाहिए।

**सम्मानित** गन्ना लाने वाले कृषकों को फूल माला व शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

# गुलरिया ने 2800, कुंभी ने 2500 किसानों को किया 50-50 लाख का गन्ना भुगतान

● आप सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सका है और विकास उद्योग के लिए दोनों आवश्यक है



**लखीमपुर खीरी। एजेंसी**

बलरामपुर चीनी मिल्स लि० यूनिट-गुलरिया चीनी मिल के 18वें गन्ना पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ पूजन अर्चन के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी गणेश प्रसाद साहा, उप गन्ना आयुक्त, परिक्षेत्र-लखनऊ, इकाई प्रमुख योगेश कुमार सिंह की मौजूदगी में सोमवार को हुआ। सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा मिलगेट पर गन्ना लाने वाले कृषक बालिस्टर सिंह, ग्राम चौखडिया तथा ट्रैक्टर ट्राली द्वारा कृषक रणजीत सिंह, ग्राम पकरिया एवं वाह्य क्रयकेन्द्र भूलनपुर- द्वितीय से आये ट्रक का गन्ना सर्वप्रथम चीनी मिल के तौल कांटे पर लाया गया और गन्ना लाने वाले कृषकों को फूल माला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इसके पूर्व आचार्य ऋषिराज तिवारी एवं अयोध्या से आए सचिन देव तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण किये और यजमान यूनिट हेड योगेश कुमार सिंह ने पूजन-अर्चन किया। पेराई सत्र 2023-24 के तहत चीनी मिल में सर्वाधिक क्रमशः गन्ना आपूर्ति करने पर कृषक जगमोहन लाल, संजय कुमार, अनिल कुमार, बृजलाल, राम भरोसे को चेक, कंबल, मिष्ठान सहित अन्य उपहार देकर पुरुस्कृत किया गया। इकाई प्रमुख ने उपस्थित किसानों को अपने सम्बोधन में बताया कि गुलरिया चीनी मिल के इतिहास में किसान भाईयों के हित को ध्यान में रखते हुए पहली बार 04 नवम्बर को पेराई सत्र का शुभारम्भ किया जा रहा है।

यह आप सभी के सहयोग से ही सम्भव हो सका है और विकास उद्योग के लिए दोनों आवश्यक है। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि शरदकाल में उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को0-15023, को0-0118, को0 लख.- 14201 एवं अन्य उन्तशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई अधिक से अधिक क्षेत्रफल में करें। जिले में संचालित बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड ने इस पेराई सत्र में अभिनव पहल कर अपनी दोनों इकाइयों (गुलरिया और कुंभी) में पेराई सत्र की शुरूआत से पूर्व ही 02 एवं 03 नवम्बर में खरीदे गये गन्ने का भुगतान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कम्प्यूटर पर बटन दबाकर सीधा कृषकों के खाते में भेजा।

बलरामपुर समूह की दोनों चीनी मिल गुलरिया एवं कुम्भी द्वारा इस वर्ष पेराई करने से पूर्व इसी वर्ष का एक करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान करने वाली प्रदेश की प्रथम चीनी मिल है। यूनिट गुलरिया में प्रथम दो दिन गन्ना आपूर्ति करने वाले 2800 किसानों और इकाई कुंभी में 2500 किसानों को 50-50 लाख का ऑनलाइन भुगतान किया।

## भरत और राम का मिलन भाईचारे और त्याग का प्रतीक

### भरत मिलाप शोभा यात्रा में निकली आकर्षक झांकियां



**मीरजापुर। एजेंसी**

भैया दूज के अवसर पर परंपरागत भरत मिलाप शोभा यात्रा का आयोजन श्रीबाल भरत मिलाप रामलीला कमेटी की ओर से रविवार की देर शाम किया गया। भरत और राम का यह मिलन भाईचारे और त्याग का प्रतीक है, जो कालांतर से इसी श्रद्धा के साथ मनाया जाता रहा है। श्रीबाल भरत मिलाप रामलीला कमेटी के निर्देशन में दुगार्देवी मोहल्ला से निकली इस शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ माता सीता और हनुमान ने नगरवासियों को दर्शन दिए। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर भगवान श्रीराम को नमन किया। शोभायात्रा दुगार्देवी से आरम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गों तुलसी चौक, बीएलजे रोड, गुड़हट्टी, पानदरीवा, दक्षिण फाटक, त्रिमोहानी, पसरहट्टा, घंटाघर होती हुई दुगार्देवी पहुंचकर संपन्न हुई। देवताओं की आकर्षक झांकियां और कीनाराम की गद्दी विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।

